आज का मौसम
21.0° अधिकतम तापमान
13.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.58
सूर्यास्त 05.15

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

पौष कृष्ण पक्ष दशमी, 06:50 उपरांत एकादशी विक्रम संवत 2082

रविवार, 14 दिसंबर 2025, वर्ष 5, अंक 294, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये




केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह बोले- नक्सलवाद से किसी को फायदा नहीं होता - 12



शुल्क वृद्धि पर मेक्सिको के संपर्क में भारत, विशेष रियायतों की मांग की थी - 12




अमेरिकी सांसदों ने कहा कि भारत पर लागू 50 प्रतिशत शुल्क समाप्त करें ट्रंप - 13



दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टी-20 में गिल की बल्लेबाजी पर होंगी नजरें - 14

# सेना में कमीशन राष्ट्र के प्रति आजीवन कर्तव्य की शुरुआत

- थल सेना प्रमुख, जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने किया आईएमए में पीओपी समारोह को संबोधित
- सैन्य अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर भारतीय सेना के अभिन्न अंग बने 525 अधिकारी

मुख्य संवाददाता, देहरादून



**अमृत विचार:** थल सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने शनिवार को भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) में 157वीं पासिंग आउट परेड (पीओपी) में नव-नियुक्त युवा अधिकारियों के उच्च स्तर के अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और सहनशक्ति की प्रशंसा की। साथ ही उनसे भारतीय सेना की गौरवशाली परंपराओं का निर्वहन करने तथा निष्ठा, प्रतिबद्धता और सम्मान के साथ राष्ट्र सेवा करने का आह्वान किया। जनरल द्विवेदी ने अपने संबोधन में कहा कि सेना में कमीशन प्राप्त करना केवल प्रशिक्षण की समाप्ति नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति आजीवन कर्तव्य और निस्वार्थ सेवा की शुरुआत है। इस दौरान, 157वें रेगुलर कोर्स, 46वें टेक्निकल एंट्री स्कीम, 140वें टेक्निकल ग्रेजुएट कोर्स, 55वें स्पेशल कमीशंड ऑफिसर्स कोर्स और टेरिटोरियल आर्मी ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा 2023 कोर्स के कुल 525 अधिकारी कैडेट्स के साथ-साथ 14 मित्र राष्ट्रों के 34 विदेशी अधिकारी कैडेट्स को कमीशन प्रदान किया गया।

यह कमीशनिंग न केवल भारत के रक्षा नेतृत्व को सुदृढ़ करती है, बल्कि मित्र देशों के साथ दीर्घकालिक सैन्य सहयोग को भी सशक्त बनाती है। इस गरिमामय समारोह के साक्षी गर्वित अभिभावक, परिजन, वरिष्ठ सैन्य अधिकारी तथा अनेक विशिष्ट अतिथि बने।

परेड का समापन पारंपरिक अंतिम पग के साथ हुआ, जब युवा अधिकारी राष्ट्र की संप्रभुता, सम्मान और मूल्यों की रक्षा के संकल्प के साथ आगे बढ़े।

### स्वॉर्ड ऑफ ऑनर एवं स्वर्ण पदक एसीए निश्कल द्विवेदी को

पीओपी में स्वॉर्ड ऑफ ऑनर एवं स्वर्ण पदक (मेरिट में प्रथम) एसीए निश्कल द्विवेदी को प्रदान किया गया और द्वितीय स्थान के लिए रजत पदक बीयूओ बादल यादव तथा तृतीय स्थान के लिए कांस्य पदक एसयूओ कमलजीत सिंह को मिला। इसी तरह टेक्निकल ग्रेजुएट कोर्स में मेरिट में प्रथम स्थान के लिए ऑफिसर कैडेट जाधव सुजीत संपत और टेक्निकल एंट्री स्कीम-46 में प्रथम स्थान के लिए डब्ल्यूसीसी अभिनव मेहरोत्रा को रजत पदक प्रदान किया गया। स्पेशल कमीशन ऑफिसर कोर्स का रजत पदक ऑफिसर कैडेट सुनील कुमार छेत्री को दिया गया। विदेशी कैडेट्स में मेरिट में प्रथम स्थान का पदक बांग्लादेश के जेयूओ मोहम्मद सफीन अशरफ को मिला। ऑटम टर्म 2025 में समग्र रूप से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए इम्फाल कंपनी को थल सेना प्रमुख बैनर प्रदान किया गया।

जोश-साहस-उमंग



देहरादून में शनिवार को भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) में 157वीं पासिंग आउट परेड का आयोजन किया गया। जिसमें भारतीय सेना के अभिन्न अंग बने 525 अधिकारियों ने हिस्सा लिया। समारोह में नव नियुक्त अधिकारियों में जोश, साहस और उमंग नजर आया। ● अमृत विचार




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, मजदूरों का भविष्य और नए श्रम कानून व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

## ब्रीफ न्यूज

### आतंकी संगठनों के 200 से अधिक मददगार हिरासत में

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने शनिवार को घाटी में चलाए गए एक व्यापक अभियान के तहत आतंकी संगठनों के लगभग 200 संदिग्ध मददगारों को हिरासत में लिया। पुलिस ने अन्य सुरक्षा बलों के साथ मिलकर श्रीनगर शहर सहित कश्मीर घाटी के कई इलाकों में आतंकियों के मददगारों के खिलाफ अभियान चलाया और कई स्थानों पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान आतंकियों के लगभग 200 संदिग्ध मददगारों को हिरासत में लिया गया। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार, ये मददगार आतंकवादियों को नकदी, आश्रय और अन्य बुनियादी ढांचा जैसी सहायता प्रदान करते थे।

# भविष्य की पीआर प्रणाली को तेज सक्षम और संवेदनशील बनाना होगा : मुख्यमंत्री

## सीएम धामी ने किया 47वीं ऑल इंडिया पब्लिक रिलेशन कॉन्फ्रेंस-2025 का उद्घाटन

- कहा-पीआर विजन-2047 विकसित भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभाएगा

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आज के समय में पब्लिक रिलेशन केवल सूचना संप्रेषण का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण और प्रभावी अंग बन चुका है। वर्तमान डिजिटल युग में, जहां सूचना की प्रचुरता है। वहीं, गलत सूचना की चुनौती भी गंभीर है। ऐसे में सरकार और जनता के बीच सही, समयबद्ध और भरोसेमंद संवाद स्थापित करना जनसंपर्क की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।

मुख्यमंत्री ने शनिवार को राजधानी में आयोजित 47वीं ऑल इंडिया पब्लिक रिलेशन कॉन्फ्रेंस-2025 का दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया। फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन करने के साथ ही विभिन्न हस्तशिल्प उत्पादों के स्टॉल का निरीक्षण कर स्थानीय कला एवं शिल्प को प्रोत्साहन दिया। देहरादून इस तीन दिवसीय 47वीं ऑल इंडिया पब्लिक रिलेशंस कॉन्फ्रेंस की मेजबानी कर रहा है, जिसमें देशभर के जनसंपर्क एवं कम्युनिकेशन प्रोफेशनल्स भाग ले रहे हैं। पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया (पीआरएसआई) द्वारा आयोजित यह सम्मेलन 'विकसित भारत @2047: विकास भी, विरासत भी' थीम पर केंद्रित है।




पीआरएसआई कॉन्फ्रेंस में डीजी सूचना बंशीधर तिवारी को राष्ट्रीय सम्मान प्रदान करते सीएम धामी।

मुख्यमंत्री ने देशभर से आए जनसंपर्क विशेषज्ञों, प्रतिनिधियों एवं युवा प्रतिभाओं का स्वागत करते हुए कहा कि इस वर्ष की थीम 'पीआर विजन फॉर-2047' विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में अत्यंत प्रासंगिक है। उत्तराखंड जैसे प्राकृतिक आपदाओं एवं सामरिक दृष्टि से संवेदनशील राज्य में संवाद केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि विश्वास की बुनियाद है। आपदा प्रबंधन, सुशासन, धार्मिक एवं पर्यटन प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में भविष्य की पीआर प्रणाली को तेज, तकनीकी रूप से सक्षम और जनभावनाओं के प्रति संवेदनशील बनाना होगा, ताकि सरकार और जनता के बीच आदेश का नहीं बल्कि साझेदारी और विश्वास का संबंध स्थापित हो सके। सीएम ने विश्वास जताया कि पब्लिक रिलेशन संकट के समय एक सक्षम कमांड सेंटर की भूमिका निभाने के साथ-साथ, देश के लिए सकारात्मक नैरेटिव गढ़ने में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। देवभूमि उत्तराखंड से निकला यह विजन विकसित भारत-2047 के निर्माण में सहायक सिद्ध होगा। इस अवसर पर अपर सचिव और सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी को पीआरएसआई द्वारा सुशासन में उत्कृष्टता हेतु राष्ट्रीय सम्मान प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, परमार्थ निकेतन से स्वामी चिदानंद मुनि, अपर सचिव बंशीधर तिवारी, पीआरएसआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजीत पाठक, देहरादून चैप्टर के अध्यक्ष रवि बिजारनिया, रूसी प्रतिनिधि माइकल मस्लोव, दाव्यदेंको यूलिया, अन्ना तलानीना सहित देशभर से आए जनसंपर्क कार्मिक एवं कम्युनिकेशन प्रोफेशनल्स मौजूद रहे।

# कोलकाता में मेसी के कार्यक्रम में तोड़फोड़, आयोजक हिरासत में



कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में तोड़फोड़ करते दर्शक। ● एजेंसी

- मुख्यमंत्री ने माफी मांग दिए जांच के आदेश
- फुटबॉल खिलाड़ी मेसी पहुंचे थे एक इवेंट में
- आयोजकों को वापस करने होंगे टिकट के पैसे

कोलकाता, एजेंसी

महान फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेसी के कार्यक्रम के दौरान शनिवार को यहां साल्ट लेक स्टेडियम में मची अफरा-तफरी कानून-व्यवस्था के बड़े मामले में तब्दील हो गई, जिसमें पुलिस ने कुप्रबंधन के आरोप में मुख्य आयोजक सताद्रु दत्ता को हिरासत में ले लिया, वहीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए और फुटबॉल के इस दिग्गज खिलाड़ी को देखने से वंचित रह गए प्रशंसकों से माफी मांगी।

मेसी का विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन का बहुप्रचारित दौरा 2011 के बाद इस मैदान पर उनकी यह पहली उपस्थिति थी लेकिन यह एक अव्यवस्थित घटना बन गई। प्रशंसकों की भीड़ द्वारा सुरक्षा घेरा तोड़ने, तोड़-फोड़ और पुलिस के हस्तक्षेप से यह आयोजन फीका पड़ गया। इस कार्यक्रम को फुटबॉल के महानतम वैश्विक सितारों में से एक के उत्सव के रूप में प्रचारित किया गया था। मेसी तीन दिनों के भारत दौरे पर है जिसकी शुरुआत कोलकाता से हुई। घटना के बाद राज्य पुलिस के डीजी ने कहा कि सरकार ने जांच के लिए एक कमेटी बनाई है। जो टिकट बिके थे, आयोजकों को वापस करने होंगे।

### 50,000 दर्शक थे मैदान में

विश्व कप विजेता कप्तान मेसी अपने लंबे समय के साथी लुई सुआरेज और अर्जेंटीना के टीम के साथी रोड्रिगो डी पॉल के साथ सुबह करीब 11.30 बजे स्टेडियम पहुंचे। यहां 50,000 दर्शक मौजूद थे। वह आयोजकों, मशहूर हस्तियों और सुरक्षा कर्मियों की भीड़ में घिर गए, जिससे गैलरी में बैठे सामान्य दर्शक एक झलक देखने के लिए तरसते रह गए। कई ने शिकायत की कि वह विशाल स्क्रीनों पर भी साफ दिखाई नहीं दे रहे थे।

# ऐसे लड़कों को सबक जरूरी...कुछ समय जेल में रहने दो : सुप्रीम कोर्ट

- बीएमडब्ल्यू हिट-एंड-रन मामले के आरोपी की जमानत याचिका पर सुनवाई से इनकार कर की टिप्पणी

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने 2024 में मुंबई में बीएमडब्ल्यू कार से टक्कर मारकर फरार होने के मामले में शिवसेना के पूर्व नेता के बेटे मिहिर शाह की जमानत याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया और कहा कि इन लड़कों को सबक सिखाने की जरूरत है। पीठ ने इस बात पर गौर किया कि आरोपी एक अमीर परिवार से ताल्लुक रखता है और उसके पिता राजेश शाह उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना के गुट से जुड़े रहे हैं।

पीठ ने शुक्रवार को जमानत याचिका पर सुनवाई से इनकार करते हुए कहा, उसने अपनी मर्सिडीज कार खड़ी की, बीएमडब्ल्यू कार निकाली, टक्कर मारी और फरार हो गया। उसे कुछ समय अंदर (जेल के) रहने दें। इन लड़कों को सबक सिखाने की जरूरत है। शाह की ओर से पेश वरिष्ठ वकील रेबेका जॉन ने कहा कि हाईकोर्ट ने उन्हें मामले में मुख्य गवाहों के बयान दर्ज होने के बाद जमानत याचिका दायर करने की अनुमति दी थी। हालांकि, कोर्ट का रुख भांपते हुए उन्होंने याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी।



### हाईकोर्ट ने कहा था- हादसे के समय आरोपी नशे में था

शाह ने बॉम्बे हाईकोर्ट के 21 नवंबर के जमानत देने से इनकार करने वाले आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। कोर्ट ने माना था कि हादसे के समय शाह बहुत ज्यादा नशे में था। उसने स्कूटर को टक्कर मारने के बाद भी कार नहीं रोकी और पीड़ित को अपनी गाड़ी के नीचे घसीटता हुआ ले गया। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि घटना के समय और उसके बाद आरोपी का व्यवहार ऐसा नहीं है, जिससे उसे जमानत देने का भरोसा किया जा सके।

# खटीमा में युवक की हत्या के बाद आगजनी, लाठीचार्ज

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** खटीमा के रोडवेज परिसर में दो गुटों के बीच चाकूबाजी में युवक की हत्या के बाद स्थिति हिंसक हो गई। आक्रोशित लोगों ने हत्या आरोपियों की दुकान में आगजनी कर सड़कों पर प्रदर्शन कर जाम लगा दिया। बिगड़े हालात को काबू में लाने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा।

पुलिस ने शनिवार को बताया कि रोडवेज परिसर में शुक्रवार देर रात दो गुटों के बीच चाकूबाजी की घटना में 23 वर्षीय तुषार शर्मा की मौत हो गई थी जबकि दो अन्य गंभीर घायल युवकों को हायर सेंटर रेफर किया गया। तुषार की मौत की सूचना पर उनके परिजनों और स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश फैल गया। शनिवार को एक हिंदुवादी संगठन के नेतृत्व में आक्रोशित लोगों ने रोडवेज परिसर में स्थित हत्या के कथित आरोपियों की दुकान में आग लगा दी जिससे अफरातफरी मच गई। इस घटना के विरोध में आक्रोशित लोगों ने खटीमा के बाजार भी बंद करा दिए और सड़कों पर प्रदर्शन करते हुए जाम लगा दिया। हालात बेकाबू होते देख पुलिस ने सड़क पर बैठे प्रदर्शनकारियों को हटाने के लिए लाठीचार्ज किया, जिससे नगर में माहौल और तनावपूर्ण हो गया। सीओ खटीमा विमल कुमार ने बताया कि, युवक के हत्या आरोपी जल्द ही कानून के शिकंजे में होंगे। शहर में कानून और व्यवस्था की स्थिति नियंत्रण में है। अराजकता फैलाने का प्रयास करने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। (संबंधित पेज-7)



- दो गुटों के बीच चाकूबाजी में गई युवक की जान
- जाम व प्रदर्शन

# दिल्ली-एनसीआर में विकराल हुआ प्रदूषण, ग्रैप-तीन किया गया लागू

- वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने सख्ती बरतने के दिए निर्देश

**नई दिल्ली।** वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने दिल्ली-एनसीआर में तीसरे चरण के तहत सख्त प्रतिबंध शनिवार को लागू किए। जिनमें पांचवी कक्षा तक के विद्यालयों में पढ़ाई हाइब्रिड मोड में कराया जाना और निर्माण एवं विध्वंस कार्यों पर प्रतिबंध लगाया जाना शामिल हैं।

सीएक्यूएम ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी का 24 घंटे का एक्यूआई 349 था, लेकिन हवा की धीमी गति, स्थिर वातावरण, मौसम संबंधी प्रतिकूल स्थितियों और प्रदूषकों के फैलाव की कमी के कारण यह शनिवार सुबह 10 बजे तक बढ़कर 401 हो गया। क्षेत्र में स्थिति को और बिगड़ने से रोकने के लिए सीएक्यूएम ग्रैप उप-समिति ने फैसला किया है। निर्माण कार्यों पर भी रोक रहेगी।

## ईरान ने नोबेल विजेता को किया गिरफ्तार

**दुबई।** ईरान ने नोबेल शांति पुरस्कार विजेता नरगिस मोहम्मदी को गिरफ्तार कर लिया है। उनके समर्थकों ने यह जानकारी दी है। मोहम्मदी के नाम पर स्थापित एक संस्था ने कहा कि उन्हें राजधानी तेहरान से लगभग 680 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में स्थित मशहद में उस समय हिरासत में लिया गया था जब वह एक मानवाधिकार वकील की शोकसभा में भाग लेने गई थीं। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि अधिकारी मोहम्मदी को तुरंत जेल वापस भेजेंगे या नहीं, जहां वह सजा काट रही थीं।



**बदलाव** 19 से संभावित सक्रिय विक्षोभ उत्तर भारत के मैदानी भागों में धुंध हटाएंगे, हिमालयी राज्यों में हिमपात की आस भी जगाएंगे

# अब एक के बाद एक एक्टिव होने जा रहे पश्चिमी विक्षोभ

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** सर्द होते मौसम के बीच पश्चिमी विक्षोभ एक के बाद एक सक्रिय होने जा रहे हैं। हालांकि अभी पहाड़ों पर हिमपात की संभावना नहीं है, अलबत्ता उच्च हिमालयी चोटियों पर हिमपात होगा। 19 दिसंबर को सक्रिय होने जा रहा विक्षोभ उत्तर भारत के मैदानी भागों में छाई धुंध हटाने समेत हिमालयी राज्यों में खासा असर डालेगा।

पश्चिमी विक्षोभ को लेकर इस बार दो बड़ी वजह हैं, जिनमें एक पर्वतीय क्षेत्रों में हिमपात है तो दूसरी, देश की राजधानी दिल्ली समेत उत्तर भारत के कई महानगरों में छाया वायु प्रदूषण है, जो बारिश के धोए बिना छट नहीं सकता। इधर, दो दिन पहले सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ का असर प्रदेश के अधिकांश जिलों में बादलों के रूप में देखने को मिल रहा है, जबकि उत्तरकाशी, चमोली और बागेश्वर में हल्की बारिश की संभावना रविवार तक बने रहने की संभावना मौसम विभाग ने जताई है। मगर इसके बाद 18 व 19 दिसंबर आने वाले पश्चिमी विक्षोभों से मौसम में फेरबदल होने की बड़ी संभावना है। इसका असर 20 दिसंबर के बाद प्रदेश में नजर आएगा।

यह विक्षोभ बारिश व हिमपात भले ही कम करेगा, लेकिन ठंड में अधिक इजाफा कर जाएगा, ऐसा मौसम विभाग का मानना है। दिसंबर के अंत तक आने वाले पश्चिमी विक्षोभों को प्रभावित करने में मददगार साबित हो सकते हैं क्योंकि तब तक तापमान इतने गिर चुके होंगे, जो हिमपात के लिए अनुकूल वातावरण बना जाएंगे। मगर, हिमपात के लिए प्रभावशाली विक्षोभ का होना बेहद जरूरी है। मौसम के जानकारों का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभों का बेसब्री से इंतजार है, जो पहाड़ों में हिमपात करे या न करे, लेकिन मैदानी भागों की वायु गुणवत्ता में सुधार लाने में सहयोग दे जाएगा।



### आने वाले विक्षोभों पर रहेगी पैनी नजर

**नैनीताल :** आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) नैनीताल के वरिष्ठ पर्यावरण वैज्ञानिक डॉ. नरेंद्र सिंह के अनुसार, इस बार पश्चिमी विक्षोभ पर पैनी नजर है, जो कम से कम मैदानी भागों में छाए वायु प्रदूषण को हटाने में मददगार साबित हो सकते हैं। अब तापमान निरंतर गिर रहा है तो पहाड़ों पर दिसंबर के अंत तक बर्फबारी की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है।

# प्रदेश में लें अब स्नो लेपर्ड साइटिंग, हेली स्कीइंग व हिमालयन कार रैली का मजा

## शीतकालीन पर्यटन को मिलेगी नई रफ्तार: मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दिए निर्देश

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में शीतकालीन यात्रा को प्रोत्साहित करने के लिए स्नो लेपर्ड साइटिंग, हेली-स्कीइंग तथा हिमालयन कार रैली को तत्काल शुरू करने के निर्देश दिए। आगामी 20 दिसंबर तक शीतकालीन यात्रा के दृष्टिगत केएमवीएन व जीएमवीएन की सभी व्यवस्थाओं व सुविधाओं को दुरुस्त करने तथा होटल मालिकों के साथ बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए।

शीतकालीन पर्यटन को बढ़ावा देने के संबंध में मुख्यमंत्री शनिवार देर रात सीएम आवास में शासन के वरिष्ठ अधिकारियों एवं सभी जिलों के जिलाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। सीएम ने सभी जिलाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जिलों के प्रमुख पर्यटक स्थलों से संबंधित सड़क, होटल एवं अन्य बुनियादी सुविधाएं पूर्ण रूप से दुरुस्त होनी चाहिए। वे स्वयं सड़क मार्ग से यात्रा कर व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण करेंगे। साथ ही, शीतकालीन यात्रा के प्रोत्साहन से जुड़े विभिन्न हितधारकों के साथ दिल्ली में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित करने के निर्देश भी दिए। जिले की विशिष्ट पहचान के लिए सीएम ने 'वन डिस्ट्रिक्ट-वन फेस्टिवल' के तहत हर जिले में एक-एक भव्य महोत्सव आयोजित करने के निर्देश दिए। साथ ही, राज्य स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय स्तर का भव्य महोत्सव आयोजित किया जाए, जिसमें देश-विदेश से विशिष्ट व्यक्तियों और प्रवासियों को आमंत्रित किया जाएगा। इन आयोजनों में आम जनता की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

- योग, साहसिक पर्यटन और वन्यजीव गतिविधियों से वर्षभर पर्यटन गंतव्य

सीएम ने बागेश्वर में सरयू कॉरिडोर के विकास और गंगोत्री की तर्ज पर सरयू नदी के उद्गम स्थल पर धार्मिक एवं आध्यात्मिक स्थल विकसित करने व बागेश्वर में ट्राउट मछली, कीवी एवं लाल चावल के उत्पादन की व्यापक संभावनाओं को देखते हुए इनके प्रोत्साहन पर गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए। संयुक्त प्रयासों से अंतर्राष्ट्रीय स्तर का भव्य योग महोत्सव आयोजित करने के साथ ही निर्देश दिए कि प्रदेश के सभी प्रमुख धार्मिक प्रयागों एवं घाटों में भव्य आरती आयोजित की जाए तथा नए घाटों का भी विकास किया जाए।



### शीतकालीन पर्यटन को बढ़ावा

शीतकालीन पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राज्य में शीतकालीन चारधाम यात्रा, साहसिक पर्यटन, सांस्कृतिक उत्सव एवं वन्यजीव पर्यटन से संबंधित व्यापक कार्ययोजना लागू की जा रही है। इसमें देश के प्रमुख शहरों में रोड शो, डिजिटल एवं प्रिंट मीडिया अभियान, गद्दी स्थलों से सायंकालीन आरती का लाइव प्रसारण, विशेष टूर पैकेज तथा शीतकाल में होटल-रिसॉर्ट्स को शुल्क में रियायत जैसे प्रस्ताव शामिल हैं।

### लद्दाख मॉडल पर स्नो लेपर्ड टूर

सचिव पर्यटन ने बताया कि राज्य सरकार लद्दाख मॉडल पर स्नो लेपर्ड टूर शुरू करने जा रही है। इसके तहत शीतकाल में गंगोत्री जैसे उच्च हिमालयी क्षेत्रों को नियंत्रित रूप से पर्यटकों के लिए खोला जाएगा तथा उत्तरकाशी स्थित गंगोत्री राष्ट्रीय उद्यान में प्रायोगिक तौर पर हिम तेंदुआ पर्यटन संचालित किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य शीतकालीन पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित करना है।

### कहां-क्या आयोजन

औली, खलिया टॉप, बेदनीधार सहित विभिन्न क्षेत्रों में स्कीइंग, ट्रेकिंग, पैराग्लाइडिंग एवं रैपलिंग जैसे साहसिक आयोजन होंगे। मसूरी, नैनीताल एवं उत्तरकाशी में विंटर कार्निवल, ऋषिकेश में अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव तथा जिम कॉर्बेट, नंधौर एवं गंगोत्री क्षेत्र में वन्यजीव एवं स्नो लेपर्ड पर्यटन गतिविधियां आयोजित होंगी। सरकार का उद्देश्य उत्तराखंड को वर्षभर पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित करना है।

## स्टेट ब्रीफ

### डीएवी कॉलेज में 100 फीट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज

**देहरादून:** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने डीएवी (पीजी) कॉलेज, देहरादून परिसर में 100 फीट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज की स्थापना के लिए विधिवत भूमि पूजन किया। मंत्री जोशी ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज देश की एकता, अखंडता और गौरव का प्रतीक है। युवाओं में राष्ट्रभक्ति और देश के प्रति सम्मान की भावना को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से इस ध्वज की स्थापना की जा रही है। आजादी का अमृत महोत्सव देश के स्वतंत्रता संग्राम और शहीदों के बलिदान को स्मरण करने का अवसर है। बता दें कि, दो वर्ष पूर्व मंत्री जोशी ने ही एक कार्यक्रम में डीएवी कॉलेज परिसर में 100 फीट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज स्थापित करने की घोषणा की थी, जो भूमि पूजन संपन्न कराया गया।

### वंचित गांवों तक भी बिछें नई पेयजल लाइन

**देहरादून:** कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि, श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति की समस्या दूर कर दी जायेगी। इसके लिए जल संस्थान एवं पेयजल निगम को निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं को तय समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। खासकर कण्डारस्यूं-पैठाणी पम्पिंग पेयजल योजना को दो माह के भीतर पूर्ण करने को कहा गया है।

# जन जन की सरकार-जन जन के द्वार अभियान 17 से

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर प्रदेश में 17 दिसम्बर से 45 दिनों तक 'जन जन की सरकार-जन जन के द्वार' अभियान संचालित होगा।

अभियान के दौरान विभिन्न न्याय पंचायतों एवं ग्राम पंचायतों में कैम्प लगाकर आम आदमी से जुड़ी योजनाओं का लाभ जन सामान्य तक उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित होगा। इस अभियान में राजस्व, ग्राम्य विकास, पंचायती राज, कृषि, समाज कल्याण सहित 23 विभाग शामिल रहेंगे। इस संबंध में सभी संबंधित विभागों को स्पष्ट दिशा-निर्देश भी जारी किए गए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के अनुपालन में सचिव सामान्य प्रशासन विनोद कुमार सुमन ने इस संबंध में प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को प्रेषित पत्र में प्रदेश में केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकार की योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार करने एवं जरूरतमंदों लोगों को विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए है।

- राज्य में 45 दिनों तक संचालित होगा यह विशेष अभियान

सचिव सुमन ने बताया यह कार्यक्रम न्याय पंचायत के स्तर पर संचालित होगा तथा वहां पर बहुउद्देशीय शिविर/कैम्प का आयोजन होगा। यदि कोई न्याय पंचायत बहुत बड़ी हो तो उस न्याय पंचायत में दो भागों में गांव को विभक्त करते हुए कार्यक्रम आयोजित होगा।

इस अभियान के दौरान बहुउद्देशीय शिविर/कैम्प में उपस्थित लोगों को केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न प्रकार की योजनाओं की जानकारी दी जाएगी तथा कैम्प में उपस्थित पात्र व्यक्तियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जायेगा। कैम्प के उपरान्त निकट के किसी गांव में सभी अधिकारियों द्वारा भ्रमण किया जायेगा तथा उस गांव के सभी पात्र व्यक्तियों को केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित किये जाने हेतु आवेदन पत्र भराए जाएंगे।

# दिल्ली रैली में राज्य से जाएंगे 15 हजार से ज्यादा कांग्रेसी

संवाददाता, देहरादून

- कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने दी जानकारी



**अमृत विचार:** ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर दिल्ली के रामलीला मैदान में 14 दिसंबर को आयोजित होने जा रही महारैली में भाग लेने के लिए उत्तराखंड के विभिन्न जिलों से कांग्रेस के जत्थे रवाना हो गए हैं।

उत्तराखंड कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने शनिवार को कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि दिल्ली में आयोजित होने जा रही वोट चोर गद्दी छोड़ महारैली ऐतिहासिक होने जा रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की रैली में भाग लेने के लिए कांग्रेसी कार्यकर्ता लगातार प्रस्थान कर रहे हैं। विधानसभा प्रभारियों की रिपोर्ट से यह जानकारी मिली है कि लगभग 15 से 16 हजार कांग्रेसी कार्यकर्ता और नेता दिल्ली स्थित रामलीला मैदान पहुंचेंगे। इसी तरह अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में लोग रैली में प्रतिभाग करने के लिए पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि रामलीला मैदान में रविवार को संख्या बल के हिसाब से ऐतिहासिक रैली आयोजित होने जा रही है। इस रैली का उद्देश्य यह है कि जिस प्रकार केंद्र की सरकार चुनाव आयोग के साथ मिलकर भाजपा के लिए वोटो का इंतजाम कर रही है, उसका आम अवाम के सामने पर्दाफाश किया जाए। निश्चित रूप में कांग्रेस नेता राहुल गांधी का यह आह्वान देश के तमाम लोगों का ध्यान इस और केंद्रित करेगा, कि सरकार आइंदा ऐसे गलत कार्यों से बचे।

# सरकार-जनता के बीच भरोसेमंद संवाद समय की बड़ी जरूरत

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि, आज सरकार और जनता के बीच भरोसेमंद संवाद समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। आपदा प्रबंधन से लेकर पर्यटन तक मजबूत पब्लिक रिलेशन (पीआर) सिस्टम जरूरी है।

मुख्यमंत्री धामी ने शनिवार को राजधानी के एक होटल में आयोजित 47वीं ऑल इंडिया पब्लिक रिलेशन कॉन्फ्रेंस-2025 को संबोधित करते हुए कहा कि, उत्तराखंड राज्य तेज विकास पथ पर अग्रसर है। राज्य की अर्थव्यवस्था और आय में ऐतिहासिक वृद्धि हुई है। उत्तराखंड की नीतियां देश के लिए मॉडल बन रही है। देवभूमि से विकसित भारत-2047 के विजन को नई दिशा मिलेगी। इस सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड का होगा और मातृ शक्ति इस सदी की ध्वजवाहक बनेगी।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में राज्य की विकास यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तराखंड निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। राज्य की अर्थव्यवस्था का आकार वर्ष 2024–25 में लगभग 3.78 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने जा रहा है तथा प्रति व्यक्ति आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। साथ ही राज्य में बजट में अभूतपूर्व बढ़ोतरी और बेरोजगारी दर में ऐतिहासिक कमी आई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, खेल, पेयजल, हवाई एवं रेल कनेक्टिविटी जैसे क्षेत्रों में आधुनिक अवसंरचना का विकास तेज़ी से किया जा रहा है। धार्मिक पर्यटन, वेलनेस, एडवेंचर टूरिज्म, फिल्म शूटिंग एवं वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में उत्तराखंड को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में भी सरकार निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना, दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे, रोपवे परियोजनाएं तथा हवाई अड्डों के विस्तार जैसे कार्य राज्य के विकास को नई गति दे रहे हैं। साथ ही, शीतकालीन यात्रा की पहल के माध्यम से वर्षभर पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने निवेश, उद्योग और स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त करने के लिए किए जा रहे प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से प्राप्त निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने में राज्य को उल्लेखनीय सफलता मिली है। सिंगल विंडो सिस्टम, नई औद्योगिक एवं स्टार्टअप नीतियों से उत्तराखंड निवेश के लिए एक उभरता हुआ केंद्र बनकर सामने आया है। कहा कि एक जनपद–दो उत्पाद, हाउस ऑफ हिमालयाज, मिलेट मिशन, नई पर्यटन एवं फिल्म नीति जैसी योजनाएं स्थानीय आजीविका को मजबूती प्रदान कर रही हैं। राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग्स में उत्तराखंड की उपलब्धियां राज्य के पारदर्शी, प्रभावी और जनभागीदारी आधारित शासन का प्रमाण हैं। राज्य सरकार विकास के साथ-साथ सांस्कृतिक मूल्यों, जनसंख्या संतुलन और सामाजिक संरचना के संरक्षण के लिए भी पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उत्तराखंड की नीतियां और नवाचार आज देश के अन्य राज्यों के लिए आदर्श बन रहे हैं और विकसित भारत–2047 की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।



ऑल इंडिया पब्लिक रिलेशन कॉन्फ्रेंस के दौरान परिसर में उत्तराखंड के स्थानीय उत्पाद का अवलोकन करते मुख्यमंत्री धामी।

### देहरादून कर रहा कॉन्फ्रेंस की मेजबानी

तीन दिवसीय 47वीं ऑल इंडिया पब्लिक रिलेशंस कॉन्फ्रेंस की मेज़बानी देहरादून कर रहा है, जिसमें देशभर के जनसंपर्क एवं कम्युनिकेशन प्रोफेशनल्स भाग ले रहे हैं। पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया (पीआरएसआई) द्वारा आयोजित यह सम्मेलन विकसित 'भारत 2047 : विकास भी, विरासत भी' थीम पर केंद्रित है। इस आयोजन में उत्तराखंड की 25 वर्ष की विकास यात्रा, मीडिया व जनसंपर्क की भूमिका, तकनीक, जीएसटी, एआई, साइबर क्राइम, मिसइन्फॉर्मेशन और अंतर्राष्ट्रीय जनसंपर्क जैसे विषयों पर विशेषज्ञ सत्र आयोजित होंगे। रूस से आए प्रतिनिधियों की सहभागिता सम्मेलन को अंतर्राष्ट्रीय स्वरूप देगी। 15 दिसंबर को सम्मेलन का समापन होगा।

# वन वोट-वन बार नियम, देंगे शपथ पत्र

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट बार एसोसियशन के चुनाव में मतदान के लिए इस वर्ष 1779 अधिवक्ताओं की मतदाता सूची बनी है, जो अब तक हुए चुनावों में सबसे अधिक है। कल हाईकोर्ट बार एसोसियशन की नई कार्यकारिणी के लिए मतदान होगा और प्रत्येक अधिवक्ता को वन वोट-वन बार नियम का पालन करने के लिए मतदान पूर्व चुनाव अधिकारी को शपथ पत्र देना होगा।

शनिवार को बार सभाकक्ष में पत्रकार वार्ता में मुख्य चुनाव अधिकारी कुर्बान अली ने कहा कि यदि किसी अधिवक्ता के खिलाफ दो बार एसोसिएशनों में मतदान करने की शिकायत मिलती है तो उसकी सूचना बार काउंसिल ऑफ इंडिया को भेजी जाएगी। इस नियम का उल्लंघन करने पर 3 साल के लिए अधिवक्ता लाइसेंस निलम्बित करने का प्रावधान है। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद के लिए अंजली भार्गव, डीसीएस रावत, डीके जोशी, मनीषा भंडारी, महासचिव पद के लिए अक्षय लटवाल, भूपेंद्र कोरंगा, सौरभ अधिकारी चुनावी मुकाबले में हैं। 15 दिसम्बर को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान होगा। मतदान समय से संपन्न हुआ तो सोमवार शाम ही लेकिन मतदान देर तक चलने पर मतगणना मंगलवार को होगी। इस दौरान, सलाहकार रवीन्द्र सिंह बिष्ट, कमलेश तिवारी, राजेश जोशी, भास्कर जोशी, एसएस चौधरी, डीएस बनकोटी, कौशल साह जगाती, मनीष बिष्ट, सूर्यकान्त मैठाणी, तपन सिंह, विकास उनियाल, मीनाक्षी शर्मा, राघव सिंघल, शीतल सेलवाल आदि मौजूद रहे।

- इस वर्ष 1779 अधिवक्ता मतदाता, शिकायत पर सस्पेंड होगा लाइसेंस

# बहादराबाद पुलिस ने दस हजारी गैंगस्टर दबोचा

**हरिद्वार:** थाना बहादराबाद पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित दस हजार रुपये के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष बहादराबाद अंकुर शर्मा ने बताया कि कोतवाली ज्वालापुर में आरोपी नईम पुत्र अब्दुल रज्जाक निवासी थाना नागल, सहारनपुर के खिलाफ दर्ज गैंगस्टर के केस की विवेचना थानाध्यक्ष बहादराबाद द्वारा सम्पादित की जा रही है। आरोपी नईम गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार फरार चल रहा था व अपने ठिकाने बदल रहा था। एसएसपी हरिद्वार ने उसकी गिरफ्तारी पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। आरोपी को कस्बा नागल, सहारनपुर से गिरफ्तार किया गया है।

# दून अस्पताल में प्रदर्शन, हंगामा

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** दून अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं में सुधार की मांग को लेकर राज्य आंदोलनकारियों ने शनिवार को अस्पताल के ओपीडी भवन के सामने प्रदर्शन किया। उन्होंने जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भी सौंपा।

उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी मंच से जुड़े आंदोलकारियों ने कहा कि, राज्य गठन के 25 वर्षों बाद भी प्रदेश की चिकित्सा व्यवस्था दुरुस्त नहीं हो पा रही है। पहाड़ों के अस्पताल मात्र रेफर केंद्र बनकर रह गए हैं।

ऐसी बदहाल स्थिति देहरादून के दून अस्पताल की भी है, जब दून मेडिकल कॉलेज केवल जिला अस्पताल था तब यहां लगभग सारी सुविधाएं उपलब्ध हुआ करती थी और सभी डॉक्टरों की मौजूदगी बनी रहा करती थी लेकिन दून मेडिकल कॉलेज मे परिवर्तित किए जाने के बाद से यहां की व्यवस्थाएं पूरी तरह से लड़खड़ा गई है। मंच के जिला अध्यक्ष प्रदीप कुकरेती ने आरोप लगाया कि, मेडिकल कॉलेज के अस्पताल में आवश्यक संसाधनों और साफ सफाई का अभाव बना रहता है। कई बार ओपीडी और इमरजेंसी में अराजकता का माहौल बन जाता है जिससे मरीजों और डॉक्टरों में आपसी विवाद की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। अस्पताल प्रशासन ने वार्डों की कमियों को अभी तक दूर नहीं किया है।




आगाज | मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने की शुरुआत, कहा–सरकार किसानों के उत्थान व समृद्धि को संकल्पित

# समृद्धि से भरपूर भविष्य : महक क्रांति नीति शुरू

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को सगन्ध पौधा केन्द्र, सेलाकुई में उत्तराखंड महक क्रांति नीति-2026-36 का शुभारम्भ किया। उन्होंने सेटेलाइट सेन्टर भाऊवाला का लोकार्पण एवं सगन्ध पौधा केन्द्र, सेलाकुई स्थित ए.एम.एस (सी-14) प्रयोगशाला का भी शिलान्यास किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 5 सेटेलाइट सेन्टरों का भी शिलान्यास किया। यह सेटेलाइट सेंटर परसारी (चमोली), रैथल (उत्तरकाशी), भैसोड़ी (अल्मोड़ा), खतेड़ा (चम्पावत) एवं विषाड (पिथौरागढ़) में स्थापित किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड महक क्रांति नीति के शुभारंभ को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इस नीति के अंतर्गत 7 एरोमा वैलियों को विकसित करने की शुरुआत होगी। प्रथम चरण में पिथौरागढ़ में तिमूर वैली, चमोली एवं अल्मोड़ा में डैमस्क रोज वैली, ऊधमसिंह नगर में मिन्ट वैली, चम्पावत और नैनीताल में सिनेमन वैली तथा हरिद्वार और पौड़ी में लेमनग्रास एवं मिन्ट वैली विकसित की जाएगी।

इस नीति के अंतर्गत पौधशाला विकास सहयोग, खेती हेतु अनुदान, प्रशिक्षण एवं क्षमता-विकास, फसल बीमा, तथा पैकेजिंग और ब्रांडिंग जैसी आवश्यकताओं की व्यवस्था की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि नीति के अंतर्गत राज्य में लगभग 23 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सुगंधित फसलों की खेती को विकसित कर करीब 1 लाख किसानों को जोड़ने का लक्ष्य रखा है। आगामी दस वर्षों में राज्य में सुगंधित फसलों की खेती के टर्नओवर को सौ करोड़ रुपये से बढ़ाकर लगभग 1200 करोड़ रुपये तक पहुंचाने में सफलता मिलेगी जिससे किसानों के साथ राज्य की आय में अभूतपूर्व वृद्धि होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार, प्रदेश के किसानों के उत्थान एवं समृद्धि हेतु संकल्पित होकर निरंतर कार्य कर रही है। प्रदेश में किसानों को 3 लाख रूपये तक का ऋण बिना ब्याज के उपलब्ध कराया जा रहा है। कृषि उपकरण खरीदने के लिए फार्म मशीनरी बैंक योजना के माध्यम से 80 प्रतिशत तक की सब्सिडी भी प्रदान की जा रही है। राज्य में गेहूं खरीद पर किसानों को 20 रुपये प्रति क्विंटल का बोनस प्रदान रहे हैं। गन्ने के रेट में भी 30 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोत्तरी की गई है। किसानों के हित में नहरों से सिंचाई को पूरी तरह मुफ्त करने का काम किया है।




उत्तराखंड महक क्रांति नीति–2026–36 का शुभारंभ करते मुख्यमंत्री धामी।

**23** हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सुगंधित फसलों की होगी खेती

**01** लाख किसानों को जोड़ने का है लक्ष्य आगामी वर्षों में

### एमओयू पर हुए हस्ताक्षर

इस दौरान सुगंध पौधा केन्द्र और डाबर इंडिया लिमिटेड के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर हुए। इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य विस्तार, अनुसंधान एवं विकास, मानव संसाधन विकास, मार्केटिंग आदि के क्षेत्र में कैप और डाबर के बीच सहयोग के लिए एक रूपरेखा तैयार करना है। निदेशक कैप नृपेन्द्र सिंह चौहान और डाबर के अधिशासी निदेशक डॉ. सौरभ लाल मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कैप के फाउंडर वैज्ञानिकों एवं लेमनग्रास–तुलसी की खेती करने वाले किसानों को भी सम्मानित किया। इस दौरान कृषि मंत्री गणेश जोशी भी मौजूद रहे।

सिटी ब्रीफ

### देवप्रयाग सोल्यूशन के बेसमेंट में लगी आग

**हल्द्वानी :** रामपुर रोड स्थित एसकेएम स्कूल के निकट स्थित एग्जाम सेंटर देवप्रयाग सोल्यूशन के बेसमेंट में शनिवार की सुबह अचानक आग लग गई। सूचना पर पहुंचे फायर कर्मियों ने दमकल के जरिए आग पर काबू पाया। अग्निशमन अधिकारी मिन्दर पाल सिंह ने बताया कि सेंटर के बेसमेंट में आग लगने की सूचना आई थी। इस घटना में बेसमेंट में रखी बैटरी के साथ ही कुछ फाइलें और इलेक्ट्रानिक सामान जलकर राख हो गया। आग लगने के कारण पता नहीं चल सका। आधा घंटा में आग पर काबू पा लिया गया। कोई जन हानि नहीं है।

### दो बच्चों की मां संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**हल्द्वानी :** मुखानी थाना क्षेत्र में रहने वाली दो बच्चों की मां लापता हो गई। पुलिस को दी तहरीर में लापता महिला के बेटे ने लिखा है कि उसकी मां बीती 25 नवंबर को घर से निकली थीं और फिर लौट कर नहीं आई। उनकी तलाश कर हारे परिजनों ने जब घर में छानबीन की तो पता लगा कि घर में रखे जेवर और नगदी गायब हैं। मुखानी थानाध्यक्ष सुशील जोशी ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर महिला की तलाश की जा रही है।

### होटलों में ठगी करने का आरोपी गिरफ्तार

**हल्द्वानी :** चोरगलिया पुलिस ने भवाली के एक होटल में चोरी करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने बताया कि शुक्रवार देर रात उनके मोबाइल पर संदिग्ध व्यक्ति के बारे में सूचना मिली। इस पर उन्होंने सभी थानों को अलर्ट कर दिया। थाना चोरगलिया पुलिस ने संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पता चला कि आरोपी कैलाश चन्द्र तिवारी निवासी ग्राम सीलगवाड़ी, पोस्ट लखनी, थाना कौसानी, जिला बागेश्वर के विरुद्ध थाना भवाली में वर्ष 2023 में चोरी का मामला दर्ज है। आरोपी ने रामगढ़ तिराहा, भवाली स्थित एक होटल में मैनेजर रहते हुए 1,20 लाख रुपये नकद, होटल के चेक अपने खाते में आहरित कर लिए तथा होटल कर्मी की स्कूटी लेकर फरार हो गया। आरोपी के खिलाफ होटल स्वामी नीरज कुमार (नोएडा, उत्तर प्रदेश) की तहरीर पर थाना भवाली में मामला दर्ज कराया गया था। आरोपी ने स्वीकार किया कि वह अलग-अलग स्थानों पर होटल में काम करता है और ठगी कर फरार हो जाता है। वर्तमान में वह चोरगलिया स्थित एक होटल में कार्यरत था। आरोपी रानीखेत, द्वाराहाट में भी ठगी कर चुका है। उसके खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# मौसम बदला, बारिश बर्फबारी की संभावना

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** सर्दियों के मौसम में इस बार बारिश और बर्फबारी न के बराबर देखने को मिल रही है। जिस वजह से उच्च हिमालयी क्षेत्रों में भी इसका असर दिख रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून ने एक बार फिर से उत्तराखंड में बारिश और बर्फबारी का अनुमान जारी किया है। हालांकि, पिछली बार यह अनुमान गलत साबित हुआ था।

मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार राज्य के उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली और बागेश्वर जिलों में कहीं-कहीं बहुत हल्की बारिश होने की संभावना है और साथ ही 3700 मीटर से ज्यादा ऊंचाई वाले स्थानों जैसे बद्रीनाथ, केदारनाथ, तुंगनाथ, पिंडारी आदि में बर्फबारी होने की संभावना है। बाकी राज्य के सभी जिलों में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। एक सप्ताह पहले भी राज्य में बारिश और बर्फबारी का अनुमान था जो गलत साबित हुआ है। इधर हल्द्वानी में दिन के समय चटक धूप निकल रही है और लोग दोपहर के समय धूप का आनंद ले रहे हैं। रात में तापमान में गिरावट आ रही है। शहर का अधिकतम तापमान 26 डिग्री व न्यूनतम तापमान 6.2 डिग्री दर्ज किया गया है। पर्वतीय क्षेत्र मुक्तेश्वर में अधिकतम तापमान सामान्य से ज्यादा चल रहा है। दिन के समय अधिकतम तापमान 16.9 डिग्री और न्यूनतम तापमान 4.5 डिग्री दर्ज किया गया है।

## स्कॉर्पियो की टक्कर से कबाड़ी घायल

**हल्द्वानी :** रामपुर रोड पर तेज रफ्तार स्कॉर्पियो सवार ने एक कबाड़ी को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में वह बुरी तरह घायल हुआ। स्कॉर्पियो सवार ने ही घायल कबाड़ी को अस्पताल में भर्ती कराया। गफूर बस्ती वार्ड 24 निवासी 37 वर्षीय कमर हुसैन पेशे से कबाड़ी हैं और ठेके के साथ फेरी लगाकर कबाड़ खरीदते हैं। बताया जाता है कि शनिवार को वह फेरी लगाने के लिए रामपुर रोड की ओर निकले थे। एक दैनिक अखबार के बाहर पीछे से आई तेज रफ्तार स्कॉर्पियो सवार ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। ठेला क्षतिग्रस्त हो गया और कमर घायल हो गए। स्कॉर्पियो सवार ने आनन-फानन उन्हें डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय पहुंचाया। साथ ही वादा किया कि वह कमर के इलाज का सारा खर्च उठाएगा।

आठ माह में 461 बच्चों का 108 एंबुलेंस में जन्म, राज्य में संचालित हो रही 272 एंबुलेंस

# हर दिन एम्बुलेंस में जन्म ले रहे दो बच्चे

नरेन्द्र देव सिंह, हल्द्वानी



**अमृत विचारः** 108 एम्बुलेंस सेवा स्वास्थ्य सेवाओं में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहीं हैं। दुर्गम क्षेत्रों के मरीजों, गर्भवतियों को एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाने में काफी मदद मिलती है। राज्य में आठ माह के अंदर 461 बच्चों का जन्म एम्बुलेंस में हुआ है। करीब हर दिन एक बच्चे का जन्म एम्बुलेंस में हो रहा है।

उत्तराखंड आर्थिक सर्वेक्षण की पिछली रिपोर्ट के अनुसार राज्य में आपातकालीन सेवा के अंतर्गत कुल 272 एम्बुलेंस चलती हैं। इनमें 54 एएलएम और 217 बीएलएस श्रेणी की एम्बुलेंस हैं। साथ ही एक बोट एम्बुलेंस का भी संचालन होता है। रिपोर्ट में उल्लेख है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में माह नवंबर (2024) तक यानी कुल आठ माह में कुल 461 बच्चों का जन्म इन एम्बुलेंसों में हुआ है। करीब 240 दिनों में 461 बच्चों का जन्म सरकारी एम्बुलेंस में हुआ है। औसतन देखा जाए तो करीब दो बच्चों का प्रतिदिन सरकारी एम्बुलेंस में हो रहा है। यह तथ्य यह भी दर्शाता है कि पर्वतीय राज्य होने की वजह से अधिकांश गांवों की दूरी प्रसव केंद्रों से काफी ज्यादा है। इसके अलावा आठ माह के अंदर 96028 लाभार्थियों को 108 एम्बुलेंस से सेवा दी गई है।

### 32772 जच्चा-बच्चा को पहुंचाया घर

**हल्द्वानी :** सरकारी एम्बुलेंस सेवा से गर्भवतियों को काफी राहत मिल रही है। रिपोर्ट के अनुसार आठ माह के ही अंदर 32772 गर्भवती महिलाओं को प्रसव के बाद नवजात शिशुओं के साथ खुशियों की सवारी से घर पहुंचाया गया है। 13387 गर्भवती महिलाओं को इन एम्बुलेंस के माध्यम से अल्ट्रासाउंड केंद्र तक भी पहुंचाया गया है।

इनमें 26974 गर्भवती भी शामिल हैं। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं के 7978 मामलों में भी 108 एम्बुलेंस मदद करने पहुंची है।

# हीरानगर में अतिक्रमण हटाने गई नगर निगम की जेसीबी पर पथराव

## राजस्व विभाग की इस भूमि पर नगर निगम की ओर से प्रस्तावित है शौचालय निर्माण

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** हीरा नगर में राजस्व की भूमि से अतिक्रमण हटाने गई नगर निगम की जेसीबी पर पथराव हो गया। इसके बाद राजस्व व नगर निगम की टीम बैरंग लौट गई। बाद में नगर निगम की ओर पुलिस को तहरीर सौंप कर पथराव करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

हीरा नगर में नहर कवरिंग रोड पर राजस्व की भूमि है। इस भूमि पर अवैध ढंग से फास्ट फूड व चिकन की खोखे लगे हुए हैं। बताया जा रहा है कि शनिवार को नगर निगम, राजस्व की एक संयुक्त टीम जेसीबी लेकर मौके पर पहुंची। दरअसल, यहां अतिक्रमण हटाकर नगर निगम की ओर से सार्वजनिक शौचालय बनाया जाना है। इसी को लेकर संयुक्त टीम अतिक्रमण हटाने गई थी। आरोप है कि जैसे ही टीम अतिक्रमण हटाने के लिए पहुंची और जेसीबी आगे बढ़ी वैसे ही लोग पहुंच गए और विरोध शुरू कर दिया। इस बीच कांग्रेस की एक महिला नेत्री भी पहुंच गई और उनकी कर्मियों से तीखी बहस हो गई। उन्होंने नगर निगम पर बिना किसी नोटिस और पूर्व सूचना के जबरन दुकानें ध्वस्तीकरण का आरोप लगाया। साथ ही कहा कि इस तरफ ही कई स्थानों पर भूमि है, जहां शौचालय बनाया जा सकता है। ऐसे में कमजोर वर्ग के लोगों का रोजगार छीनना उचित नहीं है। फिलहाल अतिक्रण हटाने को लेकर दोनों में तीखी झड़प हो गई। आरोप है कि नेत्री ने जेसीबी पर पथराव कर दिया जिसमें जेसीबी का शीशा टूट गया। हालात बिगड़ते देख अतिक्रमण तोड़ने गई टीम बैरंग लौट आई। बाद में मामला उच्च अधिकारियों तक पहुंचा। जेसीबी चालक ने पुलिस को तहरीर सौंपकर नेत्री व अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।



हीरा नगर में अतिक्रमण तोड़ने पहुंची नगर निगम की टीम।

● नगर निगम ने पथराव करवे वालों के खिलाफ सौंपी तहरीर



हीरा नगर में राजस्व की भूमि है, जिस पर अतिक्रमण हटाना है। शनिवार को राजस्व व नगर निगम की संयुक्त टीम अतिक्रमण हटाने गई थी जहां जेसीबी पर पत्थर मारा गया। फिलहाल अतिक्रमण नहीं हटाया गया है, इस घटना की तहरीर पुलिस को सौंप दी गई है।
**-परितोष वर्मा**, नगर आयुक्त नगर निगम

नगर निगम ने इस प्रकरण में तहरीर सौंपी है, प्रकरण की जांच कर जल्द ही मुकदमा दर्ज किया जाएगा।
**-विजय सिंह मेहता**, कोतवाल हल्द्वानी



हीरानगर में अतिक्रमण तोड़ने गई जेसीबी का लोगों ने तोड़ा शीशा।

# विवेक ने पिता की तबीयत खराब बताकर अपने दोस्त से मांगी थी कार

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचारः** कालाढूंगी-बाजपुर हाईवे पर हुए सड़क हादसे में घायल विवेक ने अपने दोस्त से पिता की तबीयत खराब होने का बहाना बनाकर कार मांगी थी और जीजा के परिवार के साथ नैनीताल घूमने निकल गया था। हादसे की सूचना जब शुक्रवार सुबह कार मालिक को नैनीताल पुलिस से मिली, तो उसके होश उड़ गए।

सिहानी निवासी कार मालिक बिट्टू ने बताया कि उन्होंने करीब आठ महीने पहले टाटा टियागो कार खरीदी थी। वीरवार रात करीब साढ़े 11 बजे उनके पड़ोस में रहने वाले दोस्त विवेक का फोन आया, जिसमें उसने बताया कि उसके पिता की तबीयत खराब है और उन्हें अस्पताल ले जाना है। आपात स्थिति समझकर उन्होंने बिना संदेह कार दे दी।

लेकिन विवेक कार लेकर जीजा-साले और पूरे परिवार के साथ नैनीताल घूमने निकल पड़ा। शुक्रवार सुबह कालाढूंगी-बाजपुर हाईवे पर कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना में कार सवार जीजा-साले की मौके पर मौत हो गई, जबकि दो मासूम बच्चों ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे में तीन अन्य लोग घायल हो गए। बताया गया कि कार में दो बच्चों समेत कुल सात लोग सवार थे।

### पहले से था सरोवर नगरी घूमने का प्लान

**कालाढूंगी :** जिस प्रकार झूठ बोलकर कार मांगी गई, उससे प्रतीत होता है कि जीजा-साले और पूरे परिवार का नैनीताल घूमने का प्लान पहले से ही सुनियोजित था। आशंका जताई जा रही है कि वे कई दिनों से इस यात्रा की योजना बना रहे थे, लेकिन उन्हें क्या पता था कि यह सफर चार जिंदगियों पर भारी पड़ जाएगा। परिजनों का मानना है कि झूठ बोलकर कार मिलने के बाद सभी ने शुक्रवार रात ही नैनीताल घूमकर कार लौटाने का प्लान बनाया होगा। इसी जल्दबाजी में चालक ने तेज गति से वाहन चलाया, ताकि समय पर वापस लौटा जा सके। माना जा रहा है कि इसी हड़बड़ी के कारण यह दर्दनाक हादसा हुआ।

### कालाढूंगी-बाजपुर हाईवे पर हादसे के घायलों को गाजियाबाद ले गये परिजन

**कालाढूंगी :** कालाढूंगी-बाजपुर हाईवे पर शुक्रवार को हुए सड़क हादसे में घायल लोगों को परिजन उपचार के लिए गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) ले गए। परिजन पोस्टमार्टम के बाद मृतकों के शवों को भी अपने साथ ले गए। जानकारी के अनुसार, गुरुवार को प्रदीप यादव अपने एक दोस्त की कार से पूरे परिवार के साथ नैनीताल घूमने और बाबा नीम करौली के दर्शन के लिए निकले थे। शुक्रवार सुबह बाजपुर-कालाढूंगी हाईवे पर गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) के पर्यटकों की कार सिहानी के पास अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में प्रदीप यादव और उनके साले राहुल यादव की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उपचार के दौरान प्रदीप की तीन वर्षीय बेटी अनुसुईया उर्फ परी और डेढ़ वर्षीय मासूम किट्टू ने भी दम तोड़ दिया। शनिवार को हादसे में घायल प्रदीप की पत्नी ज्योति, राहुल और विवेक को परिजन बेहतर उपचार के लिए गाजियाबाद ले गए। पुलिस के अनुसार दुर्घटना का कारण चालक को नींद की झपकी आना बताया जा रहा है। वहीं घायलों ने बताया कि हादसे के समय कार प्रदीप यादव चला रहे थे। परिजनों के अनुसार, वीरवार रात करीब 11 बजे सभी लोग नैनीताल घूमने और बाबा नीम करौली के दर्शन के लिए घर से निकले थे। रातभर ड्राइव करने के दौरान शुक्रवार सुबह बाजपुर-कालाढूंगी हाईवे पर गडप्पू पुलिस चौकी से करीब दो किमी पहले कार अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। इस संबंध में एसआई जयवीर सिंह ने बताया कि घायलों को परिजन घर ले गए हैं। प्रथम दृष्टया दुर्घटना का कारण नींद की झपकी आना प्रतीत हो रहा है।

# डीएम ने दो को गुंडा एक्ट लगाकर किया जिला बदर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** डीएम ललित मोहन रयाल ने जनपद नैनीताल में कानून व्यवस्था को लेकर समीक्षा की। उन्होंने गुंडा एक्ट में पुलिस जांच एवं वर्तमान हालातों के आधार पर आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई को निरस्त कर दिया जबकि दो को जिला बदर किया है। इन्हें छह माह के लिए गुंडा घोषित करते हुए जिले से बाहर रहने के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यह निर्णय तथ्यों, पुलिस आख्या और वर्तमान परिस्थितियों के आकलन के बाद लिया गया है ताकि जनपद में शांति व्यवस्था बनी रहे और कानून का प्रभावी अनुपालन किया जा सके।

### इन पर निरस्त हुई गुंडा एक्ट की कार्यवाही

● शाहरुख पुत्र मोहम्मद सलीम थाना बनभूलपुरा, सब्जी बेचकर आजीविका चला रहा है। ● विजय शर्मा थाना रामनगर वर्तमान में अवांछित गतिविधि में संलिप्त नहीं पाया गया है। ● लखन भोला थाना बनभूलपुरा, पत्नी व बच्चों के साथ हरिद्वार में रह रहा है। ● विनायक पुत्र अनिल कुमार थाना रामनगर वर्तमान में उसका चाल-चलन सामान्य है। ● आशु श्रीवास्तव पुत्र श्याम श्रीवास्तव थाना रामनगर वर्तमान में शांत है। ● अमन गुप्ता पुत्र सीताराम थाना लालकुआं मजदूरी कर जीवनयापन कर रहा है।

# नैनीताल रोड पर डिवाइडर से टकराई तेज रफ्तार स्कूटी, एक की मौत, साथी घायल

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** दोस्तों के साथ सैर-सपाटा कर लौट रहा स्कूटी सवार युवक हादसे का शिकार हो गया। शुक्रवार रात तेज रफ्तार स्कूटी डिवाइडर से टकरा गई। स्कूटी सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरा घायल हो गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मंडी गेट बरेली रोड शिवम पटेल (24 वर्ष) मूल रूप से फतेहपुर उत्तर प्रदेश का रहने वाला था। पिछले कई वर्षों से वह शहर में रह रहा था। बताया जाता है कि कुछ समय पहले तक वह एक आढ़त में काम करता था। शुक्रवार को वह अपने कुछ दोस्तों के साथ घूमने के लिए काठगोदाम की ओर गया था। रात करीब 12 बजे शिवम अपने एक दोस्त के साथ स्कूटी पर सवार होकर घर की ओर वापस आ रहा था। वह अभी नैनीताल रोड पर बृजलाल हॉस्पिटल के सामने ही पहुंचा था कि तभी उसकी स्कूटी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में शिवम के सिर पर गंभीर चोट आई। आनन-फानन में उसे एक निजी अस्पताल ले जाया गया। हालत नाजुक होने पर उसे डॉ.सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय रेफर कर दिया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। साथ ही घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

### रामनगर में स्कूटी से गिरकर ग्रामीण की मौत

**रामनगर :** रामनगर में एक ग्रामीण की स्कूटी अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे गिर गई। हादसे में ग्रामीण की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार बीते शुक्रवार की शाम राजेन्द्र सिंह अधिकारी पुत्र हरि सिंह अधिकारी निवासी ढेला रामनगर उम्र 46 उम्र रामनगर से स्कूटी में आ रहे थे। बताया कि रास्ते में स्कूटी अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे गिर गई। हादसे में राजेन्द्र गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया कि आस पास के लोगों की मदद से घायल को अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों की टीम ने मृतक घोषित कर दिया। बताया कि मृतक किसान था। शव का पीएम करा कर परिजनों को सौंप दिया।

# कालू सिद्ध मंदिर में चोरी मुकदमा 6 दिन बाद दर्ज

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

● कोतवाली में दर्ज हुए मुकदमे में नहीं है मंदिर के चोरी हुए मुकुट का जिक्र

● मंदिर के व्यवस्थापक महंत निरंजन गिरी ने दर्ज कराया है मुकदमा

**अमृत विचार :** कालू सिद्ध मंदिर में हुई चोरी की घटना के छह दिन बाद कोतवाली पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मुकदमे में उन वस्तुओं और धातुओं का जिक्र नहीं है, जिसका पहले चोरी होना बताया जा रहा है। दरअसल, मंदिर के व्यवस्थापक महंत निरंजन गिरी ने ही पुलिस को दी तहरीर में चोरी गए सामान का जिक्र नहीं किया है।

महंत के मुताबिक, बीती 7 दिसंबर की रात करीब साढ़े 12 बजे मंदिर में चोरी की गई थी। चोरी करने वाला ताला तोड़ कर मंदिर में दाखिल हुआ था और यह पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी में कैद हो गई थी। तब यह दावा किया गया था कि चोर मंदिर से चांदी का दो किग्रा वजनी मुकुट, पुरानी मुद्राएं, मूल्यवान धातु के बर्तन व अन्य सामान ले गया था। हालांकि दर्ज मुकदमे में ऐसा कोई जिक्र नहीं है। कोतवाल विजय मेहता का कहना है कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जल्द ही चोर को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

उदासीनता

वर्ष 2024-25 राज्य में 24,913 सीएससी पंजीकृत, क्रियाशील हैं मात्र 11,965 केन्द्र

# राज्य में सीएससी की संख्या बढ़ी पर चल रहे आधे से भी कम

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** उत्तराखंड में डिजिटल सेवाओं का केंद्र कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) नेटवर्क का लगातार विस्तार हो रहा है। वित्तीय वर्ष 2021-22 से 2024-25 के बीच प्रदेश में सीएससी की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। हालांकि पंजीकृत सीएससी की संख्या बढ़ने के बावजूद कई जिलों में कार्यशील (एक्टिव) सीएससी की संख्या में अपेक्षित वृद्धि नहीं हो पाई है।

सूचना प्रौद्योगिकी विकास एजेंसी उत्तराखंड (आईटीडीए) के जारी आंकड़ों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2021-22 में प्रदेश में कुल 18,841 सीएससी पंजीकृत थे, जिनमें से 11,603 सीएससी कार्यशील थे। वहीं 2024-25 तक पंजीकृत सीएससी की संख्या बढ़कर 24,913 हो गई, जबकि कार्यशील सीएससी की संख्या घटकर 11,965 रह गई। यह स्थिति दर्शाती है कि बड़ी संख्या में सीएससी पंजीकरण के बावजूद कई केंद्र सक्रिय रूप से सेवाएं नहीं दे पा रहे हैं। जिलावार आंकड़ों पर नजर डालें तो देहरादून, हरिद्वार और ऊधम सिंह नगर सीएससी के मामले में प्रदेश के अग्रणी जिले बने हुए हैं। वर्ष 2024-25 में ऊधम सिंह नगर में सर्वाधिक 3,817 सीएससी पंजीकृत रहे, जिनमें 2,044 कार्यशील पाए गए। इसी तरह हरिद्वार में 3,474 पंजीकृत में से 1,946 और देहरादून में 3,383 पंजीकृत में से 1,728 सीएससी सक्रिय रहे।





● देहरादून, हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर में क्रियाशील सीएससी की संख्या अधिक

### जिलावार पंजीकृत एवं कार्यशील (एक्टिव) सीएससी का विवरण

1. अल्मोड़ा-पंजीकृत 1992, कार्यशील 823
2. बागेश्वर-पंजीकृत 845 , कार्यशील 343
3. चमोली-पंजीकृत 1290, कार्यशील 602
4. चम्पावत-पंजीकृत 846, कार्यशील 332
5. देहरादून-पंजीकृत 3383, कार्यशील 1728
6. हरिद्वार-पंजीकृत 3474, कार्यशील 1946
7. नैनीताल-पंजीकृत 2444, कार्यशील 1301
8. पौड़ी गढ़वाल-पंजीकृत 2092, कार्यशील 826
9. पिथौरागढ़-पंजीकृत 1324, कार्यशील 559
10. रुद्रप्रयाग-पंजीकृत 793, कार्यशील 314
11. टिहरी-पंजीकृत 1339, कार्यशील 635
12. यूएसनगर-पंजीकृत 3817, कार्यशील 2044
13. उत्तरकाशी-पंजीकृत 1274 , कार्यशील 512

(स्रोत-सूचना प्रौद्योगिकी विकास एजेंसी उत्तराखंड)

### पर्वतीय जिलों में सक्रियता बनी चुनौती

पर्वतीय जिलों में सीएससी की सक्रियता एक बड़ी चुनौती के रूप में सामने आई है। अल्मोड़ा, बागेश्वर, चम्पावत, पिथौरागढ़ और उत्तरकाशी जैसे जिलों में पंजीकृत सीएससी की तुलना में कार्यशील सीएससी का प्रतिशत अपेक्षाकृत कम दर्ज किया गया। उदाहरण के तौर पर अल्मोड़ा में 1,992 पंजीकृत सीएससी में से केवल 823 ही सक्रिय हैं, जबकि बागेश्वर में 845 में से 343 सीएससी ही कार्यशील पाए गए।

REQUIREMENT
Junior Copy Editor/Junior Copy Writer
Marketing Executive
Working Location
• Haldwani • Rudrapur • Kashipur • Rampur
Experience : 1-2 years
(Freshers can also apply)
Salary: As per qualification
If you want to build a career in the media, this is the right opportunity for you.
Send your CV:
head.hr@amritvichar.com
9220796663
अमृत विचार
H.O:- Near Satellite Bus Stand, Pilibhit bypass Road, Bareilly

**सिटी ब्रीफ**

## दीपांशु वायुसेना में फ्लाइंग ऑफिसर बने



**कालाढूंगी :** नगर के वार्ड नं-1 निवासी दीपांशु काडंपाल का भारतीय वायु सेना में फ्लाइंग ऑफिसर पद के लिए चयन हुआ है। उनके चयन से पूरे नगर में खुशी की लहर है। उनका प्रशिक्षण 28 दिसंबर से एअरफोर्स एकेडमी डुंडीगल हैदराबाद में शुरू होगा। उनके परिवार का नाता सैनिक पृष्ठ भूमि से रहा है। पिता ललित काडंपाल आर्मी में जूनियर कमीशन ऑफीसर पद से रिटायर हैं। बडा भाई हिमांशु काडंपाल भी सेना में है जबकि बहन डीआरडीओ में सेवा दे रहीं हैं। माता विमला काडंपाल गृहणी है। दीपांशु ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा यूनिवर्सल कान्वेन्ट स्कूल कालाढूंगी से ली है। उन्होंने हल्द्वानी से बीएससी की पढाई पूरी की। उनकी उपलब्धी पर सांसद अजय भट्ट, विधायक बंशीधर भगत, ब्लॉक प्रमुख मनीषा जंतवाल,न गर पालिका अध्यक्षा रेखा कत्यूरा, पूरन जोशी, वार्ड मेंबर सुमन अधिकारी, रोहित बुढलाकोटी, मनोज अधिकारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष विक्रम जंतवाल, गोपाल बुढलाकोटी, कैलाश बुढलाकोटी, रेखा गुप्ता, हरीश मेहरा, विनोद बुढलाकोटी ने खुशी व्यक्त कर उन्हें शुभकामनाएं दी।

## बाइक चोरी के आरोपी को किया गिरफ्तार

**रामनगर :** कोतवाली पुलिस ने बाइक चोरी का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मनोज चंद्र पुत्र विद्या सागर निवासी भवानीगंज रामनगर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीते दिनों मोहल्ला भवानीगंज क्षेत्र से उसकी बाइक चोरी हो गई। कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि आरोपी आशू पुत्र श्याम सिंह निवासी छतरी चौराहा भवानीगंज रामनगर को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस टीम में एसआई, सोमेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल तालिब हुसैन, कांस्टेबल संजय कुमार शामिल रहे।

## भालू से बचाव के लिए टीम गठित

**रुद्रप्रयाग :** उत्तरी जखोली रेंज अंतर्गत धरियांज, थाती-बड़मा क्षेत्र में भालू की सक्रियता के मद्देनजर रेंज अधिकारी उत्तरी जखोली सुरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में 18 सदस्यीय टीम का गठन हुआ है। प्रभागीय वनाधिकारी ने बताया कि क्षेत्र में भालू की निगरानी ड्रोन से तथा 10 कैमरा ट्रैप से की जा रही है। टीम दिन व रात्रि में गश्त कर रही है। वन विभाग की टीम द्वारा ग्राम सभा धरियांज, थाती बड़मा, मुन्ना देवल में ग्रामीणों के साथ बैठक कर भालू से सावधानी हेतु जागरूक किया गया। महिलाओं को घास लेने को अकेले न जाने हेतु हिदायत दी गयी है।

### सरोवर नगरी के होटल 75 प्रतिशत तक हुए फुल, पर्यटन से जुड़े कारोबारियों के चेहरे खिले, पिछले महीनों की तुलना में अच्छी रही पर्यटकों की संख्या

# वीकेंड पर पर्यटकों की आमद से नैनीताल की रौनक बढ़ी

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार:** वीकेंड के मौके पर सरोवर नगरी नैनीताल में पर्यटकों की अच्छी-खासी आमद रही, जिससे शहर में रौनक बनी रही। शनिवार और रविवार को देश के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे सैलानियों के कारण नैनीताल सहित आसपास के पर्यटक स्थलों पर दिनभर भीड़-भाड़ देखने को मिली। पर्यटन कारोबारियों के अनुसार इस वीकेंड पर पर्यटकों की आवाजाही पिछले महीनों की तुलना में अच्छी रही, जिससे पर्यटन कारोबार में भी बढ़ोतरी दर्ज हुई है। शहर के होटल 75 प्रतिशत तक फुल हैं।



नैनी झील में नौकायन का लुत्फ उठाते पर्यटक। ● अमृत विचार

पर्यटकों की आमद से स्नो व्यू, हिमालय दर्शन, चिड़ियाघर, केव गार्डन, बॉटनिकल गार्डन, वाटरफॉल, हनुमानगढ़ी और सरिताताल जैसे प्रमुख दर्शनीय स्थलों पर सुबह से ही पर्यटकों की चहल-पहल बनी रही।

मालरोड पर भी सैलानियों की भीड़ नजर आई, जबकि नैनी झील में नौका विहार के लिए दिनभर कतारें लगी रहीं। शाम के समय बड़ी संख्या में पर्यटक हनुमानगढ़ी क्षेत्र में सूर्यास्त का आनंद लेते दिखे। नैनीताल के अलावा पंगोट, मुक्तेश्वर, रामगढ़, भीमताल, सातताल, कैंची धाम और भवाली में भी पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी दर्ज की गई, जिससे स्थानीय होटल, टैक्सी और अन्य पर्यटन से जुड़े कारोबारियों के चेहरे खिले नजर आए। सैलानियों ने ठंडे मौसम और प्राकृतिक सौंदर्य का भरपूर आनंद लिया।

### पर्यटकों ने टैक्सी व शटल सेवा संचालकों पर लगाए अवैध वसूली के आरोप

इस बीच नैनीताल और कैंची धाम घूमने आए पर्यटकों ने भवाली से कैंची धाम के लिए संचालित शटल सेवा संचालकों पर अवैध वसूली के आरोप लगाए हैं। दिल्ली से कैंची धाम पहुंची महिला पर्यटक निशा ने बताया कि वे कई घंटों से लाइन में खड़ी रहीं, इसके बावजूद उनका नंबर नहीं आया। उन्होंने आरोप लगाया कि महिलाओं के लिए किसी प्रकार की विशेष व्यवस्था नहीं की गई है, जिससे धक्का-मुक्की की स्थिति बनी रही और उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। साथ ही, शटल सेवा के नाम पर पर्यटकों से निर्धारित दर से अधिक पैसे मांगे जा रहे हैं।

### मौसम में बदलाव से तापमान में गिरावट

शनिवार को नैनीताल में मौसम में बदलाव देखने को मिला। सुबह हल्की धूप खिली रही, जबकि दोपहर बाद आसमान में बादल छा गए। मौसम में आए इस बदलाव के चलते तापमान में करीब तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई।सुबह न्यूनतम तापमान लगभग 13 डिग्री सेल्सियस रहा, जो शाम होते-होते घटकर करीब 7 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। तापमान में गिरावट के बाद शहर में ठंड का असर बढ़ गया है।

# बिल कम होने की अफवाह से लोक अदालत में उमड़ी भीड़

### बिजली और पानी के बिल कम या माफ होने की सूचना से भ्रमित हुए लोग

**संवाददाता, रामनगर**

**अमृत विचार:** शनिवार को कोर्ट परिसर में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब बिजली और पानी के बिल कम या माफ होने की अफवाह के चलते सैकड़ों लोग राष्ट्रीय लोक अदालत में पहुंच गए। बाद में पता चला कि सोशल मीडिया और मौखिक चर्चाओं के माध्यम से गलत सूचना फैलाई गई थी, जिसके कारण आम जनता भ्रमित होकर कोर्ट पहुंची।

वरिष्ठ अधिवक्ता दीपक जोशी ने बताया कि शनिवार को रामनगर कोर्ट में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया था, लेकिन इसका उद्देश्य बिजली और पानी के नियमित बिलों को कम करना या माफ करना नहीं था। उन्होंने स्पष्ट किया कि लोक अदालत में मुख्य रूप से वाहनों के चालान, एक्साइज एक्ट से जुड़े मामले और अन्य समझौता योग्य मामलों का निपटारा किया जाता है। बिजली विभाग से संबंधित मामलों में भी केवल बिजली चोरी, विभागीय मुकदमे या न्यायालय में लंबित प्रकरणों पर ही विचार किया जाता है, न कि नियमित घरेलू बिलों पर। अधिवक्ता दीपक जोशी ने यह भी बताया कि वर्तमान में अधिकांश ट्रैफिक चालानों का निस्तारण वर्चुअल कोर्ट के माध्यम से किया जा रहा है। जगह-जगह लगे कैमरों से कटने वाले चालानों का निपटारा वर्चुअल कोर्ट नैनीताल में होता है, न कि रामनगर कोर्ट में। जनता को इस प्रक्रिया की सही जानकारी न होने के कारण लोग रामनगर कोर्ट पहुंच रहे हैं, जिससे उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि रामनगर में भी वर्चुअल कोर्ट की एक शाखा स्थापित की जाए, ताकि स्थानीय लोगों को न्याय के लिए नैनीताल न जाना पड़े।



रामनगर कोर्ट परिसर के बाहर लगी लोगों की भीड़। ● अमृत विचार

अधिवक्ता अतुल अग्रवाल ने बताया कि 13 दिसंबर को पूरे देश में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया, लेकिन रामनगर क्षेत्र में यह अफवाह फैल गई कि नियमित बिजली और पानी के बिलों में भी छूट दी जाएगी। इसी भ्रम के चलते बड़ी संख्या में लोग कोर्ट पहुंच गए, जबकि रामनगर कोर्ट में ऐसे मामलों के निस्तारण के लिए न तो कोई प्रावधान है और न ही संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। कोर्ट पहुंचे अमीर नामक व्यक्ति ने बताया कि उन्होंने सुना था कि लोक अदालत में बिजली और पानी के बिल कम किए जा रहे हैं। इसी उम्मीद में वह कोर्ट आए थे, लेकिन यहां आकर पता चला कि केवल नोटिस वाले मामलों पर ही विचार किया जाता है। वहीं टेंपो चालक मोहम्मद फरीद ने बताया कि उनके ऊपर कैमरे से 5000 रुपये का चालान हुआ था, जिसे वह लोक अदालत में निपटाने आए थे, लेकिन बाद में जानकारी मिली कि यह चालान वर्चुअल कोर्ट नैनीताल में जमा करना होगा।

कुल मिलाकर, गलत सूचना और जागरूकता की कमी के कारण रामनगर कोर्ट में भारी भीड़ जुट गई, जिससे लोगों को निराश होकर लौटना पड़ा।

## नववर्ष पर शटल सेवा से मिलेगा शहर में प्रवेश

**नैनीताल:** क्रिसमस एवं नववर्ष,31 दिसंबर के अवसर पर बढ़ने वाली पर्यटकों की भीड़ को देखते हुए नैनीताल पुलिस ने सुरक्षा व यातायात प्रबंधन की तैयारियां तेज कर दी हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल डॉ. मंजूनाथ टी.सी. के निर्देश पर जिलेभर में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था के साथ प्रभावी ट्रैफिक डाइवर्जन लागू किया जा रहा है।

एसपी नैनीताल डॉ. जगदीश चंद्र के पर्यवेक्षण में सीओ नैनीताल रविकांत सेमवाल ने नैनीताल शहर के सभी प्रमुख डाइवर्जन प्वाइंटों व पार्किंग स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान शहर में प्रवेश एवं निकासी मार्गों पर तैनात पुलिस बल को ट्रैफिक डाइवर्जन प्लान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। संबंधित थाना प्रभारियों को सभी डाइवर्जन प्वाइंटों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने के निर्देश भी दिए गए। पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रूसी-2 से शटल सेवा प्रारंभ कर दी गई है। साथ ही शहर की परिधि एवं आउटर एरिया में स्थित पार्किंग स्थलों की वाहन पार्किंग क्षमता का आंकलन किया गया। वीकेंड ट्रैफिक प्लान को सख्ती से लागू करने के निर्देश निरीक्षक यातायात एवं सभी थाना प्रभारियों को दिए गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर शहर के सभी सार्वजनिक स्थलों पर बीडीएस एवं डॉग स्क्वाड टीमों ने चेकिंग अभियान चलाया गया। निरीक्षक यातायात वेद प्रकाश भट्ट, प्रभारी कोतवाली मल्लीताल दिनेश जोशी, थानाध्यक्ष तल्लीताल मनोज नयाल रहे।



कुमाऊं विश्वविद्यालय में रसायन विज्ञान रिफ्रेशर कोर्स में पहुंचे प्रतिभागी।

# विश्वविद्यालय में रसायन विज्ञान रिफ्रेशर कोर्स संपन्न

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार:** कुमाऊं विश्वविद्यालय के मानव संसाधन विकास केंद्र (एमएमटीटीसी) में रसायन विज्ञान विषय का रिफ्रेशर कोर्स शनिवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस दो सप्ताह के अकादमिक कार्यक्रम में देश के 11 राज्यों से आए कुल 51 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कोर्स के दौरान देश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों एवं आईआईटी के विशेषज्ञों (रिसोर्स पर्सन) ने रसायन विज्ञान के मौलिक सिद्धांतों से लेकर अत्याधुनिक शोध एवं तकनीकों पर व्याख्यान और सत्र आयोजित किए।

कोर्स का उद्घाटन कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ वैज्ञानिक (डीआरडीओ) डॉ. संजीव जोशी, एमएमटीटीसी की निदेशक प्रो. दिव्या जोशी, उप निदेशक प्रो. रीतेश शाह तथा पाठ्यक्रम समन्वयक प्रो. चित्रा पांडे (विभागाध्यक्ष, रसायन विज्ञान एवं डीन, विज्ञान संकाय) विशेष रूप से उपस्थित रहे।दीक्षांत व्याख्यान में उत्तराखंड के पूर्व मुख्य सचिव इंदु कुमार पांडे ने बदलते वैश्विक परिदृश्य में शिक्षा की भूमिका पर प्रकाश डाला।

पाठ्यक्रम समन्वयक प्रो. चित्रा पांडे ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षकों की भूमिका केवल ज्ञान देने तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि उन्हें छात्रों के लिए मार्गदर्शक (मेंटर्स) बनकर कौशल विकास पर भी ध्यान देना होगा, ताकि विद्यार्थी ऐसे भविष्य के लिए तैयार हों जहाँ मानवीय बुद्धिमत्ता को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का सहयोग प्राप्त होगा। उन्होंने कुलपति, सभी रिसोर्स पर्सन तथा अपने विभाग के सहयोगियों प्रो. एनजी साहू, प्रो. गीता तिवारी, प्रो. शाह राज अली, डॉ. सुहैल जावेद, डॉ. पेनी जोशी, डॉ. महेश आर्य, डॉ. मनोज धूनी, डॉ. ललित मोहन, डॉ. गिरीश खर्कवाल, डॉ. दीपशिखा, डॉ. आंचल, डॉ. आकांक्षा और डॉ. भावना के प्रति आभार व्यक्त किया।



कॉर्बेट के उपनिदेशक को मांगपत्र देते नेचर गाइड। ● अमृत विचार

# नेचर गाइडों ने समस्याओं से निदेशक को अवगत कराया

**संवाददाता, रामनगर**

**अमृत विचार:** नेचर गाइड एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद बुधानी के नेतृत्व में नेचर गाइडों ने कॉर्बेट टाइगर रिजर्व (सीटीआर) के निदेशक डॉ. साकेत बडोला एवं उपनिदेशक राहुल मिश्रा से मुलाकात कर अपनी विभिन्न समस्याओं और सुझावों से अधिकारियों को अवगत कराया।

बैठक में नेचर गाइडों ने मांग की कि कॉर्बेट के गर्जिया पर्यटन जोन में नक्शे में दर्ज मार्गों को खुलवाया जाए तथा सुरक्षा की दृष्टि से मार्गों को दुरुस्त किया जाए। साथ ही गर्जिया पर्यटन जोन के फूलताल क्षेत्र में सोलर पंपिंग कराकर वन्यजीवों के लिए पर्याप्त पानी की व्यवस्था की जाए, ताकि वन्यजीवों को पानी के लिए गांवों की ओर न आना पड़े और मानव-वन्यजीव संघर्ष में कमी आए। नेचर गाइडों ने कॉर्बेट के परमिट शुल्क कम किए जाने की भी मांग रखी, जिससे स्थानीय ग्रामीणों को अधिक रोजगार मिल सके। इसके अलावा कॉर्बेट के नेचर गाइडों के परिवारों को विभागीय माध्यम से पार्क भ्रमण कराने तथा पंजीकृत नेचर गाइडों को अन्य नेशनल पार्कों में शैक्षिक भ्रमण पर भेजने का अनुरोध किया गया। नेचर गाइडों ने अन्य नाइट स्टे जोन में प्रवेश शुल्क को निःशुल्क करने, शिलाधारी चौकी पर पर्यटकों, नेचर गाइडों एवं वन कर्मियों के लिए वाटर फिल्टर प्लांट लगाने तथा वहां एक मिनी कैंटीन खोलने के संबंध में भी वार्ता की। इसके साथ ही वर्ष 2020 में भर्ती गाइडों को स्थायी पंजीकरण देने और गर्जिया पर्यटन जोन से लेंटाना हटाने की मांग भी रखी गई, जिससे ग्रासलैंड को नुकसान से बचाया जा सके और सुरक्षा बनी रहे। निदेशक डॉ. साकेत बडोला ने जिम कॉर्बेट नेचर गाइड एसोसिएशन को उनकी मांगों पर यथासंभव अमल करने का भरोसा दिलाया और उपनिदेशक राहुल मिश्रा को इन विषयों पर विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर विनोद बुधानी, राजेश नेगी, हरि शंकर देव, पवन बिष्ट, विजय रावत, रंजीत रावत और योगेश नैनवाल रहे।

## कूटा पदाधिकारियों का हुआ स्वागत

**नैनीताल:** कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (कूटा) के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का पूर्व छात्र महासंघ अध्यक्ष डॉ. दीपक मेलकानी एवं पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष डॉ. मोहित रौतेला ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

इस अवसर पर दोनों ने शिक्षकों की समस्याओं के शीघ्र समाधान का विश्वास व्यक्त किया। कार्यक्रम में कूटा अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी सहित डॉ. नीलू, डॉ. युगल जोशी, डॉ. कुबेर गिनती एवं डॉ. अशोक कुमार को भी पुष्प गुच्छ भेंट किए गए। इस मौके पर कूटा अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी ने विनियमितीकरण की कट-ऑफ तिथि वर्ष 2025 किए जाने तथा संविदा शिक्षकों का वेतन 57,700 रुपये निर्धारित करने की मांग दोहराई।



पागल जिम खाना को लेकर बैठक करते लेक सिटी के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### 'पागल जिमखाना' कल, सभी तैयारियां पूर्ण

**नैनीताल :** लेक सिटी वेलफेयर क्लब द्वारा आयोजित पागल जिमखाना का आयोजन कल सुबह 10 बजे से डीएसए ग्राउंड में किया जाएगा। कार्यक्रम की सभी तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं।इस संबंध में क्लब की बैठक क्लब अध्यक्ष आभा शाह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कार्यक्रम संयोजक प्रगति जैन ने जानकारी दी कि कार्यक्रम का उद्घाटन सांसद अजय भट्ट द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम में विधायक सरिता आर्या, पालिका अध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल तथा अपर जिलाधिकारी शैलेंद्र सिंह नेगी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। पागल जिमखाना में मनोरंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों में क्लब अध्यक्ष आभा शाह सहित कविता त्रिपाठी, रमा भट्ट, रमा लोहनी, पल्लवी शैलेंद्र चौधरी, देवेंद्र लाल शाह, खजान डंगवाल, शैलेंद्र बरगली, भागवत रावत, युवराज सिंह, आनंद बिष्ट, बलम बिष्ट रहे।

# कोसी बैराज पर लगा लंबा जाम आम लोगों की हो रही फजीहत

**संवाददाता, रामनगर**

**अमृत विचार:** पर्यटन सीजन शुरू होते ही रामनगर में जाम की समस्या ने एक बार फिर आम लोगों और पर्यटकों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। जैसे-जैसे न्यू ईयर और 25 दिसंबर (क्रिसमस) का समय नजदीक आ रहा है, वैसे-वैसे शहर में ट्रैफिक का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है।

सबसे अधिक असर कोसी बैराज क्षेत्र और भवानीगंज में देखने को मिल रहा है, जहां आए दिन रुक-रुक कर लंबा जाम लग रहा है। कई-कई घंटे तक वाहनों के फंसे रहने से स्थानीय लोगों के साथ-साथ पर्यटकों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दफ्तर जाने वाले कर्मचारी, स्कूल-कॉलेज के छात्र और जरूरी काम से निकलने वाले लोग समय पर अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। जाम के चलते एंबुलेंस और अन्य आपातकालीन सेवाओं को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिप्सी चालक दीपक का कहना है कि कोसी बैराज पर लगने वाले जाम के कारण कई बार उनकी सफारी का समय निकल जाता है, जिससे न केवल पर्यटकों को नुकसान होता है, बल्कि जिप्सी चालकों की रोजी-रोटी पर भी असर पड़ता है।



कोसी बैराज पुल पर लगा जाम। ● अमृत विचार

**कार्रवाई** | लखनऊ निवासी बताया जा रहा है पर्यटक, कॉर्बेट में वॉकी-टॉकी या अन्य संचार उपकरण ले जाने पर है प्रतिबंध

# वॉकी टॉकी लेकर कॉर्बेट गए पर्यटक पर छह माह का प्रतिबंध

**संवाददाता, रामनगर**

**अमृत विचार:** कॉर्बेट टाइगर रिज़र्व के झिरना पर्यटन जोन में सफारी के दौरान नियमों का उल्लंघन करने पर लखनऊ निवासी एक पर्यटक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई है। बाघ देखने के मकसद से अवैध रूप से वॉकी-टॉकी ले जाने के मामले में कॉर्बेट प्रशासन ने पर्यटक को छह माह के लिए ब्लैकलिस्ट कर दिया है,अब वह अगले छह महीनों तक कॉर्बेट टाइगर रिज़र्व के किसी भी पर्यटन ज़ोन में सफारी या नाइट स्टे नहीं कर सकेगा।



कॉर्बेट टाइगर रिज़र्व के उपनिदेशक राहुल मिश्रा ने मामले की जांच वन क्षेत्राधिकारी ईको टूरिज्म को दी थी। ईको ट्यूरिज्म की टीम ने आरोप को शी ठहराया था। बता दें कि 10 दिसंबर को झिरना पर्यटन ज़ोन में सफारी के दौरान एक पर्यटक समूह के पास वॉकी-टॉकी होने की सूचना मिली थी।

यह समूह सफारी वाहन से जंगल भ्रमण पर गया हुआ था,सूचना मिलते ही प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच के निर्देश दिए। पार्क वार्डन ने बताया कि जांच की जिम्मेदारी आरो इको टूरिज्म को सौंपी गई,जांच में यह स्पष्ट हुआ कि संबंधित पर्यटक ने सफारी के दौरान अवैध रूप से वॉकी-टॉकी अपने पास रखा था, यह कॉर्बेट टाइगर रिज़र्व की निर्धारित पर्यटन गाइडलाइन और नियमावली का सीधा उल्लंघन है, पार्क प्रशासन द्वारा पहले से ही स्पष्ट किया गया है कि पर्यटकों को सफारी के दौरान किसी भी प्रकार के संचार उपकरण, वॉकी-टॉकी या अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस ले जाने की अनुमति नहीं है, क्योंकि इससे वन्यजीवों की सुरक्षा और जंगल की शांति प्रभावित हो सकती है।

बिंदरपाल सिंह ने बताया कि नियमों के उल्लंघन को गंभीर मानते हुए संबंधित पर्यटक को छह माह के लिए ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है। इस अवधि में वह कॉर्बेट टाइगर रिज़र्व के किसी भी पर्यटन जोन में न तो सफारी कर सकेगा और न ही नाइट स्टे की अनुमति मिलेगी।

कॉर्बेट प्रशासन ने सभी पर्यटकों से अपील की है कि वे जंगल भ्रमण के दौरान तय नियमों और दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करें। नियमों का उल्लंघन न केवल कानूनी कार्रवाई को आमंत्रित करता है, बल्कि वन्यजीव संरक्षण और पर्यावरण संतुलन के लिए भी खतरा पैदा करता है, इसलिए उक्त लखनऊ के पर्यटक को 6 माह के लिए ब्लैक लिस्ट कर दिया गया।

## शीतलहर से राहत को जलाए जा रहे अलाव

**रुद्रप्रयाग:** जनपद रुद्रप्रयाग में लगातार जारी शीतलहर एवं तापमान में भारी गिरावट को देखते हुए जिला प्रशासन ने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए ठंड से बचाव के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं।

जिलाधिकारी प्रतीक जैन के स्पष्ट निर्देशों के क्रम में जनपद के विभिन्न शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन को ठंड से राहत पहुंचाने हेतु अलाव की समुचित व्यवस्था की गई है। जिलाधिकारी के निर्देश पर जनपद के प्रमुख स्थानों पर सुबह एवं सायंकाल के समय अलाव जलाए जा रहे हैं। यह व्यवस्था शहरों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों, बस स्टैंड, मुख्य बाजारों, तीर्थ स्थलों एवं सड़क किनारे किए गए प्रमुख स्थानों पर सुनिश्चित की गई है।

## सिटी ब्रीफ

### 1938 ने नवोदय परीक्षा दी, 416 अनुपस्थित

**हल्द्वानी :** शहर में शनिवार को जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा संपन्न हुई। जिसमें 1938 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 416 अनुपस्थित रहे। इस दौरान शांतिपूर्वक परीक्षा संपन्न हुई। प्रवेश परीक्षा के लिए हल्द्वानी में जीजीआईसी और खालसा गर्ल्स कालेज में परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। परीक्षा को लेकर छात्र-छात्राओं में खासा उत्साह देखा गया।

### सड़क हादसे में काशीपुर के युवक की मौत

**रामपुर :** रामपुर-बरेली हाईवे पर शनिवार सुबह सड़क हादसे में काशीपुर के युवक की मौत हो गई। काशीपुर के मल्होत्रा फार्म निवासी साहब सिंह बाजवा उर्फ साबी (35) के पिता बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती हैं। परिजनों ने बताया शनिवार सुबह साहब सिंह बाजवा पिता से मिलने और खाना लेकर अस्पताल जा रहे थे। इसी दौरान रामपुर-बरेली हाइवे पर सड़क हादसे में उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों की सुपुर्दगी में दिया। वहीं, हादसे की सूचना से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया वह अपने पीछे एक बेटी व एक बेटा और परिजनों को रोता-बिलखता छोड़ गए हैं। परिजनों के मुताबिक उनका अंतिम संस्कार रविवार सुबह दस बजे मल्होत्रा फॉर्म में किया जाएगा।

# नियमितीकरण की नई नियमावली में अधिकांश कर्मी रहेंगे लाभ से वंचित

## वर्ष 2018 में 10 साल सेवा पूरी करने वाले कर्मचारी ही होंगे नियमित, अन्य को लाभ नहीं

संवाददाता, हल्द्वानी



मंडलीय प्रबंधक पूजा जोशी को ज्ञापन देते रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के पदाधिकारी।

**अमृत विचार :** नियमितीकरण की राह देख रहे परिवहन निगम के संविदा, विशेष श्रेणी व तकनीकी कर्मचारियों को बड़ा झटका लगा है। इन कर्मचारियों के नियमितीकरण के लिए शासन ने नई नियमावली बनाई है, जिसके तहत दिसंबर 2018 में सेवा के 10 साल पूरा करने वाले कर्मचारियों को ही नियमित किया जाएगा। लेकिन निगम के अधिकांश कर्मचारियों को इस नियमावली का लाभ नहीं मिल सकेगा। इसका कारण है कि 2011 व 2013 में जारी नियमावली के तहत 10 साल पूरा करने वाले लगभग सभी कार्मिक नियमित हो चुके हैं। इसके बाद नियुक्त अधिकांश कर्मचारियों को 2018 में 10 साल पूरा नहीं कर पाने के कारण इसका लाभ नहीं मिल रहा है।

कर्मचारियों ने बताया कि वर्तमान नियमावली में जारी कट ऑफ डेट के आधार पर न तो परिवहन निगम के कार्मिकों को लाभ मिलना संभव है और न ही अन्य विभागों के कार्मिकों को लाभ मिलेगा। कर्मचारियों ने वर्तमान में नियमितीकरण के लिए जारी कट ऑफ डेट 2025 किए जाने की मांग की है। संविदा, विशेष श्रेणी चालक-परिचालक व तकनीकी कर्मचारियों का कहना है कि वे पिछले कई सालों से निगम में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। कहा कि कोविड-19 के दौरान भी कर्मचारियों ने अपनी जान जोखिम में डालकर प्रदेश में फंसे प्रवासियों को सुरक्षित उनके घरों तक पहुंचाया। नियमावली में संशोधन की मांग को लेकर उतरांचल परिवहन मजदूर संघ ने नियमितीकरण समिति के सदस्य व कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा और सुबोध उनियाल को पत्र भेजा है। कर्मचारियों ने उनसे कर्मचारियों के हित को देखते हुए नियमावली में कट ऑफ डेट 2025 किए जाने की मांग की है, ताकि कर्मचारियों को इसका वास्तविक लाभ मिल सके।

### कल तक वेतन नहीं मिलने पर निगम कर्मचारी देंगे धरना

**हल्द्वानी :** परिवहन निगम के कर्मचारियों को बीते दो माह से वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। कर्मचारियों ने मंडलीय प्रबंधक पूजा जोशी को कल सोमवार तक वेतन का भुगतान किए जाने को लेकर पत्र दिया है। कर्मचारियों ने कहा कि यदि सोमवार तक मंडल के कर्मचारियों को वेतन का भुगतान नहीं किए जाने पर मंगलवार से मंडलीय प्रबंधक कार्यालय में धरना प्रदर्शन होगा। संयुक्त परिषद के क्षेत्रीय अध्यक्ष जगदीश कांडपाल ने आरएम पूजा जोशी को मांगपत्र सौंपा। उल्लेखनीय है कि निगम के कर्मचारियों को लंबे समय से वेतन का अनियमित का भुगतान किया जा रहा है। जबकि दो माह का वेतन लंबित है। बीते दो दिसंबर को आरएम के साथ हुई वार्ता में संगठन के पदाधिकारियों को 15 दिसंबर तक अक्टूबर माह का वेतन दिए जाने का आश्वासन दिया था।

### वंचितों के लिए यूओयू है अच्छा विकल्प

**हल्द्वानी :** यूओयू ने राजभवन की एक विश्वविद्यालय एक योजना के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें आवंटित शोध विषय, दिव्यांगजनों व वंचित वर्ग को उच्च शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रानीखेत में विवि के क्षेत्रीय केंद्र के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में ताड़ीखेत ब्लॉक की आंगनबाड़ी कार्यकर्ती व ग्राम प्रधानों ने प्रतिभाग किया। इससे पहले कार्यशाला का उद्घाटन यूओयू के कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी ने किया। कुलपति ने विवि को आवंटित इस महत्वपूर्ण शोध के लिए विवि की ओर से चलाए जा रहे विभिन्न पाठ्यक्रमों में उच्च शिक्षा से वंचित लोगों को इसमें नामांकन कराए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि समाज का वंचित वर्ग कई बार उच्च शिक्षा में नामांकन कराने से वंचित रह जाता है, जिस कारण रोजगार में रहते हुए उच्च शिक्षा में प्रवेश नहीं ले पाता, उनके लिए मुक्त विवि सबसे अच्छा विकल्प है। कार्यक्रम में निदेशक, क्षेत्रीय सेवा प्रो. गिरिजा पांडे ने कहा कि विवि की ओर से उच्च शिक्षा आपके द्वार कार्यक्रम का उद्देश्य है कि दिव्यांगजन व वंचित वर्ग अपनी उच्च शिक्षा को पूरा कर सके।

# डीएम ने परखी ईवीएम के वेयर हाउस की सुरक्षा



ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण करते जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल।

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ललित मोहन रयाल ने विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ शनिवार को सरस बाजार स्थित ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का तिमाही निरीक्षण किया।

डीएम ने बताया कि केंद्रीय आयोग के निर्देशानुसार ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) एवं वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा, पारदर्शिता और विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए नियमित तौर पर निरीक्षण किया जाता है। इस वेयर हाउस में जनपद की छह विधानसभा सीटों की ईवीएम वीवीपैट रखी हैं। इस दौरान उन्होंने ईवीएम एवं वीवीपैट के रखरखाव, सुरक्षा एवं सीसीटीवी नियंत्रण कक्ष का विस्तृत परीक्षण किया। सभी ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनें ढंग से रखी गई थी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वेयरहाउस की सुरक्षा एवं सतत निगरानीमें किसी भी प्रकार की शिथिलता नहीं बरती जाए। राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भी ईवीएम एवं वीवीपैट के रखरखाव और सुरक्षा पर पूर्ण संतोष जताया।

इस दौरान अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक राय, सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल चौहान, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी हंसा दत्त पांडे, भाजपा से हेमन्त बिष्ट, मनीष पाल, कांग्रेस से संजू, बसपा से मनोज कुमार रहे।

# हाथियों ने घर की दीवार तोड़ी, फसल रौंदी

संवाददाता, हल्दूचौड़



पेशकारपुर, हल्दूचौड़ में जंगली हाथियों द्वारा तोड़ी गई आंगन की दीवार।

**अमृत विचार:** हल्दूचौड़ क्षेत्र में जंगली हाथियों का आतंक अब गंभीर चिंता का विषय बनता जा रहा है। पेशकारपुर, बच्चीधर्मा और गोपीपुरम आदि गांवों में हाथियों की घुसपैठ से ग्रामीण दहशत में हैं।

शनिवार तड़के करीब पांच बजे पेशकारपुर गांव में हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। उग्र हाथियों ने किसान एनडी शर्मा समेत कई किसानों की फसलों को रौंद डाला और एक घर की दीवार भी तोड़ दी। अचानक हुई इस घटना से पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों का कहना है कि हाथी इतने आक्रामक थे कि लोगों को देखते ही उनकी ओर दौड़ पड़ते थे, जिससे जान-माल का गंभीर खतरा बना रहा। जंगलों से निकलकर हाथी लगातार आबादी वाले इलाकों की ओर रुख कर रहे हैं। गौला रेंज अंतर्गत हल्दूचौड़ क्षेत्र में बीते कई दिनों से हाथियों द्वारा फसलों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। सुबह ग्रामीणों ने घटना की सूचना वन विभाग को दी, जिस पर विभाग ने मुआवजा देने का आश्वासन दिया है। पीड़ित किसानों का कहना है कि हाथी कॉरिडोर बाधित होने के कारण हाथी गांवों की ओर आ रहे हैं, जिससे फसलें और मकान क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। ग्रामीणों ने क्षेत्र में नियमित गश्त बढ़ाने, हाथियों को आबादी से दूर रखने के लिए प्रभावी इंतजाम करने और मुआवजा देने की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करेंगे। वहीं मौके पर पहुंचे पूर्व कैबिनेट मंत्री हरीश चंद्र दुर्गापाल ने वन विभाग के अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर हाथियों के आतंक से निजात दिलाने की मांग की।

### प्रतियोगिता में काव्या ने पाया प्रथम स्थान

**भीमताल :** ब्लॉक ओखलकांडा के न्याय पंचायत डालकन्या में निपुण विद्यार्थी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें न्याय पंचायत के प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा तीन के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान काव्या राजकीय प्राथमिक विद्यालय मटेला, द्वितीय स्थान प्रिया मटियाली राजकीय प्राथमिक पतलोट, तृतीय स्थान अमन चंद्र परगांई राजकीय प्राथमिक विद्यालय डालकन्या ने प्राप्त किया गया।

विजेता विद्यार्थियों को शील्ड और मेडल देकर पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता के संचालन में भवदेव त्रिपाठी राजकीय प्राथमिक विद्यालय मटेला, संकुल संदर्भ व्यक्ति मयंक पनेरु, जीवन सिंह राजकीय प्राथमिक विद्यालय कुंडल, पुष्पा राना राजकीय प्राथमिक विद्यालय पतलोट, हरीश चंद्र सिंह रहे।

# विधायक प्रतिनिधि ने देखा नाले का निर्माण कार्य

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



रकसिया नाले के आउटफॉल के निर्माण का निरीक्षण करते विधायक प्रतिनिधि विकास भगत व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** भाजपा के विधायक प्रतिनिधि विकास भगत ने शनिवार को प्रेमपुर लोश्ज्ञानी, हिम्मतपुर बैजनाथ में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की घोषणा में स्वीकृत रकसिया नाले के आउटफॉल के निर्माण का निरीक्षण किया। इसका निर्माण उत्तराखंड अर्बन सेक्टर डेवलपमेंट एजेंसी कर रही है।

विधायक प्रतिनिधि भगत ने किसानों को सिंचाई के लिए पानी मुहैया हो सके, इसलिए सिंचाई और यूयूएसडीए अधिकारियों की आपसी वार्ता कर सहमति भी बनवाई। भगत ने डीएम ललित मोहन रयाल से फोन पर वार्ता कर बिडला स्कूल से छड़ायल चौराहे तक नाले को कवर कर सड़क पर स्लैब डाल कर सड़क के चौड़ीकरण एवं छड़ायल से प्रेमपुर लोश्ज्ञानी चौराहे तक नाले कि दीवारों के फिर से निर्माण का अनुरोध किया। इसपर डीएम ने प्रोजेक्ट मैनेजर कुलदीप सिंह को उक्त काम की डीपीआर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने सिंह से आउटफाल के साथ निर्माणाधीन नाली के ऊपर भी सड़क बनाने के लिए एस्टीमेट बनाने को कहा। विकास ने कहा कि जब मानसून के समय यहां नाला पूरे प्रवाह में आता था, तब रात-रात भर जनता के साथ जागते थे। तभी संकल्प लिया था कि फिर से भाजपा के सत्ता में आने पर किसी भी हाल में इस नाले के आउटफाल का निर्माण करवाया जाएगा। इस दौरान सिंचाई ईई दिनेश रावत, एई महेन्द्र शेखर, जेई रोहित जोशी, लोनिवि एई ललित तिवारी, प्रधान गंगोत्री देवी, प्रधान प्रतिनिधि वीरू पाल, प्रधान कमल बेलवाल, प्रधान किशन दरम्वाल, कुंदन बोरा, कृपाल सिंह बब्बू, सरिता दरम्वाल, बालम बिष्ट, सुनीता रजवार, चंदन मेहरा, जानकी खडायत, अर्जुन परिहार आदि रहे।



ग्रूमिंग सेशन के बाद मिस्टर एंड मिस उत्तराखंड के प्रतिभागी। ● अमृत विचार

### मिस्टर एंड मिस उत्तराखंड का ग्रैंड फिनाले आज

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** मिस्टर एंड मिस उत्तराखंड स्टार हंट 2025 प्रतियोगिता का ग्रैंड फिनाले रविवार को होगा। फाइनल से पूर्व प्रतियोगियों के लिए ग्रूमिंग सेशन का सफल आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों को रैंप वॉक, पर्सनैलिटी डेवलपमेंट, स्टेज प्रेजेंटेशन और आत्मविश्वास बढ़ाने से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। आयोजकों के अनुसार, ग्रूमिंग सेशन मुखानी स्थित एक होटल में संपन्न हुआ। इस अवसर पर आयोजक अभय कुमार, निकिता टम्टा और सौरभ कुमार, उदय आर्या, प्रिंस अरोड़ा और हर्षित मौजूद रहे। सेशन में जज की भूमिका पवन और लता जोशी ने निभाई, जिन्होंने प्रतिभागियों को जरूरी टिप्स और मार्गदर्शन प्रदान किया। ग्रूमिंग सेशन को सफल बनाने में ग्रूमर्स प्रगति और शेल्जा का योगदान रहा। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता का ग्रैंड फिनाले रविवार शाम 4 बजे से छड़ायल सुयाल स्थित एक होटल में आयोजित किया जाएगा, जहां प्रदेश भर चुने गए प्रतिभागी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

# सेवन-ए-साइड फुटबॉल टूर्नामेंट कल से

संवाददाता, हल्द्वानी




सिंथिया स्कूल में पत्रकारों से वार्ता करते हुए प्रधानाचार्य डा. प्रवीन्द्र कुमार रौतेला।

**अमृत विचार :** जज फार्म स्थित सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल और सिंथिया इंटरनेशनल स्कूल हरकपुर क्वीरा लामाचौड़ सेवन ए साएड इंटर-स्कूल फुटबाल प्रतियोगिता आयोजित कर रहा है। जिसके तीसरे संस्करण का आगाज कल (सोमवार) से होने जा रहा है। इसे लेकर आयोजकों ने शनिवार को सिंथिया स्कूल में प्रेस वार्ता की।

इस दौरान बताया गया कि प्रतियोगिता में बालक-बालिका दोनों वर्गों में मैच आयोजित होंगे। प्रतियोगिता में हल्द्वानी व आस-पास के 55 स्कूलों की टीमें प्रतिभाग करेंगी। बालिकाओं को विशेष प्रोत्साहन देने के लिए इस संस्करण में बालिका वर्ग में भी फुटबाल प्रतियोगिता होगी। जिसे महिला सशक्तिकरण के तौर पर देखते हुए 13 स्कूलों ने अपनी टीमों को प्रतिभाग करने के लिए भेजा है। जबकि बालक वर्ग में 42 टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता के दौरान स्कूल के पुरातन छात्रों के लिए मैत्री मैच का आयोजन भी होगा।

सेवन ए साएड इंटर-स्कूल फुटबाल प्रतियोगिता नॉक आउट आधार पर खेली जाएगी, जिसमें पांच दिनों तक बालक वर्ग के 41 और बालिकाओं के 12 मैच खेले जाएंगे। सभी मैचों के प्रदर्शन के आधार पर बेस्ट गोल कीपर, बेस्ट स्ट्राईकर व राईजिंग प्लेयर ऑफ द टूनमिंट का पुररकार दिया जाएगा। इसके अलावा दोनों वर्गों में विजेता और उप विजेता टीम को ट्रॉफी दी जाएगी। प्रतियोगिता के आयोजक व सिंथिया स्कूल के प्रधानाचार्य प्रवींद्र रौतेला ने बताया कि खेल को स्कूली शिक्षा का हिस्सा बनाने के उदेश्य से प्रतिभागियों से कोई शुल्क नहीं लिया गया है। प्रतियोगिता का लाइव प्रसारण स्कूल के ऑफिशियल पेज पर किया जाएगा।

### विवाहिता के साथ ससुराल में मारपीट

**बाजपुर:** क्षेत्र में एक विवाहिता के साथ ससुराल में मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता के भाई की तहरीर पर पुलिस ने पति, ससुर व दो ननदों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

ग्राम धनसारा निवासी अरमान अली ने पुलिस को बताया कि उसकी बहन रहमत जहां की शादी 24 मार्च 2019 को मुस्लिम रीतिरिवाज के अनुसार ग्राम गुमसानी निवासी रिसालत अली के साथ हुई थी। शादी के बाद रहमत जहां से दो पुत्रियां हुईं। आरोप है कि बेटा न होने के कारण उसका पति आए दिन उसका उत्पीड़न करता था। 7 दिसंबर की रात करीब 10 बजे रिसालत अली, उसकी ननदें सीमा व गुलफशा तथा ससुर अशरफ अली ने मिलकर लात-घूंसों, डंडों और बेल्ट से बेरहमी से मारपीट की।

# महक क्रांति नीति से बढ़ेगी किसानों की आय

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार:** उत्तराखण्ड महक क्रान्ति नीति 2026-36 लॉन्चिंग कार्यक्रम का आयोजन विकास भवन सभागार में किया गया। महक क्रांति नीति की लॉन्चिग सगंध पौधा केन्द्र सेलाकुई देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा की गई।

भीमताल विकास भवन सभागार में वर्चुअल माध्यम से इसका प्रसारण किया गया। संस्थान के निदेशक ने महक क्रांति नीति के बारे के जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट ने कहा हमारे पहाड़ में कृषि बागवानी की अपार संभावनाएं हैं। सगंध पौध से भी किसान अपनी आय दोगुनी कर सकते हैं। पहाड़ में जंगलों में भी औषधि के पौध है जो कई निवारणों के लिए लाभदायक हैं। भीमताल के अधिकांश गांव कृषि बागवानी पर निर्भर है। वैज्ञानिक डॉ. ललित अग्रवाल ने सगंध खेती की जानकारी दी। क्रार्यक्रम में उपस्थित जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी ने कृषकों से महक क्रान्ति नीति में दिए जाने वाले लाभों को अपना कर सिनामोन की खेती बढ़ावा देने का आह्वान किया। खण्ड विकास अधिकारी हर्षित गर्ग ने भीमताल में चल रही योजनाओं का ब्यौरा पेश किया। कार्यक्रम में निदेशक नृपेंद चौहान, कृषि अधिकारी ऋतु टम्टा, मुख्य उद्यान अधिकारी प्रेमा राणा रहे।

# सरकारी स्कूलों से हो रहा मोहभंग

संवाददाता, हल्द्वानी




नगर निगम सभागार में आयोजित ब्लाक शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी में संबोधित करते वक्ता।

**अमृत विचार :** अनुसूचित जाति-जनजाति शिक्षक एसोसिएशन नैनीताल के ब्लॉक हल्द्वानी और कोटाबाग की संयुक्त शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी शनिवार को नगर निगम सभागार में हुई। जिसमें शिक्षकों ने शैक्षिक गुणवत्ता पर चिंता जताई।

गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि शिक्षकों को गैर-शैक्षणिक कार्यों में लगाना, ऑनलाइन कार्यों की अधिकता, बार-बार नए प्रयोग और कई प्राथमिक स्कूलों में एकल शिक्षक और सुविधाओं के अभाव के कारण छात्र संख्या गिर रही है। इससे अभिभावकों का सरकारी स्कूलों से मोहभंग हो रहा है। शिक्षकों ने प्रत्येक स्कूल में पर्याप्त सुविधाएं और पर्याप्त शिक्षकों की तैनाती की मांग की। संगठन के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र टम्टा ने कहा कि नैनीताल जिले के सभी ब्लॉकों में नई कार्यकारिणी का गठन कर लिया गया है। महामंत्री दीप दर्शन ने बताया कि कल (सोमवार) व 16 दिसंबर (मंगलवार) को प्रांतीय अधिवेशन गौचर (चमोली) में होगा, जिसमें जिले से सैकड़ों शिक्षक भाग लेंगे। इस मौके पर जिला संरक्षक हरीश चन्द्र, दुर्गा प्रसाद, इंद्र कुमार आर्य, मनोज त्रिकोटी, मनोज कुमार, शर्मिला रहे।

### हल्द्वानी में प्रकाश, कोटाबाग में दयाल बने अध्यक्ष

हल्द्वानी। संगोष्ठी में हल्द्वानी ब्लॉक की नई कार्यकारिणी का निर्विरोध निर्वाचन हुआ। जिसमें अध्यक्ष प्रकाश चंद्र, उपाध्यक्ष गीता आर्य, मंत्री मंजू रानी और कोषाध्यक्ष चंदन कोहली चुने गए। इसी तरह कोटाबाग ब्लॉक में अध्यक्ष दयाल राम, उपाध्यक्ष सुनीता आर्य, मंत्री चंदन राम और कोषाध्यक्ष दीप कुमार का निर्विरोध निर्वाचन हुआ।

# गुटखा कारोबारी और ट्रांसपोर्टर पर मुकदमा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जान से मारने की नीयत से युवक पर हमला करने वाले गुटखा कारोबारी और ट्रांसपोर्टर समेत चार लोगों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस को दी तहरीर में शिवाजी नगर हिमालया फार्म रामपुर रोड निवासी हरेन्द्र सिंह बिष्ट पुत्र स्व. गगेन्द्र सिंह बिष्ट लिखा, वह गली नंबर एक स्थित नैनीताल ट्रांसपोर्ट में बतौर कलेक्शन एजेंट काम करता है। आरोप है कि बीती 8 दिसंबर की रात वह ड्यूटी से घर लौटा था कि तभी सोमनाथ ट्रांसपोर्ट के मालिक मुकेश भट्ट ने फोन कर हरेंद्र को अपने ट्रांसपोर्ट पर बुलाया। हरेंद्र सोमनाथ ट्रांसपोर्ट पहुंचा तो वहां गुटखा कारोबारी सौरभ अग्रवाल पुत्र महेश चंद्र निवासी रामबाग कालोनी रामपुर रोड, मुकेश भट्ट पुत्र हेम चन्द्र भट्ट निवासी पुरानी आईटीआई बरेली रोड गौजाजाली, संतोष बिष्ट पुत्र गोरा बिष्ट निवासी गौजाजाली बरेली रोड और रिहान पुत्र मो. जफर निवासी लाइन नंबर 12 बनभूलपुरा अपने 10 से 12 अज्ञात साथियों के साथ पहले से मौजूद थे। हरेंद्र के पहुंचते ही चारों हमलावरों ने एकाएक हरेंद्र को पीटना शुरू कर दिया। उसे लाठी, डंडों और लोहे की रॉड से बेरहमी से पीटा। इतना पीटा की हाथ की हड्डी टूट कर हाथ से बाहर निकल गई। उसे जान से मारने की धमकी दी।

# सिख समाज को सौंपें खालसा बालिका इंटर कॉलेज के संचालन का दायित्व

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



गुरुद्वारा श्री गुरुनानक पुरा में सिख समाज की बैठक में मौजूद सिख समाज के सदस्य।

**अमृत विचार :** सिख फेडरेशन के तत्वावधान में सिख समाज की एक बैठक शनिवार को गुरुनानकपुरा गुरुद्वारा के लंगर हॉल में हुई। इसमें सिख समाज की संस्था खालसा नेशनल बालिका इंटर कॉलेज के संचालन पर चर्चा हुई। वक्ताओं ने एक स्वर में इस कॉलेज का संचालन का जिम्मा सिख समाज को वापस देने और प्रबंधन कमेटी का चयन करने की मांग की।

सिख फेडरेशन के गुरप्रीत सिंह प्रिंस ने कहा कि खालसा नेशनल बालिका इंटर कॉलेज सिख समाज की एक प्रमुख शिक्षण संस्था है, इस संस्थान की स्थापना व प्रगति के लिए सिख समाज के बुजुर्गों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2012 मे प्रबंधन कमेटी को लेकर आपसी विवाद हुआ था, फिर मामला कोर्ट में पहुंचा था। अब लगभग 13 वर्ष बाद भी सिटी मजिस्ट्रेट बतौर रिसीवर कामकाज देखते हैं। उन्होंने कहा कि अब इस कॉलेज के संचालन का जिम्मा फिर से सिख समाज को मिलना चाहिए इसके लिए सभी सहमत भी हैं। इस दौरान प्रधान हरजीत सच्चर, प्रधान अमरीक सिंह, प्रधान अमनदीप सिंह, प्रधान सुरजीत चड्ढा, सुखबीर सिंह, दिलीप सिंह, रणजीत सिंह आनंद, जसपाल कपूर, हरजीत सिब्बल, बलवीर सिंह, जगमोहन सिंह, भूपेन्द्र कौर, गुरमीत सिंह, सतविंदर कौर, राजेन्द्र कौर, तरनजीत कौर, सुदर्शन कौर रहे।

# नौ माह में साढ़े तीन साल की विधायक निधि से अधिक हुए विकास कार्य

## भदईपुरा में सड़क व नाली निर्माण कार्यक्रम में महापौर विकास शर्मा ने दी जानकारी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** महापौर विकास शर्मा ने वार्ड नंबर 14 भदईपुरा में सड़क और नाली निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने महापौर शर्मा और वार्ड पार्षद जौनी भाटिया का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया।

शनिवार को शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान महापौर शर्मा ने अपने नौ माह के कार्यकाल की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि नगर निगम के माध्यम से इतने विकास कार्य कराए जा चुके हैं, जो साढ़े तीन साल में विधायक निधि से होने वाले कार्यों से भी अधिक हैं। उन्होंने बताया कि इसी माह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रुद्रपुर पहुंचकर करीब 33 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास करने जा रहे हैं।

महापौर ने स्पष्ट किया कि उनका लक्ष्य एक वर्ष का कार्यकाल पूरा होने तक लगभग 100 करोड़ रुपये की विकास योजनाओं की स्वीकृति प्राप्त करना है। बस्तियों के विकास पर उनका विशेष फोकस है। पूर्व में यह शिकायत रहती थी कि विकास कार्य केवल बड़ी और पूंजीपतियों की कॉलोनियों तक सीमित रहते हैं, लेकिन अब उन बस्तियों को प्राथमिकता दी जा रही है, जहां निचले तबके के लोग निवास करते हैं।



भदईपुरा में शिलान्यास के दौरान मिठाई खिलाते महापौर विकास शर्मा। ● अमृत विचार

### युवाओं का भविष्य संवारने को खुलेगी दो डिजिटल लाइब्रेरी

**रुद्रपुर :** महापौर ने कहा कि शहर के युवाओं के भविष्य को संवारने के उद्देश्य से नगर निगम दो डिजिटल लाइब्रेरी खोलने जा रहा है। इनमें से एक काशीपुर बाईपास रोड पर और दूसरी रम्पुरा क्षेत्र में स्थापित की जाएगी। इससे प्रतियोगी परीक्षाओं और उच्च शिक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए ये डिजिटल लाइब्रेरी किसी वरदान से कम नहीं होंगी। इसके अतिरिक्त किच्छा रोड पर अतिक्रमण से मुक्त कराई गई भूमि पर युवा खिलाड़ियों के लिए करोड़ों रुपये की लागत से एक आधुनिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स विकसित करने की भी योजना तैयार की गई है।

### ये लोग रहे मौजूद

पार्षद प्रमोद शर्मा, भाजपा नेता वेद दुकराल, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील दुकराल, महामंत्री पारस चुघ, राजेश कामरा, रचित सिंह, सुभाष यादव, प्रदीप गुप्ता, मनीष गंगवार लाडी, मन्नू शर्मा, राज पाल मिश्रा, राजा राम, ऋषि यादव, अनिल गंगवार, नागेंद्र गंगवार आदि मौजूद रहे।

## दहेज को लेकर विवाहिता से मारपीट

**रुद्रपुरः** गांधी कालोनी निवासी एक महिला ने ससुरालियों पर दहेज की मांग पूरी नहीं करने पर मारपीट का आरोप लगाया है। साथ ही पुलिस को तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति समेत सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांधी कालोनी वार्ड 27 निवासी तहबा नूर ने पुलिस को तहरीर सौंपी। साथ ही कहा कि उसका विवाह मुस्लिम रीति-रिवाज से 10 मई 2024 को विक्की खान पुत्र मोहम्मद जान के साथ हुआ था। विवाह के दौरान पति, सास, ससुर और जेठ समेत अन्य ससुराली एक कार और पांच लाख रुपये न मिलने पर बारात वापस ले जाने की धमकी देने लगे। इस दौरान बारात में आए लोगों ने बीच बचाव कर उसकी विदाई कराई। विदाई के बाद ससुराल पहुंचने पर ससुराली कम दहेज लाने का ताना देने लगे। साथ ही उसका शारीरिक तथा मानसिक रूप से उत्पीड़न करने लगे। 22 फरवरी 2025 की रात ससुरालियों ने उसके साथ मारपीट की और घर से निकाल दिया। तहबा नूर ने पुलिस से पति विक्की खान, सास चमन, ससुर मोहम्मद जान, जेठ शैजी खान, जेठानी अंजुम तथा ननद महरीन तथा इमरान के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। एसएसआइ नवीन बुधानी ने बताया कि सात लोगों पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। साथ ही मामले की जांच की जा रही है।

## शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए

**बाजपुरः** शादी का झांसा देकर युवती से शारीरिक संबंध बनाने, अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगा तहरीर दी है। वहीं पुलिस ने मुख्य आरोपी युवक समेत छह लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस चौकी बरहैनी क्षेत्रांतर्गत निवासी युवती ने पुलिस को बताया कि उसका प्रेम प्रसंग फरवरी 2022 से एक युवक के साथ चल रहा था। आरोप है कि शादी का झांसा देकर आरोपी ने लंबे समय तक शारीरिक संबंध बनाए। कुछ समय पूर्व पीड़िता को जानकारी मिली कि आरोपित का कहीं और रिश्ता तय हो चुका है, जिस पर उसने दूरी बनानी शुरू कर दी। पीड़िता का आरोप है कि इसके बाद आरोपी ने उसके पास फोटो व वीडियो होने की बात कहकर उन्हें सोशल मीडिया पर वायरल करने और परिजनों को दिखाने की धमकी दी, जिससे वह डर गई और दोबारा संपर्क में आ गई। आरोप है कि युवक ने पुनः शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। जब पीड़िता ने शादी की बात कही तो आरोपी ने शादी से इन्कार करते हुए गाली-गलौज की और जान से मारने व झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। तहरीर में यह भी आरोप लगाया है कि आरोपी के भाई ने भी फोन पर धमकी दी, जबकि उसके परिवार के अन्य सदस्य घर पर आकर पीड़िता को डराने-धमकाने लगे।

# 35 वर्ष पूर्व खरीदी भूमि पर कब्जे का प्रयास किया

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के समक्ष उनके कैंप कार्यालय में वार्ड संख्या 14 निवासी रितेश कुकरेती व उनकी माता उर्मिला कुकरेती ने उनके कब्जे की सात बीघा भूमि पर पुलिस व हल्का पटवारी की सह पर कब्जा करने का मामला उठाया। जिस पर सीएम धामी ने एसएसपी से मामले की जांच के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को सौंपे ज्ञापन में रितेश कुकरेती ने कहा कि उनके पिता दिनेश कुकरेती ने ग्राम झनकईया में 35 वर्ष पूर्व खेत संख्या 355 मध्ये सात बीघा जमीन क्रय की थी। तब से लगातार इसमें खेती-बाड़ी की जा रही थी। कुछ लोग इसी खेत नंबर 355 का खेत संख्या 355/1, 355/2, 355 /3, 355/4 विपक्षी बनकर उनकी जमीन पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। सीएम धामी को सौंप ज्ञापन में विपक्षी हल्का पटवारी व पुलिस से मिलकर उनके खेत में कब्जा करने के उद्देश्य से खेत में नींव खुदवा रहे हैं। विपक्षियों द्वारा एक ही खेत नंबर के अपने तरीके से कई नक्शे जारी किए गए हैं। पीड़ित ने बताया कि इस मामले में उप जिलाधिकारी द्वारा तहसीलदार को निर्देशित किया गया है कि नाप जोख किए बिना किसी भी पक्षी को कब्जा दिलवाने व छुड़वाने की कोई कार्रवाई न की जाए। पीड़ित परिवार ने उनकी भूमि पर किए जा रहे कब्जे से निजात दिलाने की मांग की सीएम धामी ने इस संबंध में एसएसपी से जांच कर उचित कार्रवाई के निर्देश दिए।

### एक ही खेत नंबर के तीन अलग-अलग नक्शे जारी

**खटीमा :** भूमाफियाओं के जमीन कब्जाने के मामले में झनकईयां सुर्खियों में है। वर्षों पूर्व जिस कृषि योग्य भूमि का राजस्व विभाग पट्टा जारी कर चुका था। उसमें प्लाटिंग कर जमीन बेचकर लाखों के वारे न्यारे कर चुके हैं। इस भूमि पर वर्तमान में पक्की ईमारतें खड़ी हैं। 355 रकवें मध्ये बची भूमि पर अब भी भू- माफियाओं की नजर लगी हुई है भूमाफियाओं को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से राजस्व विभाग एवं पुलिस नायब तरीके निकाल रही है। ग्राम सभा झनकैइया के एक ही खेत नंबर 355, 355/1, 355/2, 355/3 , 355 / 4 दर्शाकर अलग-अलग नक्शे जारी किए गए हैं। एक ही खेत के 19/02/ 2013, 19/01/ 2021, 13/06/2022 तिथियां में अलग-अलग नक्शे जारी किए गए हैं।

# बटालियन का स्थानांतरण रोका जाए

संवाददाता, खटीमा



खटीमा में मुख्यमंत्री धामी को ज्ञापन सौंपते पूर्व सैनिक संगठन अध्यक्ष व अन्य।

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने खटीमा भ्रमण के दूसरे दिन शनिवार को लोहियाहेड स्थित कैंप कार्यालय और हेलीपैड पर जनप्रतिनिधियों व जनता से मुलाकात कर जनसमस्याएं सुनीं और उनका समाधान करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

पूर्व सैनिक संगठन अध्यक्ष गंभीर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर 130 पर्यावरण बटालियन को पिथौरागढ़ से राजस्थान किए गए स्थानांतरण को रोकने की मांग की। उन्होंने कहा कि यह बटालियन पिथौरागढ़ के आसपास के क्षेत्र में पर्यावरण के लिए कार्य करती है। यह भी कहा कि जलवायु और पर्यावरण मंत्रालय द्वारा इसका स्थानांतरण राजस्थान कर दिया गया है। जिसे रोकने की मांग सभी पूर्व सैनिक कर रहे हैं। एक अन्य ज्ञापन सौंपकर उन्होंने खटीमा में नवनिर्मित सीएसडी कैंटीन परिसर में शहीद स्मारक बनाने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि क्षेत्र के करीब 36 जवानों ने सेवा के दौरान अपनी शहादत दे चुके हैं। यह भी कहा कि शाहिद स्मारक बनने से युवा इनको नमन कर प्रेरणा ले सकेंगे।

इस अवसर पर महापौर विकास शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, दर्जा मंत्री अनिल कपूर डब्बू, जिलाध्यक्ष कमल जिन्दल, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, जिलाधिकारी चम्पावत मनीष कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा, प्रभागीय वनाधिकारी हिमांशु बागरी, अपर जिलाधिकारी कौस्तूभ मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## राजस्थान गए बिना ही कट गया डंपर का चालान

**बाजपुर :** एक डंपर के राजस्थान में बिना गए ही वहां चालान होने का मामला सामने आया है। इससे परेशान डंपर मालिक ने कोतवाली बाजपुर पहुंचकर पुलिस से शिकायत की है। पुलिस ने मामले को गंभीर मानते हुए संबंधित राजस्थान आरटीओ से संपर्क करने की सलाह दी है। ग्राम मुंडिया मनी निवासी गुरमीत सिंह ने पुलिस को बताया कि वह जन्म से उत्तराखंड के ही निवासी हैं और कभी राजस्थान नहीं गए। उसके पास डंपर संख्या (यूके18/सीए7819) है, जो उत्तराखंड में विशेष रूप से जनपद ऊधम सिंह नगर क्षेत्र में ही संचालित होता है। दावा किया कि डंपर कभी भी माल लेकर राजस्थान नहीं गया है। गुरमीत सिंह ने बताया कि जब वह अपने डंपर का टैक्स जमा करने आरटीओ कार्यालय काशीपुर गए, तो वहां उसके वाहन के नाम पर राजस्थान में तीन चालानों की जानकारी मिली। यह जानकारी मिलने के बाद वह भयभीत हो गया।

# डॉ. संदीप बने जिला समिति के जिलाध्यक्ष

● कर्मचारी हितों के लिए हुआ जिला समिति का गठन

संवाददाता, रुद्रपुर



सीएमओ कार्यालय में खुशी मनाते जिला समिति के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कर्मचारी हितों, कार्य प्रणाली सुधार, सेवा और स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रभावशीलता के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संगठन के तहत जिला समिति की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें डॉ. संदीप मिश्रा को जिलाध्यक्ष और प्रदीप महर को जिला महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

शनिवार को सीएमओ कार्यालय के सभागार में कार्यक्रम आयोजित हुई। इस दौरान समिति की कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें जिलाध्यक्ष और जिला महासचिव के अलावा दान सिंह भंडारी और हिमांशु मुस्युनी को जिला संरक्षक, शुभम पपनाई को जिला उपाध्यक्ष (पुरुष), भावना देवी को जिला उपाध्यक्ष (महिला), संजय रावत को जिला सचिव, मो.आमिर को जिला मीडिया प्रभारी, दिनेश चंद्र जोशी को जिला कोषाध्यक्ष, नवल किशोर को जिला संगठन मंत्री (पुरुष), निर्मला को जिला संगठन मंत्री (महिला) की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। इसी तरह डॉ. शैलजा त्रिपाठी, सीमा कुमार और डॉ. ओंकार नाथ ओझा को जिला प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। वहीं बैठक में संगठनात्मक नियमों और कार्य पद्धति पर चर्चा की गयी। साथ ही समिति के सदस्यों ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की। साथ ही तय हुआ कि गठित जिला समिति अब नियमित बैठकों, प्रशिक्षणों और कर्मियों के अधिकारों के संरक्षण के लिए कार्य योजनाओं को आगे बढ़ाएगी। यह समिति स्वास्थ्य मिशन की नीतियों को जिला स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने में सहायता करेगी।

# आंगनबाड़ी केंद्र का भ्रमण किया

● नन्हे-मुन्ने बच्चों को ठंड से बचाने के लिए वितरित किए कंबल

संवाददाता, रुद्रपुर



बच्चों को कंबल वितरण के दौरान अल्पसंख्यक आयोग की उपाध्यक्ष। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** अल्पसंख्यक आयोग की उपाध्यक्ष फरजाना बेगम ने रुद्रपुर ट्रांजिट कैंप स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने नन्हे-मुन्ने बच्चों को ठंड से बचाने के लिए कंबल वितरित किए।

शनिवार को कार्यक्रम के दौरान अल्पसंख्यक आयोग की उपाध्यक्ष ने कहा कि बच्चे मन के सच्चे होते हैं। कंबल पाकर उनके चेहरों पर जो खुशी और उल्लास दिखाई दिया वही हमारे प्रयासों की वास्तविक सफलता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश की सरकार आंगनबाड़ी केंद्रों में पंजीकृत बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और उनकी बुनियादी सुविधाओं को सशक्त करने के लिए पूरी निष्ठा और संवेदनशीलता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि बच्चों का समग्र विकास सरकार की प्राथमिकताओं में सर्वोपरि है। समाज के सबसे छोटे और संवेदनशील वर्ग के बच्चों की सुरक्षा और देखभाल हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर आंगनबाड़ी केंद्र संचालिका रंजीता अरोरा समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बिना तलाक दिए दूसरी शादी रचाने चला दूल्हा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में पहली पत्नी को तलाक दिए बिना ही दूसरी शादी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जियावाला थाना कैंट देहरादून निवासी बबीता ने बताया कि उसका विवाह उमेश कुमार निवासी ग्राम लहसोई सियाठेरी थाना शीशगढ़ तहसील बहेड़ी जिला बरेली के साथ 19 अप्रैल 2018 को हुआ था। विवाह के कुछ दिन बाद उमेश कुमार उससे मारपीट करने लगा। इससे नाराज होकर वह कुछ दिन के लिए अपने मायके देहरादून चली गई थी। इस बीच उसे पता चला कि उसके पति उमेश ने बिना बताए ही ग्राम उतरसिया चौकी भूरिया कालोनी बहेड़ी निवासी युवती के साथ विवाह संगम वाटिका रुद्रपुर में कर रहा है।

जब वह अपना परिवार बचाने के लिए 9 मई 2025 को संगम वाटिका मैरिज पैलेस पहुंची तो उसे देखकर पति उमेश कुमार गालीगलौज करने लगा। इतना ही उसने अपने पिता व मां के साथ मिलकर उसकी पिटाई की। साथ ही युवती ने भी अपने भाई, पिता, बहन के साथ मिलकर पीटा। धमकी दी कि वह उसे जान से मार देंगे। इस घटना में वह घायल हो गई थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# 1449 ने दी नवोदय की प्रवेश परीक्षा

संवाददाता, रुद्रपुर



केंद्र से परीक्षा देकर आते अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सत्र 2026 -27 में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए जवाहर नवोदय की प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। इस दौरान पंजीकृत 2349 अभ्यर्थियों में से 1949 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 400 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के लिए जनपद के सात ब्लॉकों में 10 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे।

शनिवार को जवाहर नवोदय में प्रवेश के लिए परीक्षा सुबह 11.30 बजे से 1.30 बजे से आयोजित हुई। सुबह से ही अभ्यर्थियों के परीक्षा केंद्रों पर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। परीक्षा कक्ष में जाने से पूर्व सभी अभ्यर्थियों की चेकिंग की गयी इसके बाद ही कक्ष में जाने की अनुमति दी गयी।

नवोदय विद्यालय की प्राचार्य कंचन जोशी ने बताया कि कक्षा 6 में 2349 अभ्यर्थी पंजीकृत थे जिनमें से जिनमें से 1949 परीक्षा में शामिल हुई। करीब 83 प्रतिशत अभ्यर्थियों ने प्रवेश परीक्षा में भाग लिया। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए प्रत्येक ब्लॉक में एक परीक्षा केंद्र बनाया गया था। छात्रों की संख्या को देखते हुए रुद्रपुर सितारगंज एवं खटीमा ब्लॉक में दो-दो परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। मुख्य शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में सभी केंद्रों पर परीक्षा व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर दी गई थी। वहीं परीक्षा के दौरान सभी केंद्रों पर पुलिस फोर्स लगाया गया था।



नव चेतना पब्लिक स्कूल श्रीपुर बिछुआ में प्रशस्ति पत्र के साथ विजेता प्रतिभागी।

## आशीष, काव्या, दिव्यांक और मयंक रहे अव्वल

**खटीमा :** नवचेतना पब्लिक स्कूल श्रीपुर बिछवा में गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके फाइनल राउंड में किंडरगार्टन, प्राथमिक और जूनियर वर्ग के बच्चों ने प्रतिभाग कर अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के किंडरगार्टन वर्ग में आशीष भट्ट ने प्रथम, आरव भट्ट व आयुष्मान भट्ट ने द्वितीय और लक्षित चौसली व दिव्यांशी कुमारी ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं प्राथमिक वर्ग में काव्या भट्ट व दिव्यांक चंद ने प्रथम, काव्या बुंगला व भूमिका कापड़ी ने द्वितीय और रितिका चंद व हर्ष कापड़ी ने तृतीय स्थान हासिल किया। जूनियर वर्ग में मयंक मुडिला ने प्रथम, दीप चौसाली ने द्वितीय और उदित बुंगला ने तृतीय स्थान पाया। निर्णायक की भूमिका मनोज भट्ट एवं भूपेंद्र बोहरा ने निभाई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सुमन कापड़ी ने सभी बच्चों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रबंधक विनोद कापड़ी, मनोज भट्ट, रीता कापड़ी, भूपेंद्र बोहरा, मंजू चंद, गीता राना, गोदावरी चंद, कमल चंद, पूजा, निकिता, सचिन खाती आदि उपस्थित रहे।

उत्साह | जिला अध्यक्ष हिमांशु गाबा ने की कार्यकर्ताओं के साथ बैठक

# कांग्रेस की महारैली को लेकर तैयारी तेज

संवाददाता, किच्छा



किच्छा में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेसी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** दिल्ली में कांग्रेस केंद्रीय नेतृत्व द्वारा आयोजित "वोट चोर - गद्दी छोड़" कार्यक्रम को लेकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर अधिक से अधिक संख्या में महारैली में शिरकत करने का आह्वान किया।

नवीन मंडी अतिथि गृह में संपन्न हुई कांग्रेसियों की बैठक में दूसरी बार ऊधम सिंह नगर का जिला अध्यक्ष बनने पर कार्यकर्ताओं द्वारा फूल मालाएं पहनाकर हिमांशु गाबा का जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर पूर्व दर्जा राज्य मंत्री एवं प्रदेश प्रवक्ता डॉ. गणेश उपाध्याय ने कहा कि 14 दिसंबर को दिल्ली में वोट चोर - गद्दी छोड़ के तहत कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की अगुवाई में महा रैली का आयोजन किया जा रहा है तथा महारैली में दर्जनों कार्यकर्ता अपने-अपने निजी वाहनों से दिल्ली रवाना होंगे। जिला अध्यक्ष गाबा ने कहा कि उनके द्वारा जल्द ही हर न्याय पंचायत एवं हर ग्राम सभा स्तर पर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर समर्पित एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं को नगर एवं ब्लॉक कमेटी में दायित्व दिया जाएगा। मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष नारायण बिष्ट, पूर्व नगर अध्यक्ष अरुण तनेजा, प्रदेश सचिव विनोद कोरंगा आदि मौजूद रहे।

### दिल्ली में ऐतिहासिक होगी रैली : चौधरी

**किच्छा :** कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी बबलू ने कहा कि भाजपा की नीतियों से देश की जनता त्रस्त हो गई है और कांग्रेस द्वारा जन जागरूकता अभियान के तहत दिल्ली में आज 14 दिसंबर को महारैली का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सहित देश के सभी राज्यों से हजारों कार्यकर्ता महारैली में शिरकत कर केंद्र सरकार के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करेंगे। उन्होंने कहा कि दिल्ली में आयोजित होने वाली महारैली ऐतिहासिक होगी। उन्होंने सभी से रैली में शामिल होने का आह्वान किया है।

# तेज रफ्तार ने दो लोगों को मारी टक्कर, रिपोर्ट

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** शादी समारोह से लौटने के दौरान सड़क किनारे लघुशंका करने रुके कार सवार दो लोगों को तेज रफ्तार बाइक चालक ने टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने बाइक सवार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पीरूमदारा के बद्री विहार निवासी अरविन्द सिंह रावत ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 20 नवंबर को उसके पिता विक्रम सिंह रावत, मां सरिता देवी व ग्राम प्रतापपुर निवासी जगत सिंह कार में सवार होकर कुंडेश्वरी में विवाह समारोह में गये हुए थे। जब वह विवाह समारोह से रात्रि में घर वापस आ रहे थे, तो लगभग 9.10 बजे कुण्डेश्वरी-भीमनगर रोड पर चौराहे से पहले उसके पिता कार रोककर सड़क किनारे लघुशंका करने उतरे तथा जगत सिंह भी उनके साथ कार से उतर गये। बताया कि जब वह वापस कार की ओर आ रहे थे, तो भीम नगर की ओर से आ रही बाइक सवार चालक दीपक, जो शराब के नशे में था, ने उसके पिता व जगत सिंह को टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया और खुद भी सड़क पर गिरकर चोटिल हो गया। बताया कि घायल पिता, जगत सिंह व दीपक को सरकारी अस्पताल काशीपुर लाया गया।

ब्रीफ न्यूज

### ऑपरेशन कालनेमि अभियान चलाया

**काशीपुर :** देवभूमि उत्तराखंड की सांस्कृतिक धरोहर और मूल स्वरूप को सुरक्षित बनाए रखने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशन में उत्तराखंड पुलिस की ओर से ऑपरेशन कालनेमि अभियान चलाया जा रहा है। सीओ दीपक सिंह ने बताया कि ऑपरेशन कालनेमि राज्यभर में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त कर रहा है। इसी अभियान के तहत शनिवार को क्षेत्र भर से पुलिस ने शनि दान मांगने वाले लगभग 8-10 लोगों को पकड़ कर कोतवाली लाई। जहां इन लोगों से पूछताछ और आधार कार्ड देखे गए। पकड़े गए लोगों ने बताया वह प्रत्येक शनिवार, अमावस्या, पूर्णमासी को दान मांगने जसपुर क्षेत्र से आते हैं। पुलिस ने सभी पकड़े लोगों से गहनता से पूछताछ कर सख्त हिदायत देकर छोड़ दिया।

### रोडवेज स्टेशन के पास युवक का मोबाइल छीना

**रुद्रपुर :** रोडवेज स्टेशन के पास हल्द्वानी के एक युवक से मोबाइल छीनकर भाग रहे दो युवकों को स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया। बाजार चौकी पुलिस दोनों युवकों को चौकी ले आयी और पूछताछ की। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार हल्द्वानी गन्ना सेंटर निवासी अमित शनिवार की सुबह अपने बहनों के साथ किसी काम से रुद्रपुर कोतवाली आया हुआ था। इस दौरान अमित पैदल ही आगे-आगे रोडवेज स्टेशन की ओर जाने लगा। पीछे से ई-रिक्शा में उसकी बहनें भी आ रही थीं। इस बीच दो युवकों ने अमित को पकड़ लिया और मोबाइल छीन लिया। इस बीच वहां पहुंची बहनों ने शोर मचाया तो दोनों युवक भागने लगे। शोर शराबा सुनकर वहां से गुजर रहे लोगों ने दोनों युवकों को पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया। इसके बाद बाजार चौकी पुलिस ने दोनों युवकों को चौकी ले जाकर पूछताछ की।

### सड़क हादसे में बाइक सवार दंपती घायल

**बाजपुर :** सड़क हादसे में बाइक सवार दंपती घायल हो गया, जिन्हें सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया है। ग्राम खेमपुर पलकाचौड़ गदरपुर निवासी 30 वर्षीय हरपाल सिंह अपनी पत्नी 30 वर्षीय विमला देवी के साथ बाइक पर ग्राम खेमपुर से बाइक पर बरहैनी जा रहे थे। बताया जाता है कि इसी बीच ग्राम बेरिया दौलत क्षेत्र में पेट्रोल पंप के पास शुक्रवार की देर रात करीब साढ़े 9 बजे अज्ञात वाहन ने बाइक को चपेट में ले लिया। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें आसपास के लोगों व राहगीरों की मदद से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

### नाबालिग से दुष्कर्म मामले में दो युवक दोषमुक्त हुए

**रुद्रपुर :** अपर सत्र न्यायाधीश संगीता आर्य ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में दो युवकों को साक्ष्यों के अभाव में दोषमुक्त कर दिया है।यहां बता दें कि एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल की प्रभारी बंसती आर्या ने मार्च 2021 में पुलिस टीम के साथ भूरारानी क्षेत्र में एक घर पर छापा मारा था। जहां से नाबालिग के साथ दो युवकों को पकड़ा था। युवकों पर नाबालिग से दुष्कर्म का आरोप था। मामले में ग्राम हिम्मतपुर गैबुआ कालाढूंगी नैनीताल निवासी राकेश रोशन उर्फ राज व ग्राम जिगना थाना मीरगंज बरेली निवासी जितेंद्र उर्फ जीत पर पॉक्सो एक्ट की धारा में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मई 2021 को पुलिस ने न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किए। मामला अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत में पहुंचा। दोनों पक्षों को सुनने के बाद न्यायालय ने 11 दिसंबर को दोनों युवकों को दोषमुक्त करार दिया है।



खटीमा में प्रदर्शन करते पीड़ित और समर्थक। ● अमृत विचार



खटीमा में प्रदर्शनकारियों से बातचीत करते सीओ विमल रावत और एसडीएम तुषार सैनी। ● अमृत विचार

# हत्या के विरोध में हिंदूवादी संगठनों ने निकाला जुलूस, प्रदर्शन

## आरोपी की चाय की दुकान में लगाई आग, बाजार बंद कराया, पुलिस और कार्यकर्ताओं में तीखी नोकझोंक, हंगामे को देख पुलिस ने फटकारी लाठियां

**आक्रोश**

**संवाददाता, खटीमा**

**अमृत विचार:** हिंदूवादी संगठनों ने बीती रात्रि हुई तुषार शर्मा की हत्या के विरोध में दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग को लेकर प्रदर्शन करते हुए बाजार बंद कराया गया। इस दौरान आरोपी की चाय की दुकान में आग लगा दी। इस दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं में तीखी नोकझोंक हुई और पुलिस को लाठियां फटकारनी पड़ीं।

शनिवार को तुषार शर्मा की हत्या की खबर लगते ही हिन्दूवादी संगठन व भाजपा कार्यकर्ताओं में आक्रोश फैल गया। हिन्दूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं ने तुषार के परिजनों के साथ रोडवेज बस अड्डे के पास सड़क पर बैठकर हत्यारोपी की गिरफ्तारी को लेकर जाम लगा दिया। इस दौरान पुलिस को प्रदर्शनकारियों की जमकर नोकझोंक हुई। पुलिस ने बमुश्किल प्रदर्शनकारियों को शांत कर जाम खुलवाया। आक्रोशित हिन्दूवादी संगठनों ने हत्या के विरोध में नगर में जुलूस निकालकर बाजार को पूर्ण रूप से बंद करा दिया। घटना के बाद पूरे नगर में जगह-जगह पुलिस फोर्स तैनात रही। सीओ विमल रावत व कोतवाल विजेंद्र शाह के नेतृत्व में पुलिस टीम प्रदर्शनकारियों पर कड़ी नजर रखे हुए थी। आक्रोशित प्रदर्शनकारियों ने विशेष समुदाय की बंद दुकानों में लाठी डंडों से तोड़ फोड़ की। हिन्दूवादी संगठनों ने कोतवाली पहुंचकर तुषार के हत्यारोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग को लेकर हंगामा काटा और कोतवाली गेट के सामने सड़क को जाम कर दिया। पुलिस प्रशासन ने प्रदर्शनकारियों को समझाकर जाम खुलवाया। बाद में प्रदर्शनकारी आजाद मार्केट, सब्जी मंडी होते हुए गोटिया की ओर जाने लगे। मौके पर मौजूद पुलिस ने रोकने का असफल प्रयास किया। तत्काल आनन-फानन में मौके पर पहुंची पुलिस फोर्स ने प्रदर्शनकारियों को रोक वापस भेजा। जुलूस ने खड़ंजा रोड, मुख्य चौक, मेलाघाट रोड बंद कराते हुए रोडवेज बस अड्डे पर पहुंचे। जहां उनकी पुलिस से नोकझोंक हुई। सीओ विमल रावत ने कहा कि नगर में जगह-जगह पुलिस फोर्स तैनात की गई है जो घटनाक्रम पर नजर रखे हुए है। उन्होंने कहा कि पुलिस टीमों का गठन कर हत्यारोपी की गिरफ्तारी के लेकर दबिश दी जा रही है। जल्द ही हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। अब स्थिति सामान्य है।



खटीमा में हत्याकांड के विरोध में बाजार बंद। ● अमृत विचार

### आग पर फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

**खटीमा :** प्रदर्शन के दौरान रोडवेज के पास एक खोखे में आग लगने की सूचना पर प्रभारी अग्निशमन अधिकारी राजेंद्र सिंह मल्ल के नेतृत्व में फायर टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर रोडवेज फुटपाथ के पास पप्पू अंसारी की चाय-बिस्किट, बीड़ी-तम्बाकू के बंद खोखे में लगी आग को बुझाया। तब तक खोखे में रखा सामान जल गया। इस दौरान सुंदर सिंह परिहार, कमल सामंत, मनोज कुमार, त्रिभुवन प्रसाद, निकिता मेहता, चंद्रकला, रेनू आदि मौजूद थे।



खटीमा में आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर कोतवाल से मिलते पालिकाध्यक्ष और व्यापारी। ● अमृत विचार

### व्यापारियों ने की दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग

**खटीमा :** शुक्रवार देर रात्रि हुए तुषार हत्याकांड के खुलासे को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं व व्यापारियों ने पुलिस क्षेत्राधिकारी विमल रावत और कोतवाल विजेंद्र शाह से मिले। उन्होंने हत्याकांड के आरोपियों को गिरफ्तार करने एवं कठोर कार्रवाई करने की मांग की। पालिकाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी के नेतृत्व में व्यापारियों एवं भाजपा कार्यकर्ता पीड़ित परिवार से मिले और उन्हें आश्वस्त किया कि भाजपा और व्यापारी पीड़ित परिवार के साथ है। साथ ही अपील की कि इस हत्याकांड को सांप्रदायिक रूप न दिया जाए। भाजपा कार्यकर्ता और व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन से हत्याकांड की आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तारी और हत्याकांड का पर्दाफाश करने की मांग की। एसपी सिटी डॉ. उत्तम सिंह नेगी ने व्यापारियों को आश्वास दिया कि आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा। इस दौरान पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष गणेश ढुकराठी, पूर्व छात्र संघ उपाध्यक्ष मनोज वाधवा, हिमांशु बिष्ट, नीरज रस्तोगी, लक्ष्मण भंडारी, सतीश गोयल, किशन सिंह किन्ना, भुवन जोशी, दीपक तिवारी, नवल वाल्मीकि, तरुण ठाकुर, महेंद्र ठाकुर, विजय गुप्ता आदि थे। इधर भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर में हुए जघन्य हत्याकांड में मृतक तुषार शर्मा के परिजनों से मिलकर शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी। साथ ही पुलिस प्रशासन से भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने दोषियों की जल्द गिरफ्तारी एवं अतिक्रमण को ध्वस्त करने की मांग की। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार पाण्डेय, चंपावत जिला सह प्रभारी हिमांशु बिष्ट, पूर्व मंडी अध्यक्ष नंदन सिंह खड़ायत, नीरज सक्सेना, प्रमोद गड़कोटी, दीपक तिवारी आदि मौजूद रहे।

# पुलिस अभिरक्षा में हुआ युवक का पोस्टमार्टम व अंतिम संस्कार

**संवाददाता, खटीमा**

- रोडवेज परिसर में अफरातफरी मौका पाकर हमलावर फरार

**अमृत विचार:** टनकपुर रोड स्थित रोडवेज बस स्टेशन के पास हुई दो गुटों में हुई मारपीट और चाकूबाजी में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। एकाएक हुई घटना से रोडवेज पर अफरातफरी का माहौल पैदा हो गया। घायलों को तत्काल नागरिक अस्पताल ले जाया गया। जिसमें एक युवक ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया जबकि दो को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव को पुलिस सुरक्षा में घर और फिर श्मशान घाट तक पहुंचाया गया।

रोडवेज के पास शुक्रवार देर रात्रि पुरानी रंजिश को लेकर दो गुटों में मारपीट और चाकूबाजी में आश्रम पद्धति विद्यालय के पीछे रहने वाले तुषार शर्मा (24) पुत्र



तुषार शर्मा (फाइल फोटो)।

मनोज शर्मा, पकड़िया निवासी सलमान पुत्र शब्बू और वाल्मीकि बस्ती निवासी अभय पुत्र कन्हैया लाल गंभीर रूप से घायल हो गए। चाकूबाजी की घटना से रोडवेज परिसर में अफरातफरी मच गई। मौका पाकर हमलावर युवक फरार हो गए। मौके पर मौजूद लोगों द्वारा तुरंत घायलों को उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। जहां उपचार के दौरान तुषार शर्मा ने दम तोड़ दिया। इमरजेंसी में तैनात डॉ. गरिमा ने प्राथमिक उपचार के बाद सलमान और अभय की हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस ने तुषार के शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया। कोतवाल विजेंद्र शाह ने बताया कि रोडवेज बस स्टेशन के पास हुई चाकूबाजी में एक युवक की मौत हुई है वहीं घायलों के बयान ले लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस की कई टीमें हमलावरों की तलाश कर रही है। शनिवार को शव का पुलिस अभिरक्षा में पोस्टमार्टम किया गए और पुलिस टीम के साथ शव को लेकर आवास पहुंची। जहां परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। मृतक तुषार की पत्नी व मां बेसुध थी। बाद में मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# घटनास्थल के पास के अतिक्रमण को हटाया



खटीमा में घटनास्थल के आसपास का हटाया गया अतिक्रमण। ● अमृत विचार

**संवाददाता, खटीमा**

**अमृत विचार:** रोडवेज बस स्टेशन के समीप शुक्रवार रात्रि लगभग नौ बजे हुई चाकूबाजी के घटना में एक युवक की हत्या और दो के गंभीर रूप से घायल होने के बाद हरकत में आए शासन प्रशासन ने पुलिस की मौजूदगी में टनकपुर रोड राजकीय आश्रम पद्धति के आगे पीडब्ल्यूडी की जमीन पर हुए अवैध कब्जे खकरा नाले तक हटा दिया गया।

उप जिलाधिकारी तुषार सैनी अपनी टीम के साथ भारी पुलिस बल की मौजूदगी में दो दर्जन से अधिक अवैध कच्चे निर्माण खोखे-खोमचे ढहा दिए। एसडीएम तुषार सैनी ने बताया कि लोनिवि की जमीन पर अवैध तरीके से दुकान चलाने वालों की शिकायत आ रही थी कि यहां असामाजिक तत्वों का जमघट रहता था। यह भी कहा कि जनहित में इन्हें हटाया जाना जरूरी बन चुका था। पुलिस मामले में अभी जांच कर रही है। इसके बाद आगे कार्रवाई होगी।

### मृतक के पिता ने सौंपी नामजद तहरीर

**खटीमा :** आश्रम पद्धति विद्यालय के पीछे निवासी मृतक के पिता मनोज शर्मा ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि वह 12 दिसंबर की रात्रि करीब सवा नौ बजे अपने घर पर था। उसे सूचना मिली कि उसके पुत्र तुषार शर्मा को हाशिम, शहबाज, समीर, उफरान एवं पप्पू (चाय वाला) ने घेरकर चाकू मार दिया है और इसी घटना में सलमान और अभय (बाबू) को भी चाकू से गम्भीर चोटें आयी हैं। जब घटनास्थल पर पहुंचा तो निहाल और अन्य लोग तुषार को उप जिला चिकित्सालय ले जा चुके थे। जब वह अस्पताल पहुंचा तो, उसे लोगों ने बताया कि रोडवेज स्टेशन पर तुषार, सलमान, रजत, जावेद और अभय (बाबू) खड़े थे। तो पूर्व नियोजित षड़यंत्र के तहत पहले से ही धारदार हथियारों एवं चाकू से लैस होकर जान से मारने की नियत से हाशिम के दोस्तों ने मिलकर तुषार को पकड़ा और हाशिम ने तुषार के पेट में पहला वार चाकू से किया और दूसरा वार सीने पर किया और बाकी लोग ने डंडों से मारपीट करने लगे। शहबाज और समीर ने सलमान को पकड़कर पप्पू चाय वाले की दुकान पर ले जाकर बुफरान ने सलमान को गम्भीर रूप से चाकू मारकर घायल कर दिया और इसी बीच-बचाव में अभय (बाबू) को भी गम्भीर चोटें आयी हैं, जो चिकित्सालय में भर्ती हैं। उसके पुत्र तुषार को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने तहरीर मिलने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है। अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. उत्तम सिंह नेगी ने बताया कि तुषार हत्याकांड में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। जल्द ही हत्याकांड का खुलासा कर दिया जाएगा।

**उत्साह** मोर्चा का दायित्व मिलने पर विधायक अरोरा का जताया आभार, बोले-योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाएंगे

# राजेश व विपिन समर्थकों के साथ पहुंचे विधायक आवास

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश में संगठन का विस्तार करते हुए सभी जिलों में मोर्चा के जिला अध्यक्ष के नाम की घोषणा की है। इसमें रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र से किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष के नाम पर राजेश बजाज और युवा मोर्चा विपिन गहलोत (बिट्टू चौहान) के नाम की घोषणा हुई है। वहीं दोनों मोर्चों के जिलाध्यक्ष समर्थकों के साथ विधायक शिव अरोरा के आवास पहुंचे और आभार दायित्व मिलने पर आभार जताया।

विधायक शिव अरोरा ने कहा रुद्रपुर क्षेत्र से युवा मोर्चा और किसान मोर्चे से बनाये गये दोनों जिला अध्यक्ष बिट्टू चौहान और राजेश बजाज पूर्व में भी पार्टी सगठन की अनेकों जिम्मेदारी का निर्वहन कर चुके हैं। दोनों के नेतृत्व में युवाओं और किसानों का जुड़ाव पार्टी के प्रति होगा। वहीं दोनों जिलाध्यक्ष राजेश बजाज व बिट्टू चौहान ने भी विधायक शिव अरोरा को भरोसा दिया कि वे पार्टी संगठन व विधायक के विश्वास पर खरा उतरते हुए केंद्र सरकार व राज्य सरकार की जन कल्याणी योजनाओं को जन-जन तक ले जाने का कार्य करेंगे।

इस अवसर पर गदरपुर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रीत ग्रोवर, जिला मंत्री प्रमोद मित्तल, अनमोल विर्क, अशोक बजाज, जुल्फेकार अली, मनोज मदान, ग्राम प्रधान सुमंगल, मनीष गोस्वामी, विकास सागर, गुलशन बजाज, राकेश बठला, हरजीत सिंह, गुरबचन सिंह, सुखदेव सिंह, मुकेश कुमार, रामप्रकाश आदि मौजूद रहे।



दायित्व मिलने पर विधायक अरोरा को बुके देकर आभार जताते मोर्चा जिलाध्यक्ष। ● अमृत विचार

# मजदूरों का सत्यापन न कराने पर कार्रवाई

**संवाददाता, बाजपुर**

**अमृत विचार:** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा के निर्देशों पर क्षेत्र में संदिग्ध व बाहरी व्यक्तियों तथा संदिग्ध वस्तुओं की सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।

इस अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी विभव सैनी के निर्देशन एवं प्रभारी निरीक्षक नरेश चौहान के नेतृत्व में बन्नाखेड़ा पुलिस चौकी प्रभारी अशोक कांडपाल ने पुलिस टीम के साथ व्यापक सत्यापन अभियान संचालित किया। अभियान के दौरान बाहरी राज्यों से आए खनन कार्य में लगे मजदूरों, बिना सत्यापन के घूम रहे फड़-फेरी वालों तथा कोसी नदी व दाबका नदी किनारे निवास कर रहे लोगों का सत्यापन किया गया। इस दौरान लगभग 140 व्यक्तियों का भौतिक सत्यापन किया गया। पुलिस द्वारा बाहरी मजदूरों का सत्यापन न कराए जाने पर सात ठेकेदारों व मकान मालिकों के खिलाफ 52/83 पुलिस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। वहीं बिना सत्यापन फेरी लगाते पाए गए तीन व्यक्तियों का 81 पुलिस एक्ट में चालान किया गया। पुलिस ने अभियान के दौरान संबंधित लोगों को अपने यहां रह रहे बाहरी व्यक्तियों का समय से सत्यापन कराने की हिदायत दी तथा भविष्य में नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। अभियान में उपनिरीक्षक अशोक कांडपाल, अपर उपनिरीक्षक भरत सिंह भंडारी आदि मौजूद रहे।



बाजपुर के बन्नाखेड़ा क्षेत्र में सत्यापन अभियान चलाती पुलिस। ● अमृत विचार

## सिटी ब्रीफ

### पूर्व सांसद स्व. सत्येंद्र चंद्र गुड़िया की जयंती मनाई

**काशीपुर :** बाजपुर रोड स्थित सत्येंद्र चंद्र गुड़िया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड लॉ कालेज में संस्थान के संस्थापक पूर्व सांसद स्व. सत्येंद्र चंद्र गुड़िया की 93वीं जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। शनिवार को सर्वप्रथम संस्थान के निदेशकों, प्राचार्य व समस्त स्टाफ ने स्व. गुड़िया की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर निदेशक डॉ. केवल कुमार ने उनका स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने जो शिक्षा के क्षेत्र में कार्य किए, वह अविस्मरणीय है। उन्होंने हमेशा दलगत राजनीति से ऊपर उठकर समाज की सेवा की, जिस कारण उन्हें समाज आज भी याद करता है। इस अवसर पर समस्त स्टाफ ने संस्थान को आगे बढ़ाने के लिए शपथ ली। यहां निर्देशक प्रशासन पवन कुमार बक्शी, प्राचार्य डॉ. निमिषा अग्रवाल मौजूद रहे।

### बाइक फिसलने से तीन घायल, भर्ती

**काशीपुर :** धामपुर यूपी निवासी अनुराग, मंडुआखेड़ा जसपुर निवासी अभिषेक और ग्राम करनपुर निवासी कुलदीप सिंह बाइक पर सवार होकर काशीपुर के लिए जा रहे थे। रास्ते में अचानक बाइक फिसलने तीनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस से तीनों को एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया।

### सीएचसी में चिकित्सकों की नियुक्ति होने पर पूर्व विधायक का स्वागत

**किच्छा :** नगर स्थित सरदार बल्लभभाई पटेल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चार रिक्त पदों पर सर्जन चिकित्सक सहित तीन अन्य चिकित्सकों की नियुक्ति होने पर खुशी जाहिर करते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक राजेश शुक्ला का फूल मालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया। नगर के आवास विकास स्थित कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत द्वारा पूरे प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को और अधिक बेहतर एवं सुदृढ़ किए जाने की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं, जिनका लाभ आम जनमानस को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लंबे समय से रिक्त पदों पर चिकित्सकों की नियुक्ति होने से मरीजों एवं क्षेत्र की जनता को बड़ी राहत मिलेगी। स्वागत कार्यक्रम में गोल्डी गोराया, नितिन चरण, राजेश तिवारी, इश्तियाक खान, राजकुमार कोहली, धनीराम, आरती दुबे, सुनीता गंगवार, करुणा तिवारी, कुसुम गंगवार, सुनीता सिंह, हरविंदर सिंह चुग, विनोद कोहली, सचिन सिंह आदि मौजूद रहे।

# डीएवी स्कूल में खेल प्रतियोगिताओं में दयानंद हाउस प्रथम

## नन्हें कलाकारों ने समूह नृत्य, पंजाबी भांगड़ा, कुमाउनी लोकनृत्य की प्रस्तुति दी, दौड़, खो-खो, रस्साकसी, वॉलीबाल, फुटबाल, कबड्डी स्पर्धा हुई

**संवाददाता, बाजपुर**

**अमृत विचारः** डीएवी पब्लिक स्कूल बाजपुर में शनिवार को वार्षिक खेल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि फैज अहमद, सीनियर पावर वेटिंग चैंपियन एवं सचिव उत्तराखंड पावर लिफ्टिंग संगठन तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेश चंद्र अधिकारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इससे पूर्व प्रधानाचार्य ने मुख्य अतिथि का तिलक लगाकर एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

विद्यालय के चारों सदनों अशोका, हंसराज, दयानंद एवं विवेकानंद के छात्र-छात्राओं ने मार्चपास्ट कर मुख्य अतिथि को सलामी दी। इसके बाद सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, समूह नृत्य, पंजाबी लोकनृत्य भांगड़ा, कुमाऊंनी लोकनृत्य तथा नन्हें बाल कलाकारों द्वारा खेल-नृत्य की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। खेल प्रतियोगिताओं में दौड़, खो-खो, रस्साकसी, वालीबाल, फुटबाल, कबड्डी सहित स्पून रेस, जलेबी रेस, फ्राग रेस, चेयर रेस, बैग रेस, लेमन स्पून रेस तथा 100, 200 और 400 मीटर दौड़ जैसी विभिन्न स्पर्धाएं आयोजित की गईं। खेलों के आधार पर दयानंद हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अशोका एवं हंसराज हाउस संयुक्त रूप से द्वितीय तथा विवेकानंद हाउस तृतीय स्थान पर रहा। समापन अवसर पर प्रधानाचार्य दिनेश चंद्र अधिकारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलों से शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास होता है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास संभव है, इसलिए खेल जीवन का अभिन्न अंग हैं। उन्होंने बच्चों से नशे से दूर रहने, रुचि अनुसार विषय चयन करने और खेलों के माध्यम से देश-दुनिया में विद्यालय का नाम रोशन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में खेल शिक्षक गौरव शर्मा, सागर भट्ट, प्रदीप नड्डा, आकाश यादव, सुनील मुंडेपी, ललित मोहन जोशी, चेतना गहलोत, निर्मला भट्ट, हेमा पांडेय, मीरा बनौला, शिवांगी चोपड़ा, राधिका नेगी, संजीव, मोहन, वीरेंद्र सिंह, कुलदीप सहित विद्यालय स्टाफ एवं अभिभावक मौजूद रहे।



बाजपुर के डीएवी स्कूल की वार्षिक खेल प्रतियोगिता में विजेता बच्चों के साथ शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार



सितारगंज में कबड्डी टूर्नामेंट की विजेता टीम को पुरस्कृत करते अतिथि। ● अमृत विचार



जीत के लिए संघर्ष करते रुद्रप्रयाग और उत्तरकाशी के खिलाड़ी। ● अमृत विचार

### ऊधमसिंह नगर, देहरादून, हरिद्वार और रुद्रप्रयाग ने की जीत दर्ज

**रुद्रपुर :** मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में राज्य स्तरीय वॉलीबॉल चैंपियनशिप 2025 का आयोजन जारी है। इस दौरान कई प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। प्रतियोगिता का मुख्य अतिथि जिला विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष जय किशन ने शुभारंभ किया। शनिवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम में प्रतियोगिता का पहला मैच ऊधमसिंह नगर और चमोली के मध्य खेला गया। इसमें ऊधमसिंह नगर ने 2-0 से जीत दर्ज की। दूसरा मैच उत्तरकाशी और देहरादून के मध्य खेला गया जिसमें देहरादून ने 1- 0 से जीत हासिल की। तीसरा मैच देहरादून और रुद्रप्रयाग के मध्य खेला गया। इसमें देहरादून ने 2-0 से जीत दर्ज की। चौथा मैच हरिद्वार और चंपावत के मध्य खेला गया। इसमें हरिद्वार ने 2-1 ने जीत दर्ज की। इसी तरह पांचवां मैच उत्तरकाशी और रुद्रप्रयाग के मध्य खेला गया। इसमें रुद्रप्रयाग ने 2- 1 से जीत दर्ज की। मैचों में निर्णायक की भूमिका सुरेश बिष्ट, गुरतेज सिंह, शैलेंद्र शर्मा, उपेंद्र, शहजाद, विकास, गौरव एवं रजत कुमार ने निभाई।

### हरियाणा की टीम ने जीता सातवां कबड्डी टूर्नामेंट

**सितारगंज :** सातवें पंजाब स्टाइल कबड्डी कप में टूर्नामेंट के ओपन वर्ग में हरियाणा की टीम विजेता बनी। 65 किलो वर्ग में नानकपुरी टांडा की टीम विजेता रही। प्रतियोगिता में उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पंजाब समेत कुल 10 टीमों ने भाग लिया। शुक्रवार को गांव मलपुरी में सरदार गुरदीप सिंह जोहल की याद में आयोजित सातवें पंजाब स्टाइल कबड्डी कप में 65 किलो वर्ग में चार टीमों तथा ओपन वर्ग में चार टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले खेले गए। साथ ही दो लड़कियों की टीमों के शो मैच ने दर्शकों का दिल जीत लिया। ओपन वर्ग का प्रथम इनाम 61 हजार रुपए और दूसरा इनाम 41 हजार रुपए दिया गया। जबकि 65 किलो वर्ग का प्रथम इनाम 31 हजार और दूसरा इनाम 21 हजार रुपए का सौंपा।मुख्य अतिथि के रूप में जत्थेदार बाबा मोहन सिंह, जत्थेदार बाबा कुलदीप सिंह, जत्थेदार बाबा पाल सिंह, दर्जा मंत्री सुरेश भट्ट, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल ने प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ किया। यहां लोगों को नशे से दूर रहने व खेल की ओर प्रेरित करने का संदेश दिया। दर्शन सिंह जोहल, गुरदेव सिंह जोहल परिवार के सहयोग से लगातार सात वर्षों से हो रहा यह आयोजन क्षेत्र में खेल को बढ़ावा देने के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता का एक महत्वपूर्ण मंच बन गया है। यहां शहीद उधम सिंह रक्त सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष गुरवीर सिंह जोहल, जिला पंचायत सदस्य भास्कर सम्मल, बिलासपुर से गुरकीरत सिंह औलख, ब्लॉक प्रमुख बाजपुर जोरावर सिंह भुल्लर, नगर पंचायत नानकमत्ता अध्यक्ष प्रेम सिंह टुरना, नवतेज पाल सिंह, भाकियू टिकैत के प्रदेश प्रभारी बलजिंदर सिंह मान आदि मौजूद रहे।

# गढ़वाल ब्लॉक में तेंदुए का आतंक

- तेंदुआ दिखने से काश्तकारों में भय का माहौल

**संवाददाता, काशीपुर**

**अमृत विचारः** कुंडेश्वरी स्थित गढ़वाल ब्लॉक में तेंदुए का आतंक बना हुआ है। किसान आरडी खान के खेत में पिछले तीन दिनों से तेंदुआ लगातार देखा जा रहा है। किसान ने तेंदुए की वीडियो बनाकर मामले की सूचना वन क्षेत्राधिकारी को दे दी है। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर सर्चिंग अभियान चलाया।

कुंडेश्वरी स्थित गढ़वाल ब्लॉक के आस पास तेंदुए की सक्रियता बनी हुई है। एक सप्ताह पूर्व तेंदुआ जीतू कॉलोनी निवासी राहुल का कुत्ता उठा ले गया। पिछले तीन दिनों से तेंदुआ लगातार काश्तकार आरडी खान के फॉर्म पर देखा जा रहा है। शुक्रवार की शाम तेंदुआ उनके आवास के गेट तक आ गया। तेंदुए ने गौशाला की जाली पर लगाई गई पन्नी भी फाड़ दी। तेंदुआ काफी देर तक आवास के बाहर आम के पेड़ के नीचे खड़ा रहा। तेंदुए की वीडियो बनाकर वन क्षेत्राधिकारी देवेंद्र रजवार को सूचना दे दी गई है। शनिवार को वन विभाग के कर्मी मौके पर पहुंचे। टीम ने तेंदुए की तलाश में सर्चिंग अभियान चलाया। वन कर्मी जसपाल सिंह ने बताया कि इस संबंध में लिखित सूचना मिलने पर तेंदुआ पकड़ने को पिंजरा लगाने की कार्यवाही की जाएगी। तेंदुए की सक्रियता से क्षेत्र के किसानों में भय का माहौल है।



काशीपुर में तेंदुए की तलाश में सर्च अभियान चलाती वन विभाग की टीम।

# चीनी मिल कर्मियों ने उठाई वेतन देने की मांग

- विधायक एवं भाजपा जिला अध्यक्ष को भेजा मांग पत्र

**संवाददाता, जसपुर**

**अमृत विचारः** वेतन कटौती का दंश झेल रहे नादेही चीनी मिल कर्मियों ने बैठक आयोजित कर अपनी पीड़ा बयां की। मिल कर्मियों ने जीएम से पूर्व की भांति वेतन देने की मांग की।

शनिवार को चीनी मिल नादेही के गेट पर जनता चीनी श्रमिक संघ ने मिल कर्मियों के साथ एक बैठक आयोजित की। इस दौरान मिल कर्मियों ने बीते एक वर्ष से हो रही वेतन कटौती की समस्या के समाधान को लेकर चर्चा की। वक्ताओं ने कहा कि वेतन कटौती से कर्मचारियों का आर्थिक, मानसिक व शारीरिक शोषण हो रहा है। बैठक में अन्य समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया गया। बता दें कि फरवरी से मिल कर्मियों को वेतन कटौती कर भुगतान किया जा रहा है। मिल कर्मचारियों ने जीएम चंद्र सिंह इमलाल को मांग पत्र देकर शासन से वेतन कटौती के मुद्दे का पटाक्षेप कर पूर्व की भांति वेतन देने की मांग की। मांग पत्र विधायक आदेश चौहान, भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज पाल, पूर्व विधायक डॉ. शैलेन्द्र मोहन सिंघल को भी सौंपा। बैठक की अध्यक्षता विपिन कुमार तथा संचालन राजेंद्र सिंह ने किया।



जसपुर में बैठक करते मिल कर्मी। ● अमृत विचार

### गन्ना किसानों को मिला 5 दिसंबर तक का भुगतान

**जसपुर :** नादेही चीनी मिल ने 5 दिसंबर तक खरीदे गए गन्ने का भुगतान गन्ना किसानों को कर दिया है। इससे पहले चीनी मिल द्वारा 28 नवंबर तक का भुगतान किया जा चुका है। शनिवार को चीनी मिल द्वारा करीब 5 करोड़ 47 लाख रुपये का गन्ना मूल्य भुगतान किया गया। 12 नवंबर को शुरू हुए सत्र से अब तक चीनी मिल ने 3 लाख 78 हजार कुंतल गन्ने की करीब 15 करोड़ 23 लाख रुपये की रकम किसानों के खातों में भेज दी है। चीनी मिल द्वारा अब तक लगभग पांच लाख कुंतल गन्ने की पेराई की जा चुकी है। फसल का भुगतान मिलने से गन्ना किसानों के चेहरे खिले हुए हैं।

# पालिका के दखल से निर्माण कार्य रुका

**संवाददाता, जसपुर**

**अमृत विचारः** भूमि में चल रहे निर्माण कार्य को पालिका प्रशासन ने दखल देकर रुकवा दिया। इससे निर्माणकर्ता भौचक्के रह गए। उन्होंने भूमि को अपनी बता कर निर्माण करने की बात कही। वहीं पालिका ने भी भूमि को अपना बताया है। सोमवार को भूमि की नपाई कराई जायेगी। तब तक निर्माण कार्य के लिए खोदी गई बुनियाद को जेसीबी से भरवा दिया गया।

शनिवार को एक व्यक्ति भूतपुरी रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास करीब 250 गज भूमि में निर्माण के लिए बुनियाद खुदवा रहा था। सूचना मिलने पर पालिका ईओ उदयवीर सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। टीम ने संबंधित व्यक्ति से जमीन के कागजात मांगे। खसरा खतौनी में जमीन राजकुमार के नाम चढ़ी दिखी। साथ ही उसका दाखिल खारिज भी तहसील से होना बताया गया। ईओ ने मौके पर लोगों को बताया कि इस भूमि पर केस चल रहा था। पालिका केस जीत चुकी है। मौके पर विरोध के दौरान दोनों पक्षों में भूमि नपाई पर सहमति बनी। साथ ही खोदी गई बुनियाद को पालिका ईओ ने जेसीबी से भरवा दिया। भूमि स्वामी राजकुमार का कहना है कि उन्होंने जमीन खरीदी है। ईओ उदयवीर सिंह ने बताया कि सोमवार को भूमि की नपाई कराई जायेगी। तब तक निर्माण कार्य रोक दिया गया है।



किच्छा के सेंट पीटर स्कूल में कैबिनेट सदस्यों के साथ शिक्षक। ● अमृत विचार

### सेंट पीटर स्कूल में छात्र सदन कैबिनेट का शपथ ग्रहण समारोह

**किच्छा :** नगर स्थित सेंट पीटर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नए कैबिनेट सदस्यों का सम्मान समारोह आयोजित कर पद की शपथ ग्रहण कराई गई। समारोह का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर एलेक्सांडर मोंटेरो द्वारा किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य फादर एलेक्सांडर मोंटेरो ने नई कैबिनेट के हेड ब्यॉय तनिष्क कुमार, हेड गर्ल अरुणिमा अब्राहम, स्पोर्ट्स कैबिनेट में ब्लू हाउस, ग्रीन हाउस, रेड हाउस, येलो हाउस के कप्तान, डिसिप्लिन समिति सदस्यगण, कल्चरल प्रभारी एवं आईटी सेल के सदस्यों को बैच पहना कर सम्मानित किया और सभी सदस्यों को पद एवं दायित्व की शपथ ग्रहण कराई गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर एलेक्सांडर मोंटेरो ने कैबिनेट सदस्यों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें अपने दायित्व एवं कर्तव्यों के प्रति सजग रहने तथा अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से करने का आह्वान किया। मौके पर उप प्रधानाचार्य सिस्टम लूसी, सिस्टर सिल्वी मौजूद रहे।

### शराब बेचने का विरोध करने पर मारपीट

**बाजपुर :** अवैध रूप से शराब बेचने का विरोध करना एक युवक और उसके परिवार को भारी पड़ गया। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि शराब बेचने से मना करने पर पहले गाली-गलौज की गई और बाद में लोहे की राड से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वार्ड नंबर-एक मोहल्ला मझरा प्रभु निवासी पीड़ित ने पुलिस को बताया कि उसके मोहल्ले में रहने वाले एक परिवार के लोग अवैध रूप से शराब बेच रहे थे। जब उसने और उसके स्वजन ने इसका विरोध किया तो आरोपितों ने गाली-गलौज शुरू कर दी, जिसे मोहल्ले के लोगों ने शांत कराया। पीड़ित के अनुसार घटना के बाद रात करीब 11 बजे जब वह श्रीरामलीला ग्राउंड में मौजूद था, तभी आरोपित दो भाई ने लोहे की राड से हमला कर दिया। कुछ ही देर में उनका तीसरा भाई भी मौके पर पहुंच गया और मारपीट करने लगा।



ललित जोशी को उत्कृष्टता अवार्ड से सम्मानित करते अधिकारी। ● अमृत विचार

### ललित जोशी को उत्कृष्टता अवार्ड से किया सम्मानित

**सितारगंज :** ललिता देवी इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट एंड साइंस की ओर से ''एजुकेशन लीडर्स' सम्मेलन व अवार्ड समारोह 2025 में सितारगंज के ललित जोशी को समावेशी शिक्षा में उत्कृष्टता अवार्ड से सम्मानित किया। शनिवार को दिल्ली में आयोजित समारोह में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के शिक्षाविद, वैज्ञानिक एवं प्रबुद्ध लोगों ने प्रतिभाग किया। इससे पूर्व में भी ललित मोहन जोशी को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए आठ अलग-अलग अवार्डों से सम्मानित किया जा चुका है। जिसमे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने भी ललित मोहन जोशी को सम्मानित किया है। वर्तमान में ललित मोहन जोशी देवभूमि उत्तराखंड यूनिवर्सिटी देहरादून में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर सेवारत हैं। इस वर्ष ललित मोहन जोशी को मिलने वाला यह तीसरा अवार्ड है।

**मंथन** | महाराजा शूरसैनी जी की जयंती पर काशीपुर में निकलेगी भव्य शोभायात्रा

# जयंती पर शोभायात्रा को भव्य बनाने की तैयारी

**संवाददाता, बाजपुर**

**अमृत विचारः** महाराजा शूरसैनी जी की जयंती पर काशीपुर में प्रस्तावित भव्य शोभायात्रा में अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए सैनी महासभा द्वारा बाजपुर क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों बरहैनी, नमूना, भटपुरी, बन्नाखेड़ा आदि में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया गया।

सैनी महासभा के जिलाध्यक्ष गोपाल सिंह सैनी एवं जिला संगठन मंत्री राजेंद्र सिंह सैनी 'राज' ने बताया कि सैनी, मौर्य, शाक्य, कुशवाहा समाज के पूर्वज महाराजा शूरसैनी जी की जयंती पर प्रत्येक वर्ष काशीपुर में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जाता है, जो इस वर्ष 25 दिसंबर (गुरुवार) को आयोजित की जाएगी। इसी क्रम में जिला पदाधिकारियों ने क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में समाज के परिवारों से संपर्क कर शोभायात्रा में सम्मिलित होने का निमंत्रण दिया। बरहैनी में सैनी महासभा की इकाई अध्यक्ष कोमल सैनी के निवास पर इस संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जहां जिला पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। बैठक में जिलाध्यक्ष गोपाल सैनी एवं जिला संरक्षक टीका सिंह सैनी ने महाराजा शूरसैनी जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए समाज को एकजुट रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष गोपाल सैनी, जिला संरक्षक टीका सिंह सैनी, जिला महामंत्री कुन्दन सैनी, जिला प्रेस प्रवक्ता एडवोकेट राजेन्द्र कुमार सैनी, जिला उपाध्यक्ष दर्शन सिंह सैनी, जिला कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश सैनी, जिला संगठन मंत्री राजेन्द्र सिंह सैनी 'राज', काशीपुर नगर अध्यक्ष घनश्याम सैनी, बाजपुर से ओमप्रकाश सैनी, भूपेन्द्र सिंह सैनी, बरहैनी इकाई अध्यक्ष कोमल सैनी, उपाध्यक्ष प्रताप सैनी, संजीव कुमार सैनी, ओमप्रकाश सैनी,कोषाध्यक्ष करण सिंह सैनी सहित धर्म सिंह सैनी, प्रीतम सिंह सैनी, भोपाल सैनी, जगदीश सैनी, रामचंद्र सैनी, इंद्रपाल सैनी, छोटे लाल सैनी, लाल सिंह सैनी, हीरालाल सैनी, सुंदर सिंह सैनी, विपिन सैनी, आकाश सैनी, विजय सैनी आदि पदाधिकारी एवं समाज के प्रतिष्ठित लोग उपस्थित रहे।



बरहैनी में सैनी सभा की बैठक को संबोधित करते जिलाध्यक्ष गोपाल सिंह सैनी।

### श्रमिक की मौत के मामले में कार चालक के खिलाफ केस दर्ज

**काशीपुर :** बोर्ड लगाने के लिए सड़क किनारे गड्ढा खोद रहे राजमिस्त्री को अज्ञात कार चालक के टक्कर मारने के मामले में पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। ग्राम शिवलालपुर, अमर झंडा निवासी समरपाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका भाई विजय पाल राजमिस्त्री का काम करता है। सहोता हॉस्पिटल के पीआरओ मनदीप सिंह ने 8 दिसंबर की शाम करीब 6 बजे उसके भाई को बोर्ड लगाने के लिए रामनगर रोड पर फ्लाईओवर के पास बुलाया और बोर्ड लगाने के लिए गड्ढा करने को कहने लगा। उसका भाई फ्लाईओवर से उतरे ही रामनगर वाली साइड के डिवाइडर के सामने खड़ा होकर गड्ढा कर रहा था कि इस दौरान कार संख्या डीएल 2 सीएपी 1688 के चालक ने उसके भाई को टक्कर मार दी तथा रामनगर की तरफ से भाग गया।

# शिक्षक संघ के कौशल बने अध्यक्ष

- अनूप कुमार मंत्री चुने गए, पांच अन्य निर्विरोध हुए

**संवाददाता, जसपुर**

**अमृत विचारः** राजकीय शिक्षक संघ की जसपुर शाखा चुनाव में कौशल चौधरी दूसरी बार अध्यक्ष चुने गए। साथ ही अनूप सिंह ने मंत्री पद पर जीत दर्ज की। शेष पदों पर निर्विरोध चुनाव हुआ। विजयी पदाधिकारियों ने समर्थकों के साथ आतिशबाजी कर जुलूस निकाला।

जीजीआईसी में शुरू हुए राजकीय शिक्षक संघ के अधिवेशन में शिक्षक उन्नयन गोष्ठी के बाद अध्यक्ष समेत सात पदों पर नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई। अध्यक्ष पद पर कौशल चौधरी, विपिन पांडे, मंत्री पद पर पंकज अग्रवाल और अनूप कुमार ने अपनी दावेदारी पेश की। जबकि उपाध्यक्ष पुरुष पर कपिल सैनी, उपाध्यक्ष महिला पर बबीता सत्यवली, संयुक्त मंत्री पुरुष पर धर्मेंद्र सिंह, संयुक्त मंत्री महिला पर नीलम वर्मा, आय व्यय निरीक्षक पर नफीस अहमद ने एक-एक पर्चा भरा। अध्यक्ष एवं मंत्री पद के अलावा अन्य पदों पर किसी और का पर्चा न आने पर सभी को निर्विरोध घोषित कर दिया गया। अध्यक्ष और मंत्री पर दोपहर बाद मतदान हुआ। मतगणना के बाद अध्यक्ष पद पर कौशल चौधरी को 102 मत तो मंत्री पद पर अनूप कुमार 130 वोट मिले। चुनाव अधिकारी हरिबाबू निरंजन, सीताराम कछारी ने विजेताओं को प्रमाण पत्र दिए। पर्यवेक्षक नीरज चौहान ने सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। यहां अमित त्यागी, विमल चौहान, नीरज चौहान, मो. अजीम, मनोज चौहान, उवेश, रतन सिंह आदि मौजूद रहे।



जसपुर में जीते हुए प्रत्याशी प्रमाण पत्र के साथ। ● अमृत विचार

## ब्रीफ न्यूज

### बिपाक्षी बिष्ट के नीट में चयन पर खुशी



**बैरती (अल्मोड़ा) :** क्षेत्र के राइंका महाकालेश्वर की पूर्व छात्रा बिपाक्षी बिष्ट के नीट में चयन पर कालेज परिवार एवं क्षेत्र वासियों ने खुशी व्यक्त कर उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। कालेज की प्रधानाचार्या विनीता जोशी ने बताया कि निकटवर्ती अखोडिया निवासी बिपाक्षी बिष्ट पुत्री खजान चंद्र व भावना बिष्ट ने छठी कक्षा से इंटर तक इसी कालेज में शिक्षा ग्रहण की। वह एक मेधावी छात्रा रही। वर्तमान में नीट क्वालीफायर बिपाक्षी बीर चंद्र सिंह गढ़वाली मेडिकल कालेज श्रीनगर में एमबीबीएस की छात्रा हैं। उसके मेडिकल में चयन पर इंटर कालेज परिवार के अलावा क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों व अन्य ग्रामीणों न खुशी व्यक्त कर उसे बधाई दी है।

### मुकेश भाजयुमो व दीपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष



मुकेश जोशी व दीपा जोशी।

**टनकपुर :** भारतीय जनता पार्टी ने चम्पावत जिले के सभी छह मोर्चों के जिलाध्यक्षों के नाम घोषित कर दिए हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष गोविंद सामंत ने उत्तराखंड भाजपा अध्यक्ष महेंद्र भट्ट की सहमति एवं सभी मोर्चों के प्रदेश अध्यक्षों से परामर्श के बाद अध्यक्षों की सूची जारी की है। मुकेश जोशी को भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष नामित किया गया है। इसी तरह दीपा जोशी महिला मोर्चा, महेंद्र सिंह बोरा किसान मोर्चा, पवन नाथ गोस्वामी अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा, सूरज कुमार अनुसूचित जाति मोर्चा और मुवश्शीर अली उर्फ गोलू अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष बनाए गए हैं।

### होटल मालिकों को दिए खामियां दूर करने के निर्देश

**अल्मोड़ा :** शनिवार को अग्निशमन विभाग ने नगर के होटलों में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान होटलों में अग्निशमन व्यवस्थाएं अधूरी पाई गईं। जिस पर संचालकों को त्वरित खामियों दूर करने के निर्देश दिए। मुख्य अग्निशमन अधिकारी नरेंद्र कुंवर के नेतृत्व में टीमों ने कसार देवी, धारानौला समेत अन्य स्थानों में होटल, स्टोरेंट, होम स्टे, रिजॉर्ट आदि में छापेमारी अभियान चलाया। होटल परिसरों में आग से जोखिमों का आकलन करते हुए सुरक्षा मानकों की बारीकी से जांच की गई। कई होटलों में अग्निशमन यंत्र स्थापित नहीं किए गए थे। संचालकों को अग्निशमन उपकरणों के संचालन की भी जानकारी दी गई।

9 दिसंबर को ग्रामीण को मार चुका है गुलदार, शनिवार सुबह दोगांव के पास ट्रेंकुलाइज कर रेस्क्यू सेंटर भेजा

# लोहाघाट के धरगड़ा में काबू में आया नरभक्षी गुलदार

संवाददाता,लोहाघाट/चम्पावत



वन विभाग ने गुलदार को ट्रेंकुलाइज किया।

**अमृत विचारः** विकास खंड में च्यूरानी के धरगड़ा तोक में आतंक का पर्याय बने गुलदार को वन विभाग की टीम ने शुक्रवार की रात ढाई बजे ट्रेंकुलाइज कर पकड़ लिया। गुलदार को पिंजरे में काली कुमाऊं रेंज मुख्यालय लाने के बाद रेस्क्यू सेंटर भेज दिया गया है। गुलदार ने धरगड़ा में नौ दिसंबर की सुबह 5:30 बजे घर से बाहर शौच के लिए गए 44 वर्षीय ग्रामीण देव सिंह को मार डाला था। जिसके बाद से क्षेत्र में दहशत का माहौल था। अनहोनी की आशंका से अभिभावक बच्चों को स्कूल नहीं भेज रहे थे। ग्रामीणों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए जिलाधिकारी मनीष कुमार स्वयं गुरुवार की रात क्षेत्र में वन विभाग की टीम के साथ गश्त पर पहुंचे थे। गुलदार के पकड़े जाने से लोगों ने राहत की सांस ली है।

वन विभाग के एसडीओ सुनील कुमार ने बताया कि घटना के बाद से विभाग ने क्षेत्र में तीन पिंजरे और 10 कैमरा ट्रैप लगाकर गुलदार को पकड़ने के प्रयास शुरू कर दिए थे। तीन दिन पूर्व ट्रेंकुलाइज टीम भी गांव भेज दी गई थी। लगातार निगरानी, गश्त और सघन सर्च आपरेशन चलाया जा रहा था। उन्होंने बताया कि शुक्रवार की देर रात दो बजे गुलदार को धरगड़ा गांव में उद्यून ढुंगा नामक जगह पर ट्रेंकुलाइज किया गया। गुलदार की उम्र छह साल के आस-पास है और वह पूरी तरह स्वस्थ्य है। गुलदार को सुरक्षित रेस्क्यू सेंटर भेज दिया गया है। क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य योगेश जोशी के नेतृत्व में स्थानीय युवा भी रात भर डटे रहे। गुलदार के गिरफ्त में आने से लोगों ने राहत की सांस ली। एसडीओ ने बताया कि एहतियात के तौर पर गांव में गश्त जारी रहेगी। गुलदार को पकड़ने की मुहिम में ट्रैंकुलाइजर विशेषज्ञ हिमांशु पांगती के अलावा उप प्रभागीय वनाधिकारी सुनील कुमार, रेंजर राजेश जोशी, फारेस्टर प्रकाश गिरि व वन कर्मी शामिल रहे। ग्रामीणों की ओर से सूरज बिष्ट, विजय नाथ, शुभम नाथ, सौरभ नाथ, हिमांशु नाथ एवं अमित सिंह अधिकारी ने सहयोग किया।

### 23 को मंगोली से पकड़ा था गुलदार

लोहाघाट ब्लाक के मंगोली गांव में 12 नवंबर को गुलदार ने भुवन राम (45) पुत्र देवराम को मौत के घाट उतार दिया था। 23 नवंबर को गुलदार पिंजरे में कैद कर लिया गया था। इस घटना के बाद से गांव और आसपास के इलाके में एक और गुलदार लगातार दिखाई दे रहा है, जिससे ग्रामीणों में खौफ बरकरार है। अब तक दो अलग-अगल क्षेत्रों से पकड़े गए गुलदार आदमखोर ही हैं, इस बात की पुष्टि नहीं होने से खतरा बरकरार है। वन विभाग भी अभी पूरी तरह एहतियात बरत रहा है।

### गुलदार ने गाय को किया घायल

शुक्रवार शाम सुंई पऊ ग्राम पंचायत के लोहाघाट-बाराकोट मोटर मार्ग पर छलखोला के पास चमनपुर तोक में गुलदार ने मुकेश राम, पुत्र श्याम राम की दुधारू गाय पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। ग्राम प्रधान योगेश ओली, विनोद ओली, प्रकाश चंद्र, दिनेश चंद्र आदि ने वन विभाग से गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने और पीड़ित को मुआवजा देने की मांग की है।



मृत नर गुलदार की जांच करते वन विभाग के अधिकारी व ग्रामीण।

### बसगांव में आपसी संघर्ष में नर गुलदार की मौत

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** जैंती तहसील के अंतर्गत बसगांव में बीते दिनों ग्रामीणों को एक मृत गुलदार दिखा। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। जिस पर जागेश्वर के रेंजर आशुतोष जोशी व जैंती क्षेत्र के रेंजर श्याम भट्ट की टीम के साथ मौके पर पहुंचे। टीम ने शव का निरीक्षण किया। विभागीय अधिकारियों के अनुसार मृत गुलदार नर है ,जिसकी उम्र लगभग चार साल और लंबाई 188 सेमी. है। अधिकारियों ने बताया कि गुलदार के गले व जबड़े पर घाव है, जिससे संभावना है कि आपसी संघर्ष में गुलदार की मौत हुई होगी। इधर, बसगांव के पूर्व सरपंच हरीश गहतोड़ी ने बताया कि गुलदार की मौत के बाद दूसरा गुलदार ज्यादा खूंखार हो गया है। वह दिन-दहाड़े आबादी में घुस आया है, जिससे गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने इसे शीघ्र पकड़ने और गांव में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की मांग की है।

# जन औषधि केंद्र में दवाएं बढ़ाएं, आम जन को दें राहत

## जिलाधिकारी मनीष कुमार की अध्यक्षता में हुई उप जिला चिकित्सालय टनकपुर की चिकित्सा प्रबंधन समिति की बैठक

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी मनीष कुमार की अध्यक्षता में उप जिला चिकित्सालय टनकपुर की चिकित्सा प्रबंधन समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक से पूर्व जिलाधिकारी ने उप जिला अस्पताल का निरीक्षण किया तथा मरीजों से संवाद कर स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए आवश्यकता अनुसार स्वच्छकों की तैनाती के लिए आउटसोर्स के माध्यम से अथवा नगर पालिका के साथ अनुबंध कर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

अस्पताल परिसर में महिला स्वयं सहायता समूह के माध्यम से कैंटीन संचालन पर सहमति व्यक्त की गई, जिससे स्थानीय महिलाओं को आजीविका के अवसर भी उपलब्ध हो सकें। जन औषधि केंद्र की समीक्षा करते हुए डीएम ने केंद्र संचालक को वर्तमान में 25 दवाओं के स्थान पर 50 दवाओं के विक्रय के लिए सीएमएस टनकपुर को आवश्यक स्वीकृति प्राप्त करने के निर्देश दिए, ताकि अधिक से अधिक मरीजों को सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण दवाओं का लाभ मिल सके। डीएम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की अवस्थिति, स्टाफ की उपलब्धता तथा चिकित्सा उपकरणों की स्थिति का विस्तृत परीक्षण किया।

उन्होंने निर्देशित किया कि सभी स्वास्थ्य संस्थानों में आवश्यकता के अनुरूप चिकित्सकीय एवं पैरामेडिकल स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, जिससे स्वास्थ्य सेवाएं निर्बाध एवं नियमित रूप से संचालित हो सकें। आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ करने पर विशेष बल देते हुए डीएम ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण टनकपुर में उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाओं का विकास अत्यंत आवश्यक है, जिससे आमजन को समय पर बेहतर उपचार उपलब्ध कराया जा सके।

बैठक में मुख्यमंत्री प्रतिनिधि दीपक रजवार, पालिका अध्यक्ष विपिन कुमार वर्मा, अपर जिलाधिकारी कृष्णनाथ गोस्वामी, सीएमओ में डॉ. देवेश चौहान, सीएमएस डॉ. घनश्याम तिवारी, डॉ एल एम रखोलिया, ज्येष्ठ उप प्रमुख भुवन चंद्र पांडेय आदि रहे।



पूर्णागिरि क्षेत्र में रोपवे स्थल का निरीक्षण करते डीएम मनीष कुमार। ● अमृत विचार



टनकपुर में उप जिला चिकित्सालय का निरीक्षण करते डीएम मनीष कुमार।

## पूर्णागिरि रोपवे परियोजना का डीएम ने लिया जायजा

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी मनीष कुमार ने मां पूर्णागिरि धाम में निर्माणाधीन रोपवे परियोजना का स्थलीय निरीक्षण कर कार्य प्रगति की समीक्षा की।

केआर आनंद कंस्ट्रक्शन लिमिटेड, दिल्ली द्वारा निर्मित इस महत्वाकांक्षी परियोजना के प्रोजेक्ट मैनेजर महेन्द्र राठौर ने डीएम को रोपवे के तकनीकी पहलुओं एवं प्रगति की विस्तृत जानकारी दी।

प्रोजेक्ट मैनेजर ने बताया कि रोपवे की कुल लंबाई 950 मीटर है, जिसमें कुल 2 ट्रालियां संचालित होंगी। प्रत्येक ट्राली में एक समय में 65 श्रद्धालु सवार हो सकेंगे। यह रोपवे एक टर्मिनल से दूसरे टर्मिनल तक लगभग 250 मीटर की ऊँचाई मात्र 7 मिनट में तय करेगा, जिससे प्रति घंटे 800 से अधिक श्रद्धालुओं की आवाजाही सुनिश्चित होगी।

रोपवे के संचालन से पूर्णागिरि मार्ग पर हनुमानचट्टी से काली मंदिर तक का लगभग 6 किलोमीटर का पैदल सड़क मार्ग कम हो जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को बड़ी राहत मिलेगी। इस परियोजना की विशेषता यह है कि हनुमानचट्टी एक टर्मिनल स्टेशन तथा काली मंदिर दूसरा टर्मिनल स्टेशन होगा और 950 मीटर की पूरी दूरी के बीच किसी भी प्रकार का पोल नहीं लगाया जाएगा। प्रोजेक्ट मैनेजर ने बताया कि आगामी 4 दिनों में रोपवे का एरेक्शन कार्य प्रारम्भ कर दिया जाएगा। डीएम ने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य को तेजी से शुरू किया जाए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी कृष्णनाथ गोस्वामी, उपजिलाधिकारी आकाश जोशी, जिला पर्यटन विकास अधिकारी लता बिष्ट, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग एम.सी. पलड़िया आदि मौजूद रहे।

## फड़- ठेला फड़ लगाने वाले बाहरी लोगों की करें जांच

**बनबसा :** व्यापार मंडल अध्यक्ष भरत सिंह भंडारी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेज कर कहा कि नगर पंचायत बनबसा में बाहरी लोग फड़, खोखा, ठेला लगाकर अतिक्रमण कर रहे हैं। वहीं नगर पंचायत के द्वारा बाहरी लोगों की तहबाजारी काट कर इन्हें बढ़ावा दिया जा रहा है।

व्यापार मंडल अध्यक्ष भंडारी ने ज्ञापन में कहां की बाजार में स्थानीय लोग बैंकों से लोन लेकर अपनी दुकानें चला रहे हैं। वही इन दुकानों में स्थानीय लोग भी नौकरी करके अपनी आजीविका चला रहे हैं। लेकिन बाहर से आए लोग नगर में फड़, खोखा, ठेला लगाकर स्थानीय लोगों के व्यापार को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

वहीं इनके द्वारा नगर में जगह-जगह अतिक्रमण किया जा रहा है। कहां कि रेलवे क्रासिंग पर रेलवे का फाटक खुलता है बाहरी लोगों के द्वारा रेलवे क्रॉसिंग की दोनों तरफ भी ठेले लगाकर अतिक्रमण किया जा रहा है। जिसकी वजह से लंबा जाम लग जाता है। अध्यक्ष भरत भंडारी ने मुख्यमंत्री से बाहरी लोगों की जांच करने और नगर को अतिक्रमण मुक्त करने की मांग की है।



टनकपुर में चुने गए नए पदाधिकारियों का हुआ स्वागत। ● अमृत विचार

### गोविंद बल्लभ अध्यक्ष, राजेन्द्र बने सचिव

**टनकपुर, अमृत विचार :** कुंवर जंगबहादुर चन्द सरस्वती शिशु मन्दिर में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की नगर कार्यकारिणी का गठन किया गया। प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य एवं सह पर्यावरण प्रमुख कान्ति बल्लभ जोशी की अध्यक्षता में बैठक हुई बैठक में सर्वसम्मति से गोविंद बल्लभ पंगरिया को अध्यक्ष, पूरन चन्द्र भट्ट को उपाध्यक्ष, प्रकाश चन्द्र को कोषाध्यक्ष, राजेन्द्र कुमार को सचिव, दीपक जोशी को उप सचिव बनाया गया। इसके अलावा राजेन्द्र भट्ट, सुन्दर सिंह, नन्दलाल, जगदीश चन्द्र जोशी व शंकर लाल को सदस्य मनोनीत किया गया। कान्ति बल्लभ जोशी ने बताया कि अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत एक सामाजिक संगठन है, जो ग्राहक हितों की रक्षा के ग्राहकों के सशक्तिकरण का कार्य देशभर में वर्ष 1974 से कर रहा है। ग्राहक पंचायत का मानना है कि जन्म लेने से मृत्यु तक देश का हर नागरिक एक ग्राहक है। लोगों से अपील की कि वे हर समाज को भ्रष्टाचार व शोषण मुक्त करने के लिए दृढ़ संकल्पित रहें। इस दौरान ग्राहकों सुरक्षा हेतु बने नियमों व कानूनी प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

# दिव्यांगों को उच्च शिक्षा के प्रति जागरूक किया

संवाददाता, रानीखेत



रानीखेत में उच्च शिक्षा के लिए जागरूक कार्यक्रम मौजूद लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** विकास खडं ताड़ीखेत ब्लॉक की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व ग्राम प्रधानों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी ने किया। अपने संबोधन में कुलपति प्रोफेसर नवीन चंद्र लोहनी द्वारा विश्वविद्यालय को आवंटित इस महत्वपूर्ण शोध के लिए सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से सहयोग की अपेक्षा की गई व साथ ही उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न पाठ्यक्रमों में उच्च शिक्षा से वंचित लोगों को इसमें नामांकन कराए जाने की बात कही।

उन्होंने कहा कि समाज का वंचित वर्ग कई बार उच्च शिक्षा में अपने को नामांकित कराने से वंचित रह जाता है जिसके लिए रोजगार में संलग्न रहते हुए उच्च शिक्षा में प्रवेश नहीं ले पाता उनके लिए मुक्त विश्वविद्यालय सबसे अच्छा विकल्प है। कार्यक्रम में निदेशक क्षेत्रीय सेवाएं प्रोफेसर गिरिजा पांडे द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा उच्च शिक्षा आपके द्वारा इसी उद्देश्य की पूर्ति करता है जिसके अंतर्गत दिव्यांगजन व वंचित वर्ग अपनी उच्च शिक्षा को पूर्ण कर सके और वह समाज के मुख्य धारा का हिस्सा बने। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ खेमराज भट्ट द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि विश्वविद्यालय का हमेशा यही उद्देश्य रहा है कि वह दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से राज्य के दूरस्थ व दुर्गम क्षेत्र में निवास करने वाले व्यक्ति को उच्च शिक्षा से जो

कार्यशाला में विशेष शिक्षा विभाग के पाठ्यक्रम समन्वयक सिद्धार्थ पोखरियाल द्वारा शोध की उपयोगिता और उसके विषय में जानकारी दी गई विशेष शिक्षा विभाग की सहायक प्राध्यापक सुश्री अंकित सिंह द्वारा शोध प्रपत्रों का प्रतिभागियों से प्रविष्टि करते हुए विभिन्न दिव्यांगताओं के कारण, प्रकार व उनके पुनर्वास और सशक्तिकरण के बारे में जानकारी दी। विश्वविद्यालय के रानीखेत की सहायक क्षेत्रीय निदेशक रुचि आर्य द्वारा सभी प्रतिभागियों व आमंत्रित अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# भतरौजखान में 21 किलो गांजे के साथ दो गिरफ्तार

संवाददाता, अल्मोड़ा



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

**अमृत विचारः** ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन के तहत पुलिस का जिलेभर में चेकिंग अभियान जारी है। चेकिंग के दौरान भतरौजखान पुलिस टीम ने क्षेत्र के घट्टी तिराहे के पास दो लोगों को गांजे के साथ दबोच लिया। आरोपियों के कब्जे से 21.852 किलो गांजा बरामद किया।

पुलिस के अनुसार थानाध्यक्ष भतरौजखान अवनीश कुमार के नेतृत्व में टीम गश्त पर थी। पुलिस टीम ने घट्टी तिराहे के पास चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान दो व्यक्ति संदिग्ध प्रतीत हुए। तलाशी लेने पर आरोपी नाजिम पुत्र नन्हे खां और इंतजार पुत्र मोहम्मद हुसैन, दोनों निवासी ग्राम गोपालपुर थाना कांठ जिला मुरादाबाद यूपी के कब्जे से 21.852 किलो गांजा बरामद हुआ। पुलिस के अनुसार बरामद गांजे की कीमत पांच लाख दो हजार 900 रुपये आंकी गई। पुलिस ने मौके पर गांजे को सील कर एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। टीम में अपर उपनिरीक्षक करतार सिंह, हेड कांस्टेबल लक्ष्मण सिंह, उपेन्द्र कुमार, कपिल देव, नारायण सिंह शामिल रहे।

**आयोजन** अल्मोड़ा में में छह बेंचों में लंबित वादों के 110 और प्री-लिटिगेशन के 217 कुल 327 वादों का निपटारा हुआ

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 327 वादों का हुआ निस्तारण

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से शनिवार को जिले में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में छह बेंचों में लंबित वादों के 110 और प्री-लिटिगेशन के 217 कुल 327 वादों का निपटारा किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव शचि शर्मा ने बताया कि लोक अदालत में मामलों के निस्तारण के लिए जिले में 4 बैंच और बाहय न्यायालय के लिए 2 बेंच बनाई थी। जिला न्यायालय में जिला व सत्र न्यायाधीश की बेंच के समक्ष कुल 10 मामले रखे गए। जिसमें एनआईएक्ट, मोटर दुर्घटना दावा व अन्य सिविल वाद से संबंधित सभी मामलों का सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण किया गया।

द्वाराहाट सिविल जूनियर डिविजन की बैंच में पांच और सिविल जज रानीखेत की अदालत में छह, सिविल जज की गठित बैंच में 15 मामलों का निस्तारण किया गया। जिसमें कुल लंबित वादों में 1 करोड़ 88 लाख 20 हजार 879 रुपये और प्री-लिटिगेशन संबंधी मामलों में 1 करोड़ 48 लाख 78 हजार 700 रुपये के सुलह समझौते कराए गए।




अल्मोड़ा न्यायालय में शनिवार को लोक अदालत में पहुंचे लोग। ● अमृत विचार

### चम्पावत में 1.83 करोड़ से अधिक का सेटलमेंट

**टनकपुर, अमृत विचार :** जिला जज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चम्पावत अनुज कुमार संगल की अध्यक्षता एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चम्पावत भवदीप रावते के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय परिसर, चम्पावत तथा बाह्य न्यायालय टनकपुर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में जिला बार संघ चम्पावत, तहसील बार संघ टनकपुर के अधिवक्तागण, नामित सदस्यगण, पैनल अधिवक्तागण, बैंक अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में आम जनमानस द्वारा सहभागिता की गई। लोक अदालत के दौरान जिला न्यायालय, चम्पावत में गठित प्रथम पीठ (सिविल जज जूनियर डिवीजन, चम्पावत) द्वारा कुल 72 वादों का निस्तारण करते हुए 1,08,88,581/- का सेटलमेंट किया गया। वहीं द्वितीय पीठ (सिविल जज जूनियर डिवीजन, टनकपुर) द्वारा 29 वादों का निस्तारण कर 61,892/- का सेटलमेंट किया गया। इसके अतिरिक्त जनपद चम्पावत के समस्त न्यायालयों में प्री-लिटिगेशन के अंतर्गत मनी रिकवरी से संबंधित 81 वादों का निस्तारण कर 73,98,156/- का सेटलमेंट कराया गया। जनपद चम्पावत के समस्त न्यायालयों द्वारा आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 182 वादों का निस्तारण कर 1,83,48,629/- की धनराशि का सेटलमेंट किया गया।

# बूथ लेवल पर बीएलए की नियुक्त करें

- अल्मोड़ा में डीएम ने निर्वाचक नामावली की समीक्षा बैठक ली
- गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत कार्य सुगमता से करने के निर्देश दिए

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** डीएम अंशुल सिंह ने शनिवार को विधानसभा निर्वाचक नामावली गहन पुनरीक्षण को लेकर समीक्षा बैठक ली। इस दौरान बैठक में राजनीतिक दलों से बूथ लेवल पर बीएलए की नियुक्ति करने को कहा, जिससे पुनरीक्षण कार्य में किसी प्रकार की बाधा न आए।

कलक्ट्रेट में आयोजित बैठक में डीएम ने निर्देश दिए कि गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत यह कार्य सुगमता, पारदर्शिता एवं प्राथमिकता के साथ समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाए। साथ ही आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखंड, देहरादून के निर्देशों के अनुपालन में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों द्वारा प्रत्येक मतदान स्थल पर बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति सुनिश्चित किए जाने पर जोर दिया गया। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि सभी मतदान स्थलों पर निर्धारित समय-सीमा के भीतर बूथ अवेयरनेस ग्रुप का गठन करते हुए मतदान स्थलवार सूची तैयार की जाए। इसके अतिरिक्त ईआरओ नेट पर ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त मतदाताओं से संबंधित प्रपत्र-6, 7 व 8 का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गए।



अल्मोड़ा में शनिवार को डीएम ने निर्वाचक नामावली की बैठक ली। ● अमृत विचार

# भगवद् गीता में हैं विश्व दर्शन की सारी अनुभूतियां

गीता एक बार फिर से अंतर्राष्ट्रीय चर्चा में है। इसी माह आगे पीछे एक साथ दो घटनाएं हुईं। एक बार फिर गीता की चर्चा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हो रही है। गीता भारतीय दर्शन का प्रतिनिधि दर्शन है। प्रधानमंत्री ने रूस के राष्ट्रपति को गीता भेंट की है। पुतिन यहां भारत यात्रा पर आए हुए थे। मोदी इसके पहले चीन, अमेरिका, जापान आदि के राष्ट्र प्रमुखों को गीता की प्रति भेंट कर चुके थे। इधर एक मजेदार घटना हुई। कोलकाता में गीता को लेकर विशाल सम्मेलन हुआ। कुछ समय पहले संयुक्त राष्ट्र की संस्था यूनेस्को ने गीता को प्रतिष्ठित ग्रंथ घोषित किया था। गीता कर्म प्रेरणा का ग्रंथ है। गीता विशालकाय महाभारत का हिस्सा है, लेकिन महाभारत के भीष्म पर्व के मूल कथानक से इसकी पर्याप्त संगति है।

ऋग्वेद के रचनाकाल के समय से लेकर आज तक समय का बड़ा फासला है। गीता में ऋग्वेद का दर्शन और अनुभूतियां हैं। अथर्ववेद का कालसूक्त गीता में भयानक काल होकर प्रकट हुआ है। अर्जुन ने श्रीकृष्ण से पूछा, 'हे भगवान, आप उग्र रूप वाले कौन हैं?' कृष्ण ने उत्तर दिया, 'कालोअस्मि लोकोक्षय प्रवृत्ते- मैं काल हूं और लोकों को समाप्त करने के लिए, प्राण लेने के लिए प्रवृत्त हूं।' गीता में विश्व दर्शन की लगभग सारी अनुभूतियां हैं। महात्मा गांधी गीता पर मोहित थे। उन्होंने अपने अखबार 'यंग इंडिया' में लिखा था, "जब निराशा मेरे सामने आ खड़ी होती है और जब बिल्कुल एकाकी मुझको प्रकाश की कोई किरण नहीं दिखाई देती, तब मैं गीता की शरण लेता हूं। कोई न कोई श्लोक मुझे ऐसा दिखाई पड़ जाता है कि मैं विषम विपत्तियों में भी मुस्कुराने लगता हूं। मेरा जीवन विपत्तियों से भरा रहा और यदि वे मुझ पर अपना कोई दृश्यमान अमिट चिह्न नहीं छोड़ सके, तो इसका श्रेय भगवद् गीता की शिक्षाओं को ही है।" गांधीजी की बात भावनात्मक है, लेकिन तथ्य भी यही है कि गीता प्रभावित करती है और सुख-दख में समान भाव की दृष्टि का विकास करती है।

प्रसिद्ध यूरोपीय विद्वान एडविन अर्नाल्ड ने गीता पर ग्रंथ लिखा था, 'सैलेशियल सॉन्ग'। उसने गीता की व्याख्या करने वाले अनेक पूर्ववर्ती विद्वानों की प्रशंसा

> गीता में विश्व दर्शन की सारी अनुभूतियां हैं। महात्मा गांधी गीता पर मोहित थे। उन्होंने अपने अखबार 'यंग इंडिया' में लिखा था, "जब निराशा मेरे सामने आ खड़ी होती है और जब बिल्कुल एकाकी मुझको प्रकाश की कोई किरण नहीं दिखाई देती, तब मैं गीता की शरण लेता हूं। कोई न कोई श्लोक मुझे ऐसा दिखाई पड़ जाता है कि मैं विषम विपत्तियों में भी मुस्कुराने लगता हूं। मेरा जीवन विपत्तियों से भरा रहा और यदि वे मुझ पर अपना कोई दृश्यमान अमिट चिह्न नहीं छोड़ सके, तो इसका श्रेय भगवद् गीता की शिक्षाओं को ही है।"

की और लिखा कि इस ग्रंथ के अभाव में अंग्रेजी साहित्य अधूरा रह जाता है। बंगाल में सन 1784 में एशियाटिक सोसाइटी की स्थापना हुई। सोसाइटी की प्रेरणा से चार्ल्स विलकिंस ने गीता का अनुवाद किया। ईस्ट इंडिया कंपनी की मदद से यह अनुवाद लंदन में छपा। तत्कालीन गवर्नर जनरल वारेन हेस्टिंग ने इस कृति की लिखित प्रशंसा की थी। भारत के राष्ट्रपति रहे प्रख्यात दर्शन शास्त्री सर्वपल्ली राधाकृष्णन थे। उन्होंने लिखा, 'भगवद् गीता एक दर्शन ग्रंथ है और एक प्राचीन धर्म ग्रंथ भी है।' उन्होंने गीता का भाष्य किया। गीता ने सारी दुनिया को प्रभावित किया। इसका प्रभाव चीन और जापान तक पड़ा।




हृदय नारायण दीक्षित

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश


जर्मन धर्म के अधिकृत भाष्यकार जे डब्लू होवर ने लिखा, 'यह सब कालों में सब प्रकार के धार्मिक जीवन के लिए प्रमाणिक है। इसमें इंडो जर्मन धार्मिक इतिहास के महत्वपूर्ण दौर का प्रमाणिक निरूपण है।' लोकमान्य तिलक ने भी गीता की व्याख्या की और गीता रहस्य नामक ग्रंथ लिखा। गीता रहस्य में प्रवृत्ति मार्गी दृष्टि है। गीता रहस्य को बहुत प्रतिष्ठित ग्रंथ माना जाता है। गीता का आनंद किसी भी पृष्ठ से लिया जा सकता है। विश्व रूप को ही देखिए, संजय ने धृतराष्ट्र को बताया, 'रोमांचित विस्मित अर्जुन ने श्रीकृष्ण को प्रणाम किया और कहा, मैं आपके शरीर में सभी देवताओं और तमाम जीवों को देख रहा हूं। मैं कमलासीन ब्रह्मा, शिव और सभी ऋषियों को व सर्पों को देख रहा हूं। आपके अनेक हाथ हैं, अनेक मुख हैं और अनेक आंखें हैं।' एक ही केंद्र पर समूचे ब्रह्मांड को देखना बड़ी बात है। श्रीकृष्ण द्वारा दिखाए गए दिव्य रूप ऋग्वेद के पुरुष से मिलते हैं। ऋग्वेद का पुरुष भी सहस्त्र शीर्षा, सहस्त्र पैरों वाला है। गीता में अर्जुन द्वारा देखे गए विश्वरूप का वर्णन है। अर्जुन इस रूप को देखकर कांप उठा और बोला अनेक मुखों, आंखों, भुजाओं, पैरों, पेटों, बड़े-बड़े दांत वाले इस भयानक रूप को देखकर सब डर गए हैं। अर्जुन ने पूछा, 'आप कौन हैं? भयानक उग्र रूप वाला तू कौन है? आपको नमस्कार है। मैं जानना चाहता हूं कि तू आदि देव कौन है?' श्रीकृष्ण ने कहा, 'मैं लोकों का क्षय करने वाला काल हूं।'

काल अपना काम करता है। इस मान्यता को नियतिवाद कहते हैं। कर्म से संपन्नता आती है। कर्म से यश मिलता है। कर्म से युद्ध है। युद्ध कर्म से विजय मिलती है। राज्य के सुख मिलते हैं। यह पुरुषार्थवाद कहलाया। पुरुषार्थवादी कर्म पर भरोसा करते हैं और नियतिवाद से इनकार करते हैं। गीता में दोनों हैं। कर्मयोग गीता का केंद्रीय विचार है। वैदिक काल भी कर्म प्रधान था। ऋग्वेद के एक मंत्र में कहते हैं, 'देवता परिश्रम करने वाले के मित्र बन जाते हैं। आलसी और अकर्मण्य लोगों की सहायता देवता नहीं करते।' यही विश्वास भारतीय दर्शन में व उपनिषद् आदि ग्रंथों में उपस्थित है। भारत के दर्शन का आकर्षण सारी दुनिया में है। रूस के राष्ट्रपति पुतिन के लिए इससे बेहतर क्या हो सकता है कि उन्हें सत्कार देने वाला व्यक्ति भारत का प्रधानमंत्री है। गीता की प्रतिष्ठा बढ़ रही है। ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुसलमीन के नेता वारिस पठान ने कहा है कि अगर मोदी ने गीता की जगह कुरान भेंट की होती तो ज्यादा बेहतर होता। एआईएमआईएम का कुरान भेंट करने का बयान निंदनीय है। कुरान और गीता की तुलना नहीं की जानी चाहिए थी। सत्यनिष्ठ तुलना में मृदु शब्द ही नहीं निकलते। ऐसे बयान देश को कमजोर करते हैं। दुर्भाग्य से इस्लामी राजनीति में कट्टरपंथ है। उनके यहां कोई कृष्ण नहीं हुआ। इस राजनीति में अलगाववाद है। इस्लामी राजनीतिक चिंतन में दुर्भाग्य से कोई दार्शनिक नहीं हुआ, इसीलिए इस्लाम पर बहस नहीं हो सकती।

गीता का जन्म ही कुरुक्षेत्र में दो सेनाओं के मध्य खड़े अर्जुन के विषाद से हुआ। श्रीकृष्ण ने अर्जुन को ज्ञान, कर्म और भक्ति की धाराएं समझाईं। जीवन को कर्म प्रधान बताया। सब बताने के बाद श्रीकृष्ण ने प्रश्न किया, 'यह सब सुनने के बाद आपका मन कैसा है?' अर्जुन ने उत्तर दिया, 'आपकी कृपा से हमारा मोह नष्ट हो गया- नष्टो मोहा। स्मृति लौट आई- स्मृति लब्धा' हिंदुओं पर बहुदेवपूजक होने के आरोप लगाते हैं। हिंदू बहुदेववादी नहीं एकेश्वरवादी और बहुत देव उपासक हैं।

इस आलेख की अंतिम बात, पूरी गीता पढ़ते समय बार-बार ऐसा प्रतीत होता है कि बस अब हो गया, लेकिन गीता के अंतिम अंश में विचार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उल्लेख है। दुनिया का कोई भी पंथ, मजहब, रिलिजन ऐसे उपदेश नहीं देता। श्रीकृष्ण कहते हैं, 'मैंने सभी रहस्यों से बड़े रहस्य वाला ज्ञान बताया है। इस पर गहन विचार करो और जैसी इच्छा हो वैसा करो- यथेच्छसि तथा कुरु।' भारतीय चिंतन और ज्ञान परंपरा में कहीं भी असहमत को पीड़ित करने या मार देने की बात नहीं है। सहमत और असहमत दोनों विकल्प यहां व्यवहारिक रूप में भी सुस्पष्ट हैं। बड़ी बात है कि युद्ध से अलग होने की घोषणा करने वाले अर्जुन से कृष्ण कहते हैं, 'यथेच्छसि तथा कुरु-जो इच्छा हो सो करो।'

# संघ की प्रचार परंपराओं को तोड़ रहा सोशल मीडिया

करीब एक सदी तक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की यही विशेषता रही कि प्रचारक प्रचार खूब करते रहे, पर दिखाई कुछ नहीं दिया, हांलाकि बिना प्रचार के प्रचार की कल्पना भी मुश्किल है, पर संघ ने ऐसा कर दिखाया। दो लोगों ने यदि दस लोगों से जनसंपर्क किया और अपनी बात या विचार रखे तो इस मीटिंग, बात-मुलाकात की फोटोबाजी, प्रेस आमंत्रण या प्रेस विज्ञप्ति की जरूरत कभी नहीं महसूस की गई। पंद्रह-बीस बरस पहले सोशल मीडिया शुरू हुआ, तो इससे भी परहेज़ किया गया। किसी तरह की भी फोटोबाजी से हमेशा दूरी बनाई गई। सब कुछ खामोशी से, बिना मीडिया या सोशल मीडिया के सहारे, बिना शोर-शराबे और बिना शो-ऑफ के संघ प्रचारक प्रचार करते रहे।




नवेद शिकोह

वरिष्ठ पत्रकार


राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्षों का यही इतिहास रहा है। राष्ट्रवाद का संकल्प, हिंदुत्व का प्रचार, जरूरतमंदों की मदद, शारीरिक व्यायाम, सादगी, समर्पण, लक्ष्य की प्राप्ति के लिए संघर्ष, तपस्या, अनुशासन, धैर्य और दिखावे से दूर रहना। दुनिया बदल रही है। भारत भी बदल रहा है। नए भारत में नई इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी का नया दौर शुरू हो गया है। बदलाव की इस बेला में क्या संघ भी बदल रहा? सौ वर्ष पूरे होने की उपलब्धि से उत्साहित संघ अपने मूल कार्य प्रचार को नई दिशा देकर दिखावे, मीडिया, सोशल मीडिया और तस्वीरों से दूर रहने के नियम को क्या तोड़ रहा? दुनिया के सबसे बड़े इस भारतीय राष्ट्रवादी संगठन ने क्या अपने पारंपरिक प्रचार को बदलने का फैसला किया है?

> नए भारत में नई इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी का नया दौर शुरू हो गया है। सौ वर्ष पूरे होने की उपलब्धि से उत्साहित संघ अपने मूल कार्य प्रचार को नई दिशा देकर दिखावे, मीडिया, सोशल मीडिया और तस्वीरों से दूर रहने के नियम को क्या तोड़ रहा है?

क्या अब संघ सोशल मीडिया से परहेज़ नहीं करेगा! या फिर दिखावे से दूर रहने, अनुशासित रहने और सादगी का पर्याय बने इस संगठन में भी अनुशासनहीनता का वायरस आ गया है! या फिर आज के दौर में चाह के भी सोशल मीडिया से बचा नहीं जा सकता है, या इसके बिना प्रचार संभव ही नहीं! अथवा इससे परहेज करना किसी के भी बस में नहीं। आप कहीं किसी से मिलने जाओ और फोटो न खिंचवाने का आपका निर्णय हो, पर जिससे मिलने गए यदि वो फोटो खींचता है तो आप उसे रोक ही नहीं सकते। जगह-जगह सीसी कैमरे हैं, तो फोटो तो वैसे भी खिंच जाएगा और वो फोटो कोई कभी भी इस्तेमाल कर सकता है।

सोशल मीडिया पर अब संघ की तमाम तस्वीरें वायरल होने लगी हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्ष पूरे होने पर संघ जनसंपर्क अभियान चला रहा है, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। पीआर (पब्लिक रिलेशन) सामाजिक सरोकारों से जुड़ा हो, राष्ट्रवाद से, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद से या हिंदुत्व के प्रचार से ही क्यों न जुड़ा हो, आपकी सादगी और दिखावे से दूर रहने की जिद को आज का सोशल मीडिया तोड़ ही देगा। आप फोटो नहीं भी खिंचवाओगे, पर दूसरे को रोकने का हक भी आप के पास नहीं रहेगा। शायद यही कारण है कि सौ साल बाद संघ और तस्वीरों के बीच की दूरियां अब मिटती दिख रही हैं। संघ ने मीडिया ने हमेशा दूरी बनाई। मीडिया का सहारा नहीं लिया, लेकिन सोशल मीडिया संघ की परंपराओं को तोड़ने लगा है!

# एकांत का सौंदर्य और भीतर की यात्रा

आज का मनुष्य निरंतर दौड़ में है। लक्ष्य पाने की दौड़, दिखावे की दौड़ और दूसरों की अपेक्षाओं को पूरा करने की दौड़। इस भागदौड़ के बीच जो सबसे अधिक छूट गया है, वह है मनुष्य का अपना आंतरिक जगत। आधुनिक जीवन शैली ने हमें बाहरी दुनिया से इतना जोड़ दिया है कि हम स्वयं से मिलने का समय ही खो बैठे हैं। ऐसे समय में 'एकांत' कोई विलासिता नहीं, बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिए अनिवार्य आवश्यकता बन गया है। यही वह क्षण है, जब जीवन हमें धीरे से कहता है- आंतरिक रूप से एकांत में रहिए, लक्ष्यहीन जीवन मत बिताइए, ध्यान कीजिए और अच्छी पुस्तकें पढ़िए।

जीवन की दिशा तभी स्पष्ट होती है जब मन के भीतर शांति हो। लक्ष्यहीन भटकाव केवल थकाता है, प्रेरित नहीं करता। आत्मिक यात्रा के लिए एकांत वह दीपक है, जो मन की गहराइयों को रोशन करता है। ध्यान और अध्ययन उस गहराई को दिशा देने वाले दो मजबूत स्तंभ हैं। ध्यान व्यक्ति को स्थिरता देता है और अध्ययन उसे विस्तार प्रदान करता है। दोनों मिलकर जीवन में लक्ष्य, अनुशासन और सृजनात्मकता का संचार करते हैं।




डॉ. प्रियंका सौरभ

लेखिका


यह आवश्यक नहीं कि मनुष्य समाज से कट जाए। मनुष्य सामाजिक प्राणी है। लोगों में थोड़ा घुलना–मिलना जीवन का स्वाभाविक हिस्सा है, किंतु वास्तविक समस्या तब उत्पन्न होती है, जब हम लोगों में इतने खो जाते हैं कि स्वयं से मिलने का अवसर ही न बचे, इसलिए प्रतिदिन एक–दो घंटे अपने लिए निकालना केवल मानसिक स्वास्थ्य नहीं, बल्कि जीवन प्रबंधन का सबसे बड़ा मंत्र है। यही समय हमें सजग बनाता है, थकान को धोता है और भीतर की ऊर्जा को पुनः भरता है। अलग रहिए, पर अपने अंतर में स्थित रहिए- यही आदर्श संतुलन है।

एकांत का आनंद उठाना किसी पलायन का नाम नहीं है। यह स्वयं को पुनः निर्मित करने की प्रक्रिया है। यह वह शांति है, जो किसी कोने में बैठकर मन को उसकी मौलिक लय में वापस ले आती है। यह वह स्पेस है, जहां जीवन के अनुत्तरित प्रश्न स्वयं उत्तर बनने लगते हैं। विचार निर्मल होते हैं, भावनाएं संयमित होती हैं और लक्ष्य स्पष्ट होने लगते हैं। इतने सारे लाभों के बावजूद लोग एकांत से डरते हैं, क्योंकि उन्होंने स्वयं के साथ बैठने का अभ्यास ही नहीं किया, लेकिन सच यही है, जो व्यक्ति स्वयं के साथ सुखी है, वही दूसरों को भी सुख दे सकता है।

एकांत का आनंद लेने का अर्थ यह नहीं कि समाज से विमुख हो जाएं। मनुष्य का व्यक्तित्वपूर्ण तब होता है जब वह एकांत और मेल–मिलाप के बीच संतुलन बनाए रखे। जब आप दूसरों से मिलें तो पूरे प्रेम और मित्रता के साथ मिलें। आपकी उपस्थिति लोगों के मन में सकारात्मकता भर दे। यह एक साधना है और इस साधना का आधार भी एकांत ही है, जो व्यक्ति भीतर से स्थिर होता है, वही दूसरों के लिए प्रेरणा बनता है। ऐसे व्यक्ति को देखकर लोग भूलते नहीं, वे याद रखते हैं कि वे एक ऐसी आत्मा से मिले थे, जिसने उनके भीतर प्रसन्नता और प्रेम के बीज बोए। आज के समय में सबसे बड़ी चुनौती यही है कि लोगों के बीच रहते हुए भी लोग भीतर से अकेले हो गए हैं।

# दुनियाभर में यौन हिंसा का शिकार बचपन

'द लैसेट' मैगजीन का यह खुलासा चिंतित करने वाला है कि दुनिया भर में 2023 में एक अरब से अधिक लोगों ने बचपन में यौन हिंसा का सामना किया है। मैगजीन के मुताबिक तकरीबन 60.8 करोड़ महिलाएं अपने साथी की ओर से की गई हिंसा का शिकार हुई हैं। सहारा अफ्रीका और साउथ एशिया में यौन हिंसा की दर सर्वाधिक है। मैगजीन के मुताबिक भारत में अंतरंग साथी द्वारा की गई हिंसा की शिकार महिलाओं की दर 23 प्रतिशत है। मैगजीन में यह भी खुलासा किया गया है कि 15 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग की 30 प्रतिशत से अधिक महिलाओं और 15 वर्ष या उससे अधिक उम्र के 13 प्रतिशत पुरुषों ने बचपन में यौन हिंसा झेली है।

> 'द लैसेट' मैगजीन ने लिखा है कि 2023 में दुनियाभर में 15 वर्ष से ऊपर के एक अरब से अधिक लोगों ने यौन हिंसा का सामना किया है। तकरीबन 60 .8 करोड़ महिलाएं अपने साथी की ओर से की गई हिंसा का शिकार हुई हैं। 13 प्रतिशत पुरुषों ने बचपन में यौन हिंसा झेली है।

गौर करें तो यह पहली बार नहीं है जब इस तरह का मामला सामने आया है। भारत की बात करें तो राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के मुताबिक बच्चों के खिलाफ अपराधों में लगातार वृद्धि हो रही है। भारत, नेपाल और श्रीलंका के प्रतिनिधि सर्वेक्षण आंकड़े बताते हैं कि इन तीनों देश में लगभग आठ में से एक बच्चा यानी 12.5 प्रतिशत 18 वर्ष की आयु पूरा होने तक यौन उत्पीड़न अथवा बलात्कार की शिकायत करता है। दक्षिण एशिया में 2024 में बाल यौन शोषण सामग्री की अधिकतर शिकायतें भारत, बांगलादेश और पाकिस्तान में दर्ज की गईं। इनमें अकेले भारत में 22.5 लाख मामले दर्ज किए गए।




अरविंद जयतिलक

लेखक


भारत में 2017 और 2022 के बीच पाक्सो कानून के तहत बच्चों के खिलाफ दर्ज यौन अपराधों में वृद्धि के संकेत हैं, हालांकि बढ़ती संख्या के बावजूद अभियोजन दर 90 प्रतिशत से ऊपर बनी हुई है, जो मजबूत प्रवर्तन एवं रिपोर्टिंग तंत्र का संकेत है, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण तथ्य यह है कि इन सबके बावजूद यौन शोषण मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है और गुनाहगार सजा से बच निकल जा रहे हैं।

याद होगा कि गत वर्ष पहले कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेंस फाउंडेशन ने खुलासा किया था कि यौन शोषण के शिकार बच्चों में से औसतन चार को प्रतिदिन न्याय नहीं मिल रहा है। फाउंडेशन के मुताबिक पोक्सो के तहत दर्ज हजारों मामले जांच के बाद भी न्यायालय तक नहीं पहुंच पा रहे हैं, जिससे प्रतिदिन चार पीड़ित बच्चों को न्याय नहीं मिल पा रहा है, चूंकि ज्यादतर पीड़ित कमजोर तबके से आते हैं, लिहाजा उनकी पैरवी ठीक ढंग से नहीं हो पाती। ऐसे में सुबूतों के अभाव में उनके केस बंद कर दिए जाते हैं।

गत वर्ष पहले सर्वोच्च अदालत ने देश में बच्चों से दुष्कर्म की बढ़ती घटनाओं को रोकने और ऐसे मामलों की जल्द जांच और ट्रायल सुनिश्चित करने के लिए विशेष जिला अदालतें बनाने का निर्देश दिया था। तब अदालत ने कहा था कि जिन जिलों में पोक्सो में 100 से ज्यादा मामले दर्ज हैं, ऐसे हर जिले में बाल यौन उत्पीड़न रोकथाम कानून यानी पोक्सो के तहत विशेष अदालत गठित की जाए। सर्वोच्च अदालत ने यह भी कहा था कि दो महीने के भीतर विशेष अदालतों को गठित करने का समय तय किया जाए। ये अदालतें सिर्फ पोक्सो के मुकदमे सुनेंगी और अदालतों के गठन का पूरा खर्च केंद्र सरकार द्वारा उठाया जाएगा। बच्चों का यौन उत्पीड़न न हो, इसके लिए अदालत ने जागरुकता कार्यक्रम शुरू करने का भी निर्देश दिया था, विडंबना है कि बच्चों का यौन शोषण थमने का नाम नहीं ले रहा।

तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली पीठ ने बच्चों से बढ़ती दुष्कर्म की घटनाओं पर मीडिया रिपोर्ट के आधार पर स्वतः संज्ञान लेते हुए इस मामले को जनहित याचिका में तब्दील करते हुए न्यायालय की मदद के लिए वरिष्ठ वकील वी गिरी को अमाइकस क्यूरी नियुक्त किया था। तब उम्मीद की गई थी कि शायद सर्वोच्च अदालत की इस सक्रियता से दुष्कर्म से जुड़े लंबित मामले निपटाने में मदद मिलेगी, लेकिन इस दिशा में अभी अपेक्षित सफलता नहीं मिल पाई है, जबकि पाक्सो के तहत बच्चों का यौन शोषण करने वाले दोषियों को 20 साल कैद से लेकर मौत तक की कड़ी सजा के प्रावधान है, लेकिन इसके बावजूद भी दोषी दंड से बच निकल जा रहे हैं।

एक आंकड़े के मुताबिक देश में हर छह घंटे में एक बच्चे के साथ दुष्कर्म होता है। गत वर्ष पहले दुष्कर्म की बढ़ती घटनाओं पर सर्वोच्च अदालत को कहना पड़ा था कि देश में 'लेफ्ट, राइट, सेंटर' सब जगह दुष्कर्म हो रहे हैं। तब सर्वोच्च अदालत ने महिला एवं बाल विकास मंत्रालय से संरक्षण गृहों में यौन उत्पीड़न की घटनाएं रोकने के लिए उठाए जा रहे कदमों की भी जानकारी मांगी थी।

# कबीरा खड़ा बाजार में, मांगे सब की खैर

शताब्दियों पहले संत कवि कबीर ने 'कबीरा खड़ा बाज़ार में, मांगे सबकी खैर, न काहू से दोस्ती, न काहू से बैर' दोहे में तेजी से पनपती बाजारवादी संस्कृति की ओर इशारा कर दिया था। ज्यादा नहीं बल्कि 4-5 दशक पहले घरों में कोई उत्सव पड़ता था, तो महीनों से उसकी तैयारी होने लगती थी। शादी-विवाह के अवसर पर गेहूं बीनने, चावल साफ करने तथा दाल घर को चकरी में पीसने में महिलाएं लग जाती थीं, तो पुरुषवर्ग शादी का सामान खरीदने आसपास के बड़े शहरों में जाते थे, क्योंकि यह धारणा थी कि बड़े शहरों के बाज़ार में वेरायटी के साथ कीमत भी कम लगेगी। इसके अलावा घर में रंग-रोगन आदि दो-तीन महीने पहले से शुरू हो जाता था।




सलिल पांडेय

मिर्जापुर


कुल मिलाकर कई महीने पहले से शादी का एक अघोषित नगाड़ा बजने लगता था। धीरे-धीरे समय बदला। निहायत घरेलू कार्यों में बाज़ार ने थोड़ा-थोड़ा दखल देना शुरू किया। शादी-विवाह के उत्सव घरों के बजाय धर्मशालाओं से होते होटलों में होने लगे। इसी बीच बाजार ने शादी-विवाह में खाने-पीने की वस्तुओं पर भी कब्जा जमाया और अब सिर्फ शहरों में ही नहीं, बल्कि गांवों तक में होटल आदि के जरिए बाजार ने सारा जिम्मा अपने ऊपर ले लिया। ऐसी स्थिति में परिवार और रिश्ते में जो सद्भाव बनता था, वह खत्म होने लगा। काम-धाम के बदले में मिलने वाले नेग-न्योछावर बाज़ार में जाने लगा। बात इतने पर ही नहीं रुक रही। वर्तमान समय में प्रायः लोग बाजार के सहारे जीवन जी रहे हैं।

थोड़ा कबीर के चिंतन पर मनन किया जाए तो बड़ा स्पष्ट संकेत कबीर देते हैं कि कबीर बाज़ार में खड़े तो हैं, लेकिन बाजार की संस्कृति इतनी प्रबल है कि वे किसी से कुछ न कहकर सबके लिए दुआ कर रहे हैं। यानी कबीर बाजार के चलते बिगड़ती घरों की अर्थव्यवस्था से चिंतित हैं, लेकिन बाजारवादी व्यवस्था में लोगों को काम मिलने से थोड़े संतुष्ट भी हैं। इसीलिए कबीर न किसी से दोस्ती करना चाहते हैं और न किसी से बैर का भाव प्रदर्शित करना चाहते हैं, लेकिन संत कवि होने के नाते उनके पास दुआ के अलावा और क्या है? इसलिए क्रेता-विक्रेता सब की ही भलाई चाहते हैं। वे जानते है कि पूंजी का प्रवाह होता रहेगा तो सबके हिस्से में कुछ न कुछ अवशय आएगा ही।

# बदलते पर्यावरण की चेतावनी, वन्य जीवों में बढ़ रही आक्रामकता

पृथ्वी का संपूर्ण पर्यावरण एक सूक्ष्म संतुलन पर आधारित है, जिसमें वनों, नदियों, पहाड़ों, जलवायु और जीव-जंतुओं का परस्पर संबंध अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस संतुलन में किसी भी प्रकार का अनुचित परिवर्तन होता है, तो उसका प्रभाव सीधे वन्य जीवों और उनके व्यवहार पर दिखाई देने लगता है। हाल के वर्षों में वन्य जीवों में आक्रामकता का बढ़ना इसी पर्यावरणीय असंतुलन का स्पष्ट संकेत है, जो बताता है कि प्रकृति गंभीर बदलावों और दबावों से गुजर रही है। जंगलों की शांत दुनिया आज पहले जैसी नहीं रही। जहां कभी हवा में पत्तों की सरसराहट और पक्षियों की मधुर आवाजें गूंजती थीं, वहां अब बेचैनी व तनाव आहट स्पष्ट सुनाई देती है। वन्य जीवों के व्यवहार में आ रहे तीव्र परिवर्तन यह संकेत देते हैं कि प्रकृति अपनी सीमा से बाहर हो चुके मानवीय हस्तक्षेपों का विरोध कर रही है। पशु-पक्षियों में बढ़ती आक्रामकता केवल एक व्यवहारिक विचलन नहीं, बल्कि पर्यावरणीय संकट का गंभीर लक्षण है। प्रश्न केवल जानवरों के उग्र होने का नहीं है, प्रश्न उस गहरे असंतुलन का है, जिसे हमने अपनी अनियंत्रित विकास-नीति और पर्यावरण के प्रति उदासीनता से जन्म दिया है।






डॉ. जितेंद्र शुक्ला

वन्य जीव विशेषज्ञ


अत्यधिक तापमान कई जीवों की दिनचर्या को भी प्रभावित कर रहा है। जो जीव दिन में सक्रिय रहते थे, वे गर्मी से बचने के लिए रात में सक्रिय होने लगे हैं, जिससे विभिन्न प्रजातियों के बीच टकराव बढ़ रहा है। उदाहरण के लिए, बाघ, तेंदुआ, भालू और हाथी जैसी प्रजातियां तापमान बढ़ने पर अधिक सतर्क और क्रोधित दिखाई देते हैं। वैज्ञानिक यह भी मानते हैं कि जब तापमान लगातार बढ़ता है, तो जानवरों का मस्तिष्क 'सर्वाइवल मोड' में चला जाता है, जिससे वे किसी भी खतरे पर तीखी प्रतिक्रिया देते हैं।

विश्व के कई हिस्सों में और विशेष रूप से भारत में, पिछले दो दशकों से वन्य जीवों का स्वभाव तेज़ी से बदल रहा है। बाघ, तेंदुए, हाथी, भालू, बंदर और यहां तक कि कई पक्षी प्रजातियों में भी असामान्य आक्रामकता देखी जा रही है। यह बदलाव अचानक नहीं आया, बल्कि निरंतर बिगड़ते पर्यावरणीय हालात का परिणाम है। मानव आबादी के विस्तार के साथ जंगल सिकुड़ते गए और जानवरों की जीवन-शैली पर गहरा प्रभाव पड़ा। वनस्पतियों का कम होना, नदी-नालों का सूखना और तापमान का लगातार बढ़ना इन सबने मिलकर वन्य जीवों के व्यवहार को असामान्य दिशा में मोड़ दिया है।

बाघों और तेंदुओं जैसे बड़े शिकारी प्राणियों पर सबसे अधिक दबाव पड़ा है। इनके प्राकृतिक आवास जिस तेजी से टूटे हैं, वह इनके स्वभाव को प्रभावित करने के लिए पर्याप्त था। जब शिकार का आधार घटता है और उनका इलाका छोटा पड़ने लगता है, तो वे तनाव में आ जाते हैं। यह तनाव उनके व्यवहार में अस्थिरता और आक्रामकता के रूप में प्रकट होता है। पिछले वर्षों में अनेक मामलों में देखा गया है कि बाघ और तेंदुए इंसानी बस्तियों की ओर बढ़ते हुए अधिक आक्रामक दिखाई दिए। इसका कारण केवल भूख नहीं, बल्कि उनके प्राकृतिक क्षेत्र में मानवीय दखल से उपजा मानसिक दबाव भी है।

हाथियों की आक्रामकता भी एक गहन पर्यावरणीय संकट की ओर इशारा करती है। हाथियों के पारंपरिक मार्ग, जिन्हें 'एलिफेंट कॉरिडोर' कहा जाता है, कई जगहों पर बंद हो चुके हैं। खेत, सड़कें, रेल लाइनें और बस्तियां इन मार्गों पर आ बसी हैं। हाथी जब इन बाधाओं से टकराते हैं, तो उनमें तनाव बढ़ता है और यही तनाव कई बार विनाशकारी रूप ले लेता है। यही कारण है कि असम, झारखंड, ओडिशा और केरल जैसे राज्यों में हाथियों द्वारा फसलें रौंदने, घर तोड़ने और कभी-कभी मानव पर हमला करने की घटनाएं बढ़ी हैं। यह हिंसा उनकी स्वाभाविक प्रवृत्ति नहीं, बल्कि परिस्थितियों से उपजा प्रतिरोध है। भालुओं के व्यवहार में आया बदलाव भी चिंता का विषय है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

## हर काम देश के नाम: सैन्य अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर भारतीय सेना में शामिल हुए 525 जांबाज अधिकारी

# ऐतिहासिक ड्रिल स्क्वायर पर आईएमए की भव्य पासिंग परेड

मुख्य संवाददाता, देहरादून



आईएमए देहरादून में चेटवुड बिल्डिंग के सामने ऐतिहासिक ड्रिल स्क्वायर पर भव्य और शानदार पासिंग आउट परेड का नजारा। ● अमृत विचार



**अमृत विचार:** राजधानी देहरादून स्थित भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) में कठोर प्रशिक्षण हासिल करने के बाद शनिवार को 525 कैडेट ने भव्य पासिंग आउट परेड (पीओपी) में हिस्सा लिया और अब उन्हें भारतीय सेना में अधिकारी के रूप में नियुक्त किया जाएगा।

आईएमए के ऐतिहासिक ड्रिल स्क्वायर पर 157वीं पासिंग आउट परेड का भव्य और शानदार आयोजन किया गया। गौरव, परंपरा और सैन्य गरिमा से परिपूर्ण इस अवसर पर अधिकारी कैडेट्स को भारतीय सेना में कमीशन प्रदान किया गया। यह समारोह अकादमी के आदर्श वाक्य 'वीरता और विवेक' तथा कैडेट्स के कठोर प्रशिक्षण, अनुशासन और अदम्य साहस का सशक्त प्रतीक रहा। इस गरिमामय समारोह के साक्षी कमीशन प्राप्त करने वाले नए अधिकारियों के गर्वित अभिभावक, परिजन, वरिष्ठ सैन्य अधिकारी तथा अनेक विशिष्ट अतिथि बने। परेड का समापन पारंपरिक 'अंतिम पग' के साथ हुआ, जब युवा अधिकारी राष्ट्र की संप्रभुता, सम्मान और मूल्यों की रक्षा के संकल्प के साथ आगे बढ़े।

परेड का निरीक्षण बतौर समीक्षा अधिकारी सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने किया। जनरल द्विवेदी ने अपने संबोधन में नए अधिकारियों को सफलतापूर्वक अपना प्रशिक्षण पूर्ण करने के लिए बधाई दी। परेड खत्म होते समय आसमान से हेलीकॉप्टरों ने नए सैन्य अधिकारियों पर पुष्पवर्षा भी की। 157वें कोर्स के साथ भारतीय सैन्य अकादमी ने एक बार फिर राष्ट्र के लिए साहस, पेशेवर दक्षता अटूट समर्पण से नेतृत्व करने वाले अधिकारियों के निर्माण की गौरवशाली परंपरा को सुदृढ़ किया है।





पीओपी के दौरान और पीओपी के बाद गर्व और खुशी के पल। ● अमृत विचार

# देहरादून के प्राकृतिक जल प्रवाह गलियारा का मामला हाईकोर्ट पहुंचा

## मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने सर्वे के लिए कोर्ट कमिश्नर किया नियुक्त

विधि संवाददाता, नैनीताल



**अमृत विचार:** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने देहरादून के इंद्रा नगर आवासीय क्षेत्र में एक प्राकृतिक जल प्रवाह गलियारे के भीतर पारिस्थितिक पार्क के निर्माण को चुनौती देने वाली जनहित याचिका पर महत्वपूर्ण हस्तक्षेप किया है। यह याचिका सामुदायिक विकास विशेषज्ञ और स्वतंत्र शोधार्थी व इंद्रा नगर निवासी डॉ. विनीता नेगी द्वारा दायर की गई है, जो इस मुद्दे पर उनकी दूसरी याचिका है। इसकी सुनवाई मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र एवं न्यायमूर्ति आलोक महरा की खंडपीठ में हुई। याचिकाकर्ता ने शहरी बाढ़ और पानी की कमी के जोखिमों से निवासियों और भविष्य की पीढ़ियों की रक्षा के लिए 25 सितंबर, 2023 को जारी निर्माण की अनुमति देने वाले आदेश को चुनौती दी है।

याचिकाकर्ता, जो स्वयं पार्टी-इन-पर्सन के रूप में उपस्थित थीं, ने अदालत को बताया कि उन्होंने पहले भी एक जनहित याचिका दायर की थी, जिसके परिणामस्वरूप अधिकारियों ने उनके अभ्यावेदन पर विचार किया था। उस पिछली बैठक में, अधिकारियों ने संकल्प लिया था कि प्राकृतिक जल निकासी चैनल में कोई भी कंक्रीटीकरण नहीं होगा और साइट का निरीक्षण करने के बाद संयुक्त रूप से एक मिनी-वन की योजना बनाई जाएगी। बताया गया कि पानी के प्राकृतिक प्रवाह क्षेत्र में एक स्कूल, एक होटल, एक क्लिनिक व अन्य द्वारा अवरोध किया जा रहा है जबकि प्रतिवादियों की ओर से पेश हुए वकीलों ने याचिकाकर्ता के तर्कों का कड़ा विरोध किया।

न्यायालय ने मामले की वास्तविक स्थिति का पता लगाने के लिए भव्या शर्मा को कोर्ट कमिश्नर नियुक्त किया है। कोर्ट कमिश्नर 20 दिसंबर को सुबह 11 बजे देहरादून में कथित प्राकृतिक जल निकासी का सरकारी अधिकारियों के साथ संयुक्त निरीक्षण करेंगी।

एक अन्य घटनाक्रम में, 9वें प्रतिवादी जो निगम का स्थानीय पार्षद है, ने कोर्ट के समक्ष एक हलफनामा दायर किया और अपने आचरण के लिए माफी मांगी। उन्होंने मामला कोर्ट में विचाराधीन रहते अपनी ओर से दिशा निर्देश दिए। हालांकि, न्यायालय ने हलफनामे का अवलोकन करने के बाद पाया कि यह एक 'सशर्त माफी' प्रतीत होती है। इसके बाद, उनके अधिवक्ता ने एक बिना शर्त माफी का हलफनामा दायर करने के लिए समय मांगा है। मामले को कोर्ट कमिश्नर की रिपोर्ट के साथ, 29 दिसंबर को सूचीबद्ध किया गया है।

### आर्थिक रूप से पिछड़े अभ्यर्थी के लिए रिक्त रखें पद

**नैनीताल :** हाईकोर्ट ने सहायक अध्यापक एलटी की नियुक्ति में एक अनाथ, आर्थिक रूप से पिछड़े अभ्यर्थी को आरक्षण का लाभ न देने पर यूकेएसएसएससी के सचिव को 23 दिसम्बर को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये कोर्ट में पेश होने व याची के लिये एक पद रिक्त रखने के निर्देश दिए हैं। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति मनोज तिवारी की एकलपीठ में हुई। मामले के अनुसार, बिंदुखत्ता निवासी मनोज जोशी ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कहा कि सहायक अध्यापक एलटी के लिए वर्ष 2023 में जारी विज्ञप्ति के क्रम में उसने हिंदी विषय के लिए अनाथ व आर्थिक रूप से पिछड़े श्रेणी में आवेदन किया। इस श्रेणी में गढ़वाल मंडल में 5 व कुमाऊं में 3 पद रिजर्व थे लेकिन यूकेएसएसएससी ने उन्हें इस आरक्षण का लाभ नहीं दिया। कोर्ट ने मामले को गम्भीरता से लेते हुए आयोग के सचिव को कोर्ट में तलब किया है।

## मैथ्स विजार्ड में प्रतिज्ञा ने पाया प्रथम स्थान

**बाजपुर:** सीआरसी चकरपुर में आयोजित ब्लॉक स्तरीय मैथ्स विजार्ड प्रतियोगिता में राजकीय प्राथमिक विद्यालय हरिपुरा हरसान प्रथम की होनहार छात्रा प्रतिज्ञा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर प्रतिज्ञा का चयन अब जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है।

छात्रा की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार, शिक्षकों एवं अभिभावकों में हर्ष का माहौल है। अध्यापिका रेखा सेठी सहित विद्यालय परिवार ने विश्वास जताया कि प्रतिज्ञा आगामी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भी श्रेष्ठ प्रदर्शन कर बाजपुर व उधम सिंह नगर जनपद का गौरव बढ़ाएगी।




ब्लॉक स्तरीय मैथ्स विजार्ड प्रतियोगिता में अपनी अध्यापिका के साथ विजेता प्रतिज्ञा।

# राज्य में विभागों के अहम प्रस्तावों को मिली संस्तुति



व्यय वित्त समिति की बैठक में निर्देश देते मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन। ● अमृत विचार

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्य सचिव (सीएस) आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में शनिवार को व्यय वित्त समिति की बैठक में विभिन्न विभागों के अहम प्रस्तावों को संस्तुति प्रदान की गई।

सीएस ने विभागों को निर्देश दिए कि प्रस्तावों को मंजूरी मिलने से लेकर कार्य पूर्ण होने तक प्रत्येक स्तर की समय सीमा निर्धारित की जाए। विभागों द्वारा अपनी परियोजनाओं की विभिन्न स्तरों पर नियमित रूप से मॉनिटरिंग की जाए, ताकि कार्यों को निर्धारित समय पर पूर्ण किया जा सके। उन्होंने कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिए जाने की भी बात कही। नंदा राजजात यात्रा से सम्बन्धित कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर किया जाना सुनिश्चित किया जाए। यात्रा शुरू होने से पहले सभी कार्य पूर्ण कर लिए जाएं।

मुख्य सचिव ने पेयजल विभाग की लोहाघाट टाउन पंपिंग पेयजल योजना, रामनगर में मल्टीस्टोरी पार्किंग एवं लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत नंदप्रयाग घाट-सुतोल-कनोल मोटर मार्ग का सुदृढ़ीकरण एवं डामरीकरण का कार्य, टनकपुर (चम्पावत) में मीडिया सेंटर, गेस्ट हाउस और कम्युनिटी हॉल निर्माण के प्रस्तावों को संस्तुति प्रदान की। इसके अतिरिक्त समिति की बैठक में पीएसी बटालियन रुद्रपुर के लिए आरटीसी एवं 188 बैडेड बैरक और देहरादून में साइबर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस निर्माण कार्य को भी संस्तुति प्रदान की। मुख्य सचिव ने अमृत 2.0 के तहत विभिन्न स्थानीय निकायों में पेयजल, पार्क प्रस्तावों एवं जलाशय कायाकल्प आदि के प्रस्तावों को भी मंजूरी दी। पार्क एवं जलाशयों के कायाकल्प पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

## कटखने बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग

**अल्मोड़ा:** सेवानिवृत्त केंद्रीय कर्मचारी कल्याण समिति की शनिवार को बैठक हुई। बैठक में नगर की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। वहीं, कटखने बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग उठाई।

नगर निगम सभागार में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि नगर में बंदरों के आतंक से लोग परेशान है। लावारिस पशुओं की संख्या भी काफी बढ़ गई है। इस कारण गुलदार का भी आतंक बढ़ रहा है। सदस्यों ने अपर व लोअर माल रोड, धारानौला में ई-रिक्शा व टैम्पो का संचालन निर्धारित रेट पर करने, नगर बस सेवा का किराया कम करने, शिखर तिराहे पर गति अवरोधक लगाने, रेल लाइन के निर्माण, लावारिस जानवरों से निजात दिलाने, गैस की होम डिलीवरी करने आदि की मांग की।

यहां एमडी काण्डपाल, हरीश लाल, शेष राम, रमेश तिवारी, एएस कार्की, नारायण दत्त पांडे, नवीन चंद्र जोशी, मदन सिंह मटेला, गंगा सिंह, त्रिलोक सिंह कड़ाकोटी, एमबी साह, गणेश सिंह बिष्ट, मोहन सिंह रावत समेत कई लोग मौजूद रहे।

# ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष रवि का जोरदार स्वागत



नवनियुक्त जिलाध्यक्ष रवि रस्तोगी का स्वागत करते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, सितारगंज

**अमृत विचार:** भाजपा ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष नियुक्त होने पर कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। सभासद रवि रस्तोगी इससे पहले भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रह चुके हैं तथा जिला सह संयोजक, विधि प्रकोष्ठ भाजपा जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का भी निर्वहन कर चुके हैं।

नवनियुक्त जिलाध्यक्ष रवि रस्तोगी ने सीएम पुष्कर सिंह धामी, कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट, जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष नेत्रपाल मौर्य का आभार जताया। शनिवार को समर्थकों व कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया।

## महर्षि विद्या मंदिर में जागरण का आयोजन

**खटीमा:** महर्षि विद्या मंदिर खटीमा में आध्यात्मिक जागरण कार्यक्रम के अंतर्गत सुंदरकांड का आयोजन किया गया। कीर्तन मंडली द्वारा सुंदरकांड का पाठ किया गया।

यह आध्यात्मिक जागरण कार्यक्रम अत्यंत सराहनीय रहा। इस अवसर पर ध्यान शिक्षिका नेहा सिंह ने वैदिक शिक्षा से संबंधित कई महत्वपूर्ण बातों को साझा किया। महर्षि विद्यालय पाठ्यक्रम से जुड़ी चेतना-आधारित शिक्षा, एमसीबी साइंस ऑफ क्रिएटिव इंटेलीजेंसी, चेतना के 16 सिद्धांत तथा यूनिफाइड फील्ड चार्ट के विषय में विद्यालय की वरिष्ठ अध्यापिका पुष्पा मेहरा ने जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन सौम्या वर्मा ने किया। मीनाक्षी भट्ट ने रामायण की चौपाइयों का सस्वर पाठ किया। प्रधानाचार्य हेमचंद कर्नाटक, अनीता भट्ट, योगेश जोशी, कुमारी प्रियंका जोशी रहे।

# रेखा गोस्वामी महिला मोर्चा तो आदर्श बने भाजयुमो जिलाध्यक्ष

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार:** भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभा गड़िया ने जनपद में पार्टी के विभिन्न मोर्चों की घोषणा कर दी है। उन्होंने अपनी टीम में समाजसेविका रेखा गोस्वामी को महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है तो युवा मोर्चे पर जुझारू व पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष आदर्श कठायत को जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। इसके अलावा अन्य मोर्चों का भी गठन किया है।

शुक्रवार की देर रात जिलाध्यक्ष प्रभा गढ़िया ने मोर्चों की घोषणा की। जिसमें अध्यापिका पृष्ठ भूमि व समाजसेवी रेखा गोस्वामी को महिला मोर्चा में जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष व अभाविप पृष्ठ भूमि के आदर्श कठायत को भाजयुमो जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सांपी है। इसके अलावा उमेद सिंह रावल को किसान मोर्चा का जिलाध्यक्ष, लक्ष्मी नाथ गोस्वामी को पिछड़ा वर्ग मोर्चा, अरूण कुमार को अनुसूचित जाति मोर्चा, नाजीम को अल्पसंख्यक मोर्चा की जिम्मेदारी सौंपी है। सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभा गढ़िया समेत जिला महामंत्री संजय परिहार व घनश्याम जोशी, उपाध्यक्ष खड़क सिंह टंगणियां, विधायक पार्वती दास व सुरेश गडिया, दर्जा राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट, मनोज बचखेती, डॉ. राजेंद्र परिहार ने बधाईयां दी हैं।

### समाजसेवी के रूप में है रेखा की पहचान



भाजपा महिला मोर्चा की जिम्मेदारी समाजसेवी व भाजपा की सामान्य कार्यकर्ता को सौंपी गई है। पेशे से निजी स्कूल की अध्यापिका जनपद में अब तक विभिन्न सेवा कार्यों में आगे रहती हैं। जनपद में पहला आक्सीजन प्लांट, हेल्थ एटीएम सुविधा प्रदान करने समेत कई सामाजिक कार्यों में उनकी अपनी अलग पहचान है। भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष रेखा गोस्वामी आरएसएस के सेवा भारती की कार्यकर्ता हैं। उनके द्वारा अपने भाई गुजरात के व्यवसायी गोपाल गोस्वामी के माध्यम से जनपद में कोविड काल में पहला आक्सीजन प्लांट स्थापित किया गया था। इसके अलावा कई गरीब परिवारों के बच्चों को पढ़ाई में, गरीबों को कंबल व आवास बनाने हेतु आर्थिक सहायता प्रदान की है।

# बिना ऑपरेशन 50 लोगों की बंद आहार नली खोली

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** देहरादून स्थित ग्राफिक एरा डीम्ड विश्वविद्यालय के चिकित्सा विभाग के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने बिना ऑपरेशन अवरुद्ध आहार नली खोलने के 50 मामलों में सफल उपचार का कीर्तिमान स्थापित किया है।

यह उपलब्धि गैस्ट्रोएंटरोलॉजी के हेड डॉ. सचिन देव मुंजाल के कुशल नेतृत्व में विशेषज्ञ टीम ने हासिल की है। पीओईएमएस के नाम से जानी जाने वाली यह प्रक्रिया ऐक्लेशिया कार्डिया और आहारनली संबंधी अन्य बीमारियों का इलाज करने की एक आधुनिक एंडोस्कोपिक प्रक्रिया है। यह पारंपरिक सर्जरी की तुलना में बिना चीरा लगाए, कम दर्द देने वाली और मुंह के रास्ते एंडोस्कोपी की सहायता से की जाती है। इस प्रक्रिया से मरीज जल्दी स्वस्थ होते हैं और उनके निगलने की क्षमता और जीवन की गुणवत्ता में सुधार आता है। डॉ. सचिन ने शनिवार को बताया कि पीओईएमएस के माध्यम से अब केवल लक्षणों को ही नहीं, बल्कि बीमारी की कार्यप्रणाली को भी ठीक करने पर ध्यान दिया जा रहा है। इस तकनीक से मरीज बहुत जल्दी सामान्य जीवन और खान-पान में लौट सकते हैं। डॉ. सचिन के नेतृत्व में ग्राफिक एरा अस्पताल का गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग उत्तर भारत के उन चुनिंदा केंद्रों में शामिल हो गया है जहां यह प्रक्रिया नियमित रूप से और उच्च सफलता दर के साथ की जा रही है।

# किशनपुर रेंज में दिखा टाइगर

संवाददाता, लखीमपुर खीरी



वाटर होल में पानी पीता टाइगर।

**अमृत विचार:** दुधवा राष्ट्रीय पार्क के नए सत्र में सैलानी लगातार टाइगर के दीदार कर रोमांचित हो रहे हैं। शनिवार की सुबह की पाली में दुधवा की किशनपुर रेंज में जंगल सफारी करने पहुंचे पर्यटकों को टाइगर दिखने से वह रोमांचित हो उठे।

शनिवार की सुबह जंगल सफारी की पहली पाली में साढ़े छह बजे करीब 12 दर्जन से अधिक गाड़ियों में देश एवं विदेश के पर्यटकों ने किशनपुर रेंज के जंगल में सफारी शुरू की थी। जंगल सफारी शुरू होने के कुछ ही देर बाद एक टाइगर जंगल के वाटर होल के पास पानी पीते दिखाई दिया। करीब 20 मिनट तक वाटर होल के पास टाईगर को पानी पीता देख सफारी करने पहुंचे पर्यटक रोमांचित होकर टाईगर की फ़ोटो वीडियो बनाते नजर आए। जंगल सफारी करने पहुंचे बच्चे भी टाईगर को देखकर बहुत ही उत्साहित थे। पहली बार जंगल सफारी करने पहुंची पर्यटक अंशिका शुक्ला ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ पहली बार जंगल सफारी करने आई हैं और पहली बार में ही बाघ का दीदार होना खुशी की बात है। लखीमपुर से तान्या यादव,परी यादव ने बताया कि अभी तक उन्होंने दुधवा व किशनपुर में चार बार जंगल सफारी कर चुकी है। लेकिन एक बार भी बाघ नहीं दिखा था। आज नजदीक से जंगल में बाघ को घूमते व पानी पीते देखकर जंगल सफारी सफल हो गई है। इसके अलावा हर्षित शुक्ला,सुशील गुप्ता,सोम गुप्ता,सोनू शुक्ला,अंस गुप्ता ने भी टाइगर देखने के बाद जंगल सफारी का अनुभव साझा किया। नेचर गाईड आइसा ने बताया कि किशनपुर रेंज में इस समय ज्यादातर सफ़ारियों में सैलानियों को बाघ के दीदार हो रहे हैं।

# तौकीर समेत 10 पर जमीन कब्जाने की रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। एक महिला ने तौकीर रजा और उनके बहनोई समेत 10 लोगों के खिलाफ जमीन कब्जा करने और जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट इज्जतनगर थाने में दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

उधर मौलाना तौकीर रजा खां बवाल मामले में मौजूदा समय में फतेहगढ़ की जेल में बंद हैं। इज्जतनगर थाना प्रभारी बिजेंद्र सिंह ने बताया कि शनिवार को रहपुरा चौधरी निवासी लाएवा पुत्री शाकिर बेग ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि उनके पिता काफी वृद्ध हैं और लंबे समय से बीमार रहते हैं। इन्ही परिस्थितियों का लाभ उठाकर मौलाना तौकीर रजा और मौलाना के बहनोई मोहसिन रजा ने षड्यंत्र करके उनके चाचा शारिक बेग, तौफीक बेग, शाहिद बेग, शाकिर बेग और शादिक बेग के साथ मिलकर उसके पिता की जमीन जबरन अपने नाम कराने के उद्देश्य से उन्हें हथियारों से भयभीत कर जान से मारने की धमकी दी।

# तौकीर रजा समेत 20 के खिलाफ एक और चार्जशीट दाखिल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शहर में 26 सितंबर को पुलिस पर पथराव कर फायरिंग करने और पेट्रोल बम फेंकने के मामले में सिविल लाइंस चौकी इंचार्ज कोमल कुंडू की ओर से दर्ज कराई गई रिपोर्ट में मौलाना तौकीर रजा समेत 20 आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी गई है। इस मुकदमे में दो आरोपियों को नामजद करते हुए 150 अज्ञात को आरोपी बनाया गया था। दावा है कि मौलाना प्रकरण में सभी मुकदमों में जल्द चार्जशीट दाखिल की जाएगी।

26 सितंबर को आई लव मोहम्मद पोस्टर विवाद को लेकर तौकीर रजा ने लोगों को इस्लामिया ग्राउंड में एकत्रित होने के लिए कॉल किया था। तौकीर ने लोगों से अपील की थी कि इस्लामिया ग्राउंड में बड़ी संख्या में सभी लोग पहुंचे। वहीं प्रशासन ने उन्हें प्रोटेस्ट की अनुमति नहीं दी थी। आरोप है कि अनुमति न मिलने के बाद भी तौकीर ने पुलिस प्रशासन को खुली चुनौती दी थी। तौकीर ने वीडियो जारी कर लोगों को उकसाने का काम किया था। इसके बाद पुलिस पर पथराव कर फायरिंग की गई थी। इसकी शुरुआत इस्लामिया ग्राउंड के पास खलील तिराहे से हुई थी। इसी तरह नौ महला मस्जिद पर हुए बवाल में चौकी प्रभारी कोमल कुंडू ने दर्ज कराए मुकदमे में बताया था कि मौलाना तौकीर रजा और नदीम खां ने इस्लामिया कॉलेज पर भीड़ को इकट्ठा कर शांति व्यवस्था खराब की। इस दौरान सरकार विरोधी नारों के साथ आपत्तिजनक नारे लगाए गए। जब पुलिस ने उन्हें रोकना चाहा तो फायरिंग और पेट्रोल बम से हमला किया गया। गाड़ियों में भी तोड़फोड़ की। जिसमें 22 पुलिसकर्मी भी घायल हुए। इस मामले की विवेचना दरोगा नितिन कर रहे थे। जिन्होंने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दिया।

## आंध्र ने फिर जीता ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश ने ऊर्जा संरक्षण और दक्षता के क्षेत्र में निरंतर और प्रगतिशील सुधार के लिए लगातार चौथे वर्ष राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार–2025 हासिल किया है। मुख्य सचिव के विजय आनंद ने कहा कि दक्षिणी राज्य ने भवन, उद्योग, नगर निकाय, कृषि, डिस्कॉम (बिजली वितरण कंपनियां) और परिवहन क्षेत्रों में अटूट प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार–2025 के समूह–दो वर्ग में प्रथम पुरस्कार जीता है।

अमृत विचार
हल्द्वानी, रविवार, 14 दिसंबर 2025
www.amritvichar.com



### बिजनेस ब्रीफ

### शिपरॉकेट ने सेबी को जमा किए कागजात

**नई दिल्ली।** टेमासेक समर्थित ई–कॉमर्स मंच शिपरॉकेट ने अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से 2,342 करोड़ जुटाने के लिए बाजार नियामक सेबी के समक्ष अद्यतन मसौदा दस्तावेज दाखिल किए हैं। कंपनी द्वारा पेश प्रारंभिक दस्तावेज के अनुसार, आईपीओ में 1,100 करोड़ तक के शेयरों का नया निर्गम और बेचने वाले शेयरधारकों द्वारा 1,242.3 करोड़ के शेयरों की बिक्री का प्रस्ताव शामिल है। बिक्री पेशकश (ओएफएस) के हिस्से के रूप में लाइटरोक, ट्राइब कैपिटल, बर्टेल्समैन, अरविंद लिमिटेड, गौतम कपूर, साहिल गोयल और विशेष खुराना अपनी हिस्सेदारी कम करेंगे। आईपीओ से प्राप्त राशि का मुख्य उद्देश्य शिपरॉकेट के मंच के विकास को बढ़ावा देना होगा।

### असम में खुला टीवीएस का तकनीकी केंद्र

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्वा शर्मा ने गुवाहाटी में टीवीएस क्रेडिट टेक्नोलॉजी सेंटर का उद्घाटन किया है। राज्य सरकार ने बताया कि इस टेक्नोलॉजी सेंटर के लिए इस साल फरवरी में आयोजित निवेश सम्मेलन ''एडवांटेज असम 2.0'' के दौरान एक समझौता किया गया था। यह केंद्र असम सरकार के मजबूत डिजिटल परिवेश बनाने के लक्ष्य के अनुरूप है, जिससे युवाओं को डिजिटल युग की जरूरतों के हिसाब से कौशल प्रशिक्षण दिया जा सके। उद्घाटन के बाद मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि यह केंद्र असम ही नहीं, बल्कि पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र में तकनीकी क्षमताओं को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएगा।

### सेल की बिक्री अप्रैल-नवंबर में 14% बढ़ी

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात विनिर्माता कंपनी सेल की बिक्री मूल्य दबाव और मांग में अस्थिरता के बीच अप्रैल–नवंबर 2025 अवधि के दौरान सालाना आधार पर 14 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1.27 करोड़ टन हो गई। इस्पात क्षेत्र की प्रमुख कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (एसएआईएल) ने पिछले वर्ष 1.11 करोड़ टन की बिक्री की थी। वैश्विक अनिश्चितताओं और भू–राजनीतिक तनावों से मूल्य दबाव और मांग में अस्थिरता सहित कई चुनौतियों के बावजूद मजबूत बिक्री रणनीति के कारण यह मजबूत प्रदर्शन संभव हो पाया।

# शुल्क वृद्धि पर मेक्सिको के संपर्क में भारत

## शुल्क की घोषणा उन देशों के खिलाफ की जिनका मेक्सिको से मुक्त व्यापार समझौता नहीं है

- भारतीय दूतावास ने मेक्सिको के आर्थिक मंत्रालय से विशेष रियायतों की मांग की थी

नई दिल्ली, एजेंसी



मेक्सिको के कई उत्पादों पर एकतरफा तरीके से शुल्क बढ़ाने के फैसले को लेकर भारत उसके साथ संपर्क में है, ताकि पारस्परिक रूप से लाभकारी समाधान निकाला जा सके। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। साथ ही, नई दिल्ली ने अपने निर्यातकों के हितों की रक्षा के लिए उचित कदम उठाने का अधिकार सुरक्षित रखा है। इन शुल्क की घोषणा उन देशों के खिलाफ की गई है, जिनका मेक्सिको के साथ मुक्त व्यापार समझौता नहीं है। इनमें भारत, चीन, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड और इंडोनेशिया शामिल हैं।

अधिकारी ने कहा कि इस संबंध में विधेयक पेश किए जाने के शुरुआती चरण से ही भारत मेक्सिको के साथ संवाद में था। मेक्सिको स्थित भारतीय दूतावास ने 30 सितंबर 2025 को मेक्सिको के आर्थिक मंत्रालय के सामने यह मुद्दा उठाया था और भारतीय निर्यात को नए शुल्कों से बचाने के लिए विशेष रियायतों की मांग की थी।

अधिकारी ने कहा कि भारत मेक्सिको के साथ अपनी साझेदारी को महत्व देता है और दोनों देशों के व्यवसायों और उपभोक्ताओं को लाभ पहुंचाने वाले स्थिर एवं संतुलित व्यापारिक माहौल की दिशा में सहयोग के लिए पूरी तरह तैयार है। इसके अलावा, दोनों देश मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू करने पर भी विचार कर रहे हैं और औपचारिक वार्ता शुरू करने के लिए संदर्भ शर्तों (टीओआर) को जल्द अंतिम रूप दिए जाने की उम्मीद है।

### पांच से 50% तक का ऊंचा आयात शुल्क

इस फैसले के तहत, मेक्सिको उन देशों से आने वाले व्यापक श्रेणी के उत्पादों (1,463 शुल्क लाइनों) पर लगभग पांच प्रतिशत से लेकर 50 प्रतिशत तक का ऊंचा आयात शुल्क लगाएगा, जिनका उसके साथ मुक्त व्यापार समझौता नहीं है। इनमें भारत, चीन, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड और इंडोनेशिया शामिल हैं। जिन वस्तुओं को इसके दायरे में लाया जाएगा, उनकी सूची अभी आधिकारिक रूप से जारी नहीं की गई है। ये बढ़े हुए शुल्क एक जनवरी 2026 से प्रभावी होंगे। इस संबंध में वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल और मेक्सिको के उप–आर्थिक मंत्री लुइस रोजेंडो के बीच उच्चस्तरीय बैठक पहले ही हो चुकी है और आगे तकनीकी स्तर की बैठकों की उम्मीद है।

### समझौता भारतीय कंपनियों की करेगा मदद

विशेषज्ञों का कहना है कि यह व्यापार समझौता भारतीय कंपनियों को इन शुल्कों से बचाने में मदद करेगा। ये शुल्क अमेरिका के दबाव में लगाए गए हैं, ताकि चीन के खिलाफ शुल्क बढ़ाने के मामले में अमेरिका के साथ तालमेल किया जा सके। मेक्सिको की सीनेट ने 11 दिसंबर 2025 को नए शुल्क उपाय को मंजूरी दी थी, जिसे बाद में संसद के दोनों सदनों से भी स्वीकृति मिल गई। इसका उद्देश्य विनिर्माण को बढ़ावा देना और व्यापार असंतुलन को कम करना है।

# चावल-गेहूं नरम, चीनी मजबूत व दालों, खाद्य तेलों में घट-बढ़

नई दिल्ली, एजेंसी



- औसत दर्जे के चावल की कीमत 99 रुपये गिरी, गेहूं 12 रुपये हुआ सस्ता
- चना दाल 36 और मसूर दाल 39 रुपये प्रति क्विंटल हुई सस्ती

घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल के औसत भाव टूट गए। गेहूं में भी नरमी देखी गयी। वहीं, चीनी के दाम बढ़ गए जबकि दालों और खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 99 रुपये गिरकर 3,755.96 रुपये प्रति क्विंटल पर रही। गेहूं 12 रुपये सस्ता हुआ और 2,848.44 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत चार रुपये बढ़ गयी। दाल-दलहनों में उतार-चढ़ाव रहा। चना दाल औसतन 36 रुपये और मसूर दाल 39 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। तुअर दाल 52 रुपये और मूंग दाल छह रुपये प्रति क्विंटल गिर गयी। उड़द दाल की कीमत 22 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी।

स्थानीय बाजारों में सरसों तेल औसतन 18 रुपये और वनस्पति 12 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सूरजमुखी तेल की कीमत 15 रुपये और मूंगफली तेल की 64 रुपये प्रति क्विंटल घट गयी। वहीं, सोया तेल में 26 रुपये और पाम ऑयल 41 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत पांच रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी। चीनी भी 26 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई।

## एडवेन बायोटेक को मिला आयुष प्रीमियम प्रमाणन

नई दिल्ली, एजेंसी



- भारत की पहली होम्योपैथिक कंपनी बनने का दावा

दवा कंपनी एडवेन बायोटेक ने आयुष प्रीमियम प्रमाणन प्राप्त करने की घोषणा की है। कंपनी का दावा है कि यह प्रतिष्ठित मान्यता हासिल करने वाली वह भारत की पहली होम्योपैथिक ब्रांड बन गई है।

आयुष प्रीमियम प्रमाणन को गुणवत्ता, शुद्धता और सुरक्षा के उच्च अंतर्राष्ट्रीय मानकों का प्रतीक माना जाता है। कंपनी के अनुसार, इस उपलब्धि के साथ एडवेन बायोटेक विश्वस्तरीय होम्योपैथिक निर्माण के क्षेत्र में अग्रणी पंक्ति में आ गई है। यह उपलब्धि ऐसे समय में सामने आई है, जब भारत का होम्योपैथिक और आयुष क्षेत्र तेजी से विस्तार के दौर से गुजर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसी पहलों ने आयुष उद्योग को वैश्विक मंच पर स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एडवेन बायोटेक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) आदेश शर्मा ने कहा कि आयुष प्रीमियम प्रमाणन प्राप्त करना उपभोक्ताओं को सुलभ और किफायती कीमत पर विश्व स्तर की गुणवत्ता वाली होम्योपैथिक दवाएं उपलब्ध कराने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## फर्जी राजनीतिक दान दावों पर ईमेल एसएमएस भेज रहा आयकर विभाग

नई दिल्ली, एजेंसी




- सीबीडीटी ने कहा- आंकड़ों के विश्लेषण के माध्यम से दान के नाम पर बड़ी मात्रा में फर्जी दावों का चला पता
- करदाताओं के हितों को ध्यान में रखकर एक लक्षित एक अभियान वित्त मंत्रालय ने किया शुरू

आयकर विभाग ने गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों या धर्मार्थ संस्थानों से संबंधित गलत कटौती दावों के लिए करदाताओं को एसएमएस और ईमेल से सलाह भेजना शुरू कर दिया है। वित्त मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी।

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने कहा कि आंकड़ों के विश्लेषण के माध्यम से उसने पाया है कि पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों (आरयूपीपी) या धर्मार्थ संस्थानों को दान के नाम पर बड़ी मात्रा में फर्जी दावे किए गए हैं, जिससे उनके कर दायित्वों को कम किया गया है और फर्जी धनवापसी का भी दावा किया गया है।

वित्त मंत्रालय ने कहा कि करदाताओं के हित में एक लक्षित एक अभियान शुरू किया गया है, जो उन्हें अपने आईटीआर अपडेट करने और किसी भी गलत दावे को वापस लेने का अवसर प्रदान करता है। 12 दिसंबर 2025 से ऐसे करदाताओं के पंजीकृत मोबाइल नंबर और ईमेल पर एसएमएस और ईमेल सूचनाएं भेजी जा रही हैं। वित्त मंत्रालय के निर्देश पर आयकर विभाग यह कार्रवाई कर रहा है।

## 55% लोगों की सर्दियों में घूमने की योजना गोवा-केरल आगे

**मुंबई।** एयरबीएनबी की एक रिपोर्ट के अनुसार लगभग 55 प्रतिशत भारतीयी हर साल सर्दियों में घूमने की योजना बनाते हैं और इस दौरान गोवा और केरल उनकी शीर्ष पसंद रहते हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि भारतीय सर्दियों में केवल छुट्टियां मनाने के लिए ही नहीं, बल्कि तनाव से दूर होकर आराम करने के लिए से भी यात्रा करते हैं।

एयरबीएनबी के भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र के ''कंट्री हेड'' अमनप्रीत बजाज ने कहा कि इस सर्दी के मौसम में गोवा, केरल, राजस्थान और हिमालयी राज्य घरेलू यात्रा में सबसे आगे हैं। उन्होंने एयरबीएनबी के आंतरिक आंकड़ों पर आधारित रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि 55 प्रतिशत भारतीय हर साल सर्दियों में यात्रा की योजना बनाते हैं, जिससे यह पता चलता है कि अनुकूल मौसम तथा मनमोहक नजारों के कारण सर्दी भारत में घूमने के पसंदीदा मौसमों में से एक बन चुकी है।

## स्टार्टअप कंपनियां तलाशेंगी वायु प्रदूषण का समाधान

- वायु प्रदूषण के समाधान पर चर्चा करने को स्टार्टअप संस्थापकों की हुई बैठक

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण से निपटने के लिए समाधान तलाशने के उद्देश्य से शनिवार को 40 स्टार्टअप संस्थापकों और कारोबारी प्रतिनिधियों की बैठक हुई। बयान के अनुसार यह बैठक सेंट्रल पार्क में हुई, जिसमें वेंचर कैपिटल और प्राइवेट इक्विटी कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। बैठक में आवागमन, कृषि और वायु शुद्धिकरण जैसे क्षेत्रों में काम कर रहे स्टार्टअप ने अपने-अपने समाधान साझा किए और इन्हें बड़े स्तर पर लागू करने में आने वाली चुनौतियों पर चर्चा की। कार और बाइक साझा करने के मंच क्विक राइड के सह-संस्थापक विशाल लावटी ने कहा कि निजी वाहन दिल्ली में वायु प्रदूषण का एक प्रमुख कारण हैं। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहन जैसे दीर्घकालिक उपाय मददगार होंगे, लेकिन कार साझा करने और बाइक साझा करने जैसी सरल और तुरंत अपनाई जा सकने वाली गतिविधियां प्रदूषण कम करने में प्रभावी हैं। इसके लिए किसी अतिरिक्त अवसंरचना की आवश्यकता नहीं है, केवल जागरूकता और सहभागिता जरूरी है। इस बैठक का आयोजन करने वाली 'द भारत प्रोजेक्ट' की संस्थापक श्रद्धा शर्मा ने कहा कि अगले 11 महीनों में क्षमता निर्माण पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा, ताकि अगले वर्ष दिल्ली वायु प्रदूषण से बेहतर तरीके से निपट सके।



# नक्सलवाद से किसी को फायदा नहीं होता : शाह

## गृहमंत्री बोले- पांच वर्षों में बस्तर देश का विकसित आदिवासी क्षेत्र होगा

- बस्तर ओलंपिक-2025 खेल के समापन समारोह को किया संबोधित

रायपुर, एजेंसी


समापन समारोह में शामिल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने छत्तीसगढ़ के सात जिलों वाले बस्तर संभाग को अगले पांच वर्षों में देश का सबसे विकसित आदिवासी क्षेत्र बनाने का संकल्प लिया है। शाह ने कहा कि नक्सलवाद से किसी को फायदा नहीं होता, न तो हथियार उठाने वालों को और न ही सुरक्षाकर्मियों को, और शांति ही विकास का मार्ग प्रशस्त करती है।

उन्होंने फिर इस बात पर बल दिया कि 31 मार्च, 2026 तक देश से नक्सलवाद खत्म हो जाएगा। शाह ने राज्य के बस्तर जिले के मुख्यालय जगदलपुर में इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम में बस्तर ओलंपिक-2025 खेल आयोजन के समापन समारोह को संबोधित करते हुए माओवादियों से अनुरोध किया कि वे हथियार डाल दें और समाज की मुख्यधारा में शामिल हो जाएं। सरकार ने 31 मार्च, 2026 से पहले देश से लाल आतंक को खत्म करने का फैसला किया है, यह लक्ष्य अब प्राप्ति के करीब है। शाह ने कहा कि आज मैं बस्तर में आया हूं तब मुझसे ज्यादा आनंद किसी व्यक्ति को नहीं हो सकता है। हमने तय किया था कि 31 मार्च के पहले देश से लाल आतंक को खत्म कर देंगे, और आज बस्तर ओलंपिक 2025 में हम इसके कगार पर खड़े हैं। मैं 2024 में भी आया था, 2025 में भी आया हूं और 2026 में भी आऊंगा, यह मेरा वादा है। परंतु, जब मैं 2026 में बस्तर ओलंपिक के लिए पहुंचूंगा, तब तक छत्तीसगढ़ और पूरे देश से नक्सलवाद का सफाया हो चुका होगा।

### केंद्र और राज्य सरकारें विकास के लिए प्रतिबद्ध

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि बस्तर संभाग के सात जिलों – कांकेर, कोंडागांव, बस्तर, सुकमा, बीजापुर, नारायणपुर और दंतेवाड़ा – को दिसंबर 2030 तक देश के सबसे विकसित आदिवासी जिलों के रूप में विकसित किया जाएगा। केंद्र और राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकारें इन जिलों के हर घर के लिए आवास, बिजली, शौचालय, नल का पानी, रसोई गैस कनेक्शन, पांच किलोग्राम मुफ्त अनाज और पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बस्तर संभाग देश का सबसे विकसित आदिवासी क्षेत्र होगा। यहां हर गांव सड़कों से जुड़ा होगा, बिजली होगी, पांच किलोमीटर के दायरे में बैंकिंग सुविधाएं होंगी तथा प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का एक मजबूत जाल होगा।

### अर्बन नक्सलियों को हुआ भारी नुकसान, 92 करोड़ की संपत्ति जब्त : सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने विभिन्न एजेंसियों की समन्वित कार्रवाई के तहत 92 करोड़ की संपत्ति जब्त कर नक्सलियों को काफी हद तक संकुचित कर दिया है। शनिवार को सरकारी बयान में कहा गया है कि इस कार्रवाई से अर्बन नक्सलियों को भी गंभीर नैतिक व मनोवैज्ञानिक नुकसान पहुंचा है और उनके सूचना नेटवर्क पर नियंत्रण कड़ा कर दिया गया है। मार्च 2026 तक देश को पूरी तरह नक्सल–मुक्त बनाने के दृढ़ लक्ष्य को हासिल करने के लिए सरकार ने राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) में एक समर्पित प्रकोष्ठ का गठन किया है। इस प्रकोष्ठ ने 40 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है, जबकि राज्य के प्राधिकारियों ने अतिरिक्त 40 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है। वहीं प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 12 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है। बयान में कहा गया है, समन्वित कार्रवाई से शहरी नक्सलियों को गंभीर नैतिक व मनोवैज्ञानिक क्षति पहुंची है और उनके सूचना आधारित युद्ध से जुड़े नेटवर्क पर नियंत्रण कड़ा किया गया है। माओवादी उग्रवादियों के खिलाफ की गई कार्रवाई का विस्तृत विवरण देते हुए सरकार ने बताया कि 2014 में जहां 36 जिले नक्सलवाद से 'सबसे अधिक प्रभावित' थे।

## केरल : निगम चुनाव में भाजपा ने एलडीएफ को हराया

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

- 101 वार्ड में से भाजपा को 50, एलडीएफ को 29, यूडीएफ को 19 पर मिली जीत

केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम के नगर निकाय चुनाव में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने शानदार जीत हासिल की। राजग ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) नीत वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) को शिकस्त देकर निगम पर 45 वर्षों के वामपंथी शासन का अंत कर दिया।

विश्लेषकों का मानना है कि तिरुवनंतपुरम नगर निगम में मिली जीत से 2026 के विधानसभा चुनाव में विशेष रूप से राज्य की राजधानी में भाजपा की संभावनाओं को काफी बल मिलेगा। तिरुवनंतपुरम नगर निगम के 101 वार्ड में से भाजपा को 50 में, एलडीएफ को 29 में, संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ)को 19 में और दो निर्दलीय को जीत मिली है। भाजपा सदन में बहुमत हासिल करने से एक वार्ड दूर है। राजग ने कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ के साथ टक्कर के बाद पलक्कड़ नगरपालिका को बरकरार रखा व कांग्रेस को त्रिप्पुनिथुरा में शिकस्त दी। लोकसभा चुनाव में भाजपा के सुरेश गोपी ने त्रिशूर सीट पर जीत दर्ज की थी।

### राजग की जीत केरल में ऐतिहासिक क्षण : मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नगर निगम चुनाव में राजग को मिले जनादेश को केरल की राजनीति में ऐतिहासिक क्षण बताया और नतीजों के लिए कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा कि धन्यवाद तिरुवनंतपुरम। नगर निगम में भाजपा–राजग को मिला जनादेश केरल की राजनीति में ऐतिहासिक क्षण है। जनता को विश्वास है कि केरल की आकांक्षाओं को केवल भाजपा ही पूरा कर सकती है।

## मनरेगा पर भाजपा कांग्रेस आमने सामने

- योजना का नाम बदलने पर कांग्रेस ने घेरा, भाजपा का पलटवार

**नई दिल्ली।** भाजपा ने शनिवार को कहा कि ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना का नाम बदलने का प्रधानमंत्री का निर्णय इसकी भावना को बदलने के लिए है। राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने मनरेगा को लेकर कांग्रेस की आलोचना पर कहा कि विपक्षी दल व उसके नेता इसे समझ नहीं सकते।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने मनरेगा पर कहा था कि मोदी सरकार योजनाओं का नाम बदलने में मास्टर है। इस योजना के नाम में महात्मा गांधी होने में क्या गलत है। कांग्रेस संगठन प्रभारी केसी वेणुगोपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने कभी मनरेगा को विफलता का स्मारक कहा था।

भाजपा नेता त्रिवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने पूरा जीवन राष्ट्र को समर्पित किया है और वे इसी भावना के साथ काम करते हैं। कांग्रेस, जिसने हम हैं यहां के राजकुमार के सिद्धांत पर काम किया है, वह उसको नहीं समझ सकती।

## ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे पर दो हादसों में 12 से अधिक गाड़ियां आपस में टकराई

ग्रेटर नोएडा, एजेंसी

- घने कोहरे के कारण हुआ हादसा पांच किमी लगा लंबा जाम

उत्तर प्रदेश में गौतमबुद्धनगर जिला के ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे के दो अलग-अलग मार्ग पर शनिवार को घने कोहरे के कारण 12 से अधिक गाड़ियां आपस में टकरा गई। ठंड के साथ घने कोहरे से ग्रेटर नोएडा के दादरी थाना क्षेत्र स्थित ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वे के चक्रसेनपुर फ्लाईओवर और समाधिपुर फ्लाईओवर पर एक के बाद एक वाहन आपस में टकरा गए,जिससे वह क्षतिग्रस्त हो गए। इस हादसे से पांच किलोमीटर लंबा जाम लगा गया।

ईस्टर्न एक्सप्रेस-वे पर हुए हादसे की लोग ने पुलिस और हाईवे के टोल कर्मचारियों को सूचना दी। दादरी थाना पुलिस और एनएचएआई के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और यातायात को कुछ समय के लिए रोक दिया। वाहनों को मार्ग से हटवाकर और घायलों को अस्पताल भेजने के बाद यातायात फिर से शुरू कराया गया।

### वाहनों के लिए पहले से जारी है दिशानिर्देश

यातायात पुलिस की ओर से एक्सप्रेस–वे पर वाहनों के लिए गति सीमा के निर्देश पहले से जारी है। इसमें कहा गया है कि शीत ऋतु में कोहरे, धुंध से सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए यमुना एक्सप्रेस वे, नोएडा, ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस वे, नोएडा एलिवेटेड रोड और जिले के अन्य मार्गों पर दिसंबर से लेकर फरवरी 2026 तक सभी वाहनों की गति सीमा तय है। इसके तहत हल्के वाहनों की अधिकतम गति सीमा 75 किमी प्रति घंटा यमुना एक्सप्रेस–वे पर है, भारी वाहनों की 60 किमी प्रति घंटा है, नोएडा–ग्रेटर नोएडा पर हल्के वाहन 75 व भारी वाहन 50 किमी प्रति घंटा की गति से चल सकते हैं।

## डिजिटल अरेस्ट कर बुजुर्ग से ठगे 1.16 करोड़, तीन गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने बुजुर्ग को डिजिटल अरेस्ट करने के बाद उससे 1.16 करोड़ की धोखाधड़ी करने के आरोप में साइबर सिंडिकेट के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। अधिकारी ने बताया कि खुद को कानून प्रवर्तन अधिकारी बताते हुए आरोपी ने वीडियो कॉल के दौरान 82 वर्षीय व्यक्ति को फर्जी गिरफ्तारी आदेश दिखाया। कानूनी कार्रवाई की धमकी देकर बुजुर्ग को 1.16 करोड़ रुपये अंतरित करने को मजबूर किया गया। जांच के दौरान, पुलिस को पता चला कि ठगी गई रकम का बड़ा हिस्सा 1.10 करोड़ रुपये हिमाचल प्रदेश स्थित गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) के चालू खाते में जमा किया गया था। यह खाता बिहार के पटना से जालसाजों द्वारा संचालित किया जा रहा था। राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर इसी बैंक खाते के खिलाफ 32 शिकायतें दर्ज की गई हैं, जिसमें कुल 24 करोड़ की धोखाधड़ी शामिल है। मामले की जांच के तहत हिमाचल प्रदेश और बिहार में कई छापेमारी की गई, जिससे तीन आरोपियों की गिरफ्तारी हुई।

## गोवा : नियमों के उल्लंघन में दो प्रमुख नाइट क्लब सील

**पणजी।** गोवा में 6 दिसंबर को नाइटक्लब की घटना के बाद राज्यव्यापी कार्रवाई के तहत प्रशासन ने दो नाइट क्लब को सील कर दिया है। उत्तरी गोवा के वागातोर तट पर अरब सागर के किनारे स्थित मशहूर नाइट क्लब कैफे सीओ2 गोवा को शनिवार को सील किया गया। दो दिन पहले वागातोर में गोया क्लब को बंद किया गया था।

राज्य सरकार द्वारा नियुक्त टीम ने सीओ2 गोवा के निरीक्षण में पाया गया कि 250 लोगों की क्षमता वाले क्लब के पास अग्निशमन और आपातकालीन सेवा विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं है। इसकी संरचनात्मक में कुछ समस्याएं हैं।

## कश्मीर में हल्की बर्फबारी की संभावना

श्रीनगर, एजेंसी

कश्मीर में बादल छाए रहने से न्यूनतम तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी हुई, जिससे ठंड से हल्की राहत मिली है। मौसम विभाग ने घाटी के ऊंचे क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर हल्की बर्फबारी होने की संभावना जताई है।

मौसम विभाग ने शनिवार को बताया कि जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में शुक्रवार रात न्यूनतम तापमान शून्य से 2.9 डिग्री नीचे रहा, जो पिछली रात के तापमान (शून्य से 3.6 डिग्री सेल्सियस नीचे) से अधिक है। रात का तापमान इस मौसम के सामान्य तापमान से 1.7 डिग्री कम था। शहर और घाटी के अधिकांश हिस्सों में घना कोहरा है, विशेष रूप से जल निकायों के आसपास के क्षेत्रों को कोहरे से ढके हुए हैं।

दक्षिण कश्मीर के काजीगुंड में न्यूनतम तापमान शून्य से 1.6 डिग्री नीचे और उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा में शून्य से 2.4 डिग्री नीचे है। वहीं कोकरनाग में यह 0.1 डिग्री रहा। कोकरनाग और गुलमर्ग में तापमान हिमांक बिंदु से ऊपर रहा। मौसम विभाग के अनुसार, गुलमर्ग, पहलगाम में तापमान में गिरावट आई है। पुलवामा सबसे ठंडा स्थान रहा।

### उत्तर भारत में भी तापमान में तेजी से गिरावट जारी

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत में तापमान में तेज़ी से गिरावट देखी जा रही है। पंजाब, उत्तराखंड, जम्मू- कश्मीर, हरियाणा, मध्य प्रदेश, बिहार और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में शीतलहर तेज़ी से बढ़ रही है। महाराष्ट्र में शीतलहर चलने से कई जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे गिर सकता है। आईएमडी के अनुसार देश के कई राज्यों के कई इलाकों में सुबह घना कोहरा देखा जा सकता है। दिसंबर में ठंड बढ़ने पर कई विद्यालयों के खुलने के समय में बदालव हो सकता है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### गुजरात में आया 3.9 तीव्रता का भूकंप

**अहमदाबाद।** गुजरात के कच्छ जिले में शनिवार को 3 .9 तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया। भूकंपीय अनुसंधान संस्थान ने यह जानकारी दी। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी ने बताया कि जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। गांधीनगर स्थित आईएसआर ने बताया कि भूकंप का झटका दोपहर 2 :47 बजे आया, जिसका केंद्र जिले के गढ़शीशा से 13 किलोमीटर उत्तर उत्तर-पूर्व (एनएई) में था। कच्छ में इस माह रिक्टर पैमाने पर तीन से अधिक तीव्रता का महसूस किया गया यह पांचवा भूकंप है। कच्छ एक अत्यधिक जोखिम वाले भूकंपीय क्षेत्र में स्थित है।

### यमन में हमले में 30 से अधिक सैनिक मारे गए

**सना।** पूर्वी यमन के हद्रमाउत प्रांत में अलगाववादी बलों के हमले में 30 से अधिक यमनी सैनिक मारे गए। सेना के जनरल स्टाफ ने आधिकारिक समाचार एजेंसी सना से बात करते हुए अलगाववादी बलों पर आरोप लगाया कि वे अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करते हुए घायलों को मार रहे हैं और कैदियों को फांसी दे रहे हैं। जनरल स्टाफ ने शुक्रवार को कहा कि अलगाववादियों के हमले में कम से कम 32 यमनी अधिकारी और सैनिक मारे गए, जबकि 45 अन्य घायल हो गए।

### द. अफ्रीका में मंदिर गिरने से दो की मौत

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका में डरबन के उत्तर में स्थित भारतीय कस्बे रेडक्लिफ में शुक्रवार दोपहर चार मंजिला मंदिर के ढह जाने से जुड़ी घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई। मलबे में दबे लोगों की तलाश कर रहे बचावकर्मियों ने कठिन परिस्थितियों के कारण शुक्रवार आधी रात के करीब बचाव अभियान रोक दिया। इमारत पर कंक्रीट डालते समय पूरा ढांचा ढह गया जिससे एक मजदूर की मौत हो गई और कई अन्य लोग उसके नीचे दब गए। मलबे में फंसे श्रमिकों और मंदिर के अधिकारियों की सटीक संख्या अभी ज्ञात नहीं है। इसी बीच, मंदिर परिसर में परिवार के साथ पहुंचे 54 वर्षीय एक श्रद्धालु की खबर सुनने के बाद मौत हो गई।

### गाजा में संरा की भूमिका अपरिहार्य

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सहित आठ प्रमुख मुस्लिम देशों ने फलस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र की राहत एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) के प्रति मजबूत समर्थन व्यक्त करते हुए कहा है कि गाजा में अप्रत्याशित मानवीय संकट के बीच इसकी भूमिका अपरिहार्य है। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय द्वारा जारी एक संयुक्त बयान में, पाकिस्तान, मिस्र, इंडोनेशिया, जॉर्डन, कतर, सऊदी अरब, तुर्किये और संयुक्त अरब अमीरात के विदेश मंत्रियों ने फलस्तीनी शरणार्थियों के अधिकारों और कल्याण की रक्षा के लिए यूएनआरडब्ल्यूए की अपरिहार्य भूमिका की पुष्टि की।

### पशु मौतों पर सड़कों पर उतरे किसान

**पेरिस।** दक्षिण-पश्चिम फ्रांस में किसानों ने लम्पी स्किन रोग के कारण बड़े पैमाने पर पशुओं के मारे जाने के सरकार के आदेश के विरोध में शुक्रवार रात से शनिवार सुबह तक प्रमुख सड़कों को जाम कर दिया। नाराज किसानों ने न केवल ट्रैक्टरों से सड़कों की नाकेबंदी कर दी, बल्कि भूसे के गट्ठरों में भी आग लगा दी। पुलिस ने नाराज भीड़ को नियंत्रित करने की कोशिश की, तो दोनों पक्षों के बीच छड़प हो गयी। यह विरोध फ्रांस के कृषि क्षेत्र में बढ़ती नाराजगी को दर्शाता है।

# इमरान खान की हिरासत समाप्त करे पाकिस्तान

इस्लामाबाद, एजेंसी



- संरा विशेषज्ञ ने तत्काल और प्रभावी कार्रवाई करने को कहा

संयुक्त राष्ट्र के एक विशेषज्ञ ने पाकिस्तान सरकार से पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की अमानवीय और अपमानजनक हिरासत स्थितियों की खबरों के समाधान के लिए तत्काल और प्रभावी कार्रवाई करने का आह्वान किया है।

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार निकाय द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक यातना पर संयुक्त राष्ट्र की विशेष प्रतिवेदक एलिस जिल एडवर्ड्स ने शुक्रवार को कहा कि लंबे समय तक या अनिश्चितकालीन एकांत कारावास अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार कानून के तहत निषिद्ध है, और जब यह 15 दिनों से अधिक समय तक चलता है, तो मनोवैज्ञानिक यातना का एक रूप ले लेता है। एडवर्ड्स ने कहा कि मैं पाकिस्तानी अधिकारियों का आह्वान करती हूं कि वे यह सुनिश्चित करें कि खान की हिरासत की शर्तें अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों के अनुरूप हों। खान 2023 से रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद हैं।

## पहले से ज्यादा तेज और सटीक होगी

जनगणना सरकारी प्रक्रिया है जिसमें देश की संपूर्ण आबादी, घरों, सामाजिक-आर्थिक स्थिति, जाति, शिक्षा, भाषा आदि के आंकड़े हर 10 साल में एक बार इकट्ठा किए जाते हैं। वर्ष 2027 में देश में पहली बार डिजिटल मोड में जनगणना कराई जाएगी। इसमें कागज़ के बजाय मोबाइल एप, वेब पोर्टल और डिजिटल टूल्स का इस्तेमाल होगा। दो चरणों में होने वाली यह दुनिया की सबसे बड़ी प्रशासनिक और सांख्यिकीय प्रक्रिया होगी। केंद्रीय कैबिनेट ने जनगणना के लिए 11,718 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी दे दी है। पहला चरण सात अप्रैल से शुरू होकर माह सितंबर तक चलेगा, इस दौरान घरों की सूची बनाने के साथ आवास की गणना की जाएगी। दूसरे चरण फरवरी 2027 से आबाद की गणना होगी। आइए जानते हैं जनगणना की प्रक्रिया और फायदे।

# डिजिटल जनगणना



### डिजिटल जनगणना के लाभ

- तेज़ और सटीक डेटा संग्रह हो सकेगा। डिजिटल भराई से त्रुटियां कम होंगी और डेटा की सही जानकारी तुरंत उपलब्ध होगी। प्रासंगिक आंकड़े कुछ हफ़्तों/ महीनों में मिल सकते हैं, जबकि पहले वर्षों लगते थे। सरकारी योजनाओं, संसाधन वितरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार आदि के निर्णय तेजी से और सही आधार पर बनेगे। संसदीय परिसीमन और वोटर प्रतिनिधित्व के लिए भी आंकड़े जल्दी उपयोग-योग्य होंगे। कागज़ के काम की जगह डिजिटल सिस्टम से समय और खर्च की बचत होती है। डेटा की सुरक्षा और गोपनीयता बेहतर तरीके से सुनिश्चित की जा सकती है। तकनीक के इस्तेमाल से देश को डिजिटल सक्षम डिज़ाइन मिलेगा,नागरिकों को अपनी जानकारी ऑनलाइन देने का विकल्प मिलेगा, जिससे सहभागिता बढ़ेगी।

### प्रमुख देशों में जनगणना के नियम

- संयुक्त राज्य अमेरिका में भी जनगणना अनिवार्य है। यहां पर हर 10 साल में जनगणना का प्रावधान है। इसमें भाग लेना कानूनी रूप से अनिवार्य है। ऑनलाइन, डाक और फील्ड सर्वे का इस्तेमाल किया जाता है। ब्रिटेन में भी हर 10 साल पर जनगणना होती है। जनगणना में भाग लेना कानूनी दायित्व है। यहां 2021 से मुख्यत: ऑनलाइन है। भाग ने लेने पर जुर्माना हो सकता है। पड़ोसी देश चीन में भी 10 साल में जनगणना करने का प्रावधान है जिसमें जन भागीदारी अनिवार्य है। डिजिटल के अलावा फील्ड सर्वे का माध्यम अपनाया जाता है। डेटा सार्वजनिक कम, सरकारी उपयोग अधिक किया जाता है। जापान में हर पांच साल में जनगणना होती है। कानूनी रूप से अनिवार्य है। ऑनलाइन, डाक और फील्ड, तीनों विकल्प अपनाए जाते हैं। फ्रांस में हर साल आबादी के एक हिस्से का सर्वे किया जाता है और 5 साल में पूरा देश कवर किया जाता है। जनगणना डिजिटल और स्थानीय प्रशासन द्वारा संचालित की जाती है। कनाडा में भी हर पांच साल पर ऑनलाइन तरीके से जनगणना होती है।

### तेज और सटीक प्रक्रिया

- जनगणना की प्रक्रिया दो चरणों में संपन्न होगी। प्रारंभिक चरण में जातिगत आंकड़े जुटाए जाएंगे। पहली बार मोबाइल एप के जरिए डाटा संग्रह होगा। केंद्रीयकृत पोर्टल के जरिए रियल टाइम निगरानी की जाएगी। इस अभियान में लगभग 30 लाख कर्मचारियों को लगाया जाएगा। जो घर-घर जाकर जनसंख्या की गणना करेंगे। इस बार डेटा इकट्ठा करना तेज, सटीक और तुरंत संभव होगा क्योंकि हर जानकारी सीधे सर्वर पर अपलोड होगी।

### कैसे होगी जनगणना

- जनगणना कमी मोबाइल एप के ज़रिए डेटा जमा करेंगे और नागरिक खुद भी वेब पोर्टल से जानकारी भर सकेंगे। डेटा को सुरक्षित रखने के लिए आधुनिक सुरक्षा उपाय अपनाए जाएंगे। घरों और भवनों को जीपीएस के ज़रिए टैग किया जाएगा ताकि डेटा का स्थान-आधारित विश्लेषण बेहतर हो। केंद्रीय पोर्टल के ज़रिए पूरा काम ट्रैक और मैनेज होगा।

# अमेरिकी सांसदों ने कहा-भारत पर लागू 50% शुल्क समाप्त करें ट्रंप

## तीन प्रभावशाली संसद सदस्यों ने प्रतिनिधि सभा में पेश किया प्रस्ताव

- कहा-इस गैर जिम्मेदाराना शुल्क के होंगे प्रतिकूल परिणाम

न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के तीन प्रभावशाली सांसदों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से भारतीय वस्तुओं पर लगाए गए 50 प्रतिशत शुल्क को खत्म के लिए कांग्रेस (अमेरिकी संसद) में एक प्रस्ताव पेश किया है। उन्होंने कहा है कि भारत के प्रति इस गैर-जिम्मेदाराना शुल्क रणनीति के प्रतिकूल परिणाम होंगे, जिससे यह महत्वपूर्ण साझेदारी कमजोर पड़ेगी।

उत्तर कैरोलाइना की प्रतिनिधि डेबोरा रॉस, टेक्सास के प्रतिनिधि मार्क वेसी और इलिनोइस के प्रतिनिधि राजा कृष्णमूर्ति ने शुक्रवार को प्रतिनिधि सभा में एक प्रस्ताव पेश किया, जिसमें भारत से आयात की जाने वाली वस्तुओं पर 50 प्रतिशत तक शुल्क लगाने के ट्रंप के फैसले को रद्द करने का अनुरोध किया गया है, ताकि व्यापार पर कांग्रेस के संवैधानिक अधिकार को बहाल करने में मदद मिले। ट्रंप ने भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत का शुल्क लगाया है, जो दुनिया में सबसे अधिक है। इसमें भारत की ओर से रूसी तेल की खरीद को लेकर उस पर लगाया 25 प्रतिशत का शुल्क भी शामिल है। प्रस्ताव में उस राष्ट्रीय आपातकाल आदेश को समाप्त करने का प्रावधान किया गया है, जिसे ट्रंप ने अंतर्राष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्तियां अधिनियम (आईईईपीए) के तहत भारतीय वस्तुओं पर व्यापक शुल्क लगाने के लिए लागू किया है।

रॉस ने कहा कि ट्रंप के फैसले के कारण भारत से आयात किए जाने वाले कई उत्पादों पर शुल्क बढ़कर 50 प्रतिशत हो गया है। कृष्णमूर्ति ने कहा कि भारत के प्रति ट्रंप की गैर-जिम्मेदाराना शुल्क रणनीति के प्रतिकूल परिणाम होंगे, जिससे एक महत्वपूर्ण साझेदारी कमजोर पड़ेगी। उन्होंने कहा कि अमेरिकी हितों या सुरक्षा को बढ़ावा देने के बजाय ये शुल्क आपूर्ति श्रृंखला को बाधित करते हैं, अमेरिकी श्रमिकों को नुकसान पहुंचाते हैं और उपभोक्ताओं के लिए लागत बढ़ाते हैं। अमेरिका इन शुल्क को समाप्त करके भारत के साथ मिलकर हमारी साझा आर्थिक और सुरक्षा आवश्यकताओं को आगे बढ़ाने में सक्षम होगा।




### ब्राजील ने आयात शुल्क निलंबित करने को कहा

**साओ पाउलो।** ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लुला दा सिल्वा ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से ब्राजीलियाई उत्पादों पर लगाए गए अतिरिक्त 40 प्रतिशत आयात शुल्क को तब तक के लिए निलंबित करने का आग्रह किया है, जब तक दोनों देशों के बीच विवाद सुलझाने के लिए व्यापार वार्ता जारी है। उपराष्ट्रपति जेराल्डो अल्कमिन ने कहा हमें इंतजार करना होगा।

### एच1बी वीजा : अधिक शुल्क पर 19 राज्यों ने किया केस

**न्यूयॉर्क/वॉशिंगटन।** अमेरिका के 19 राज्यों ने नए एच-1बी वीजा आवेदनों पर 1 लाख अमेरिकी डॉलर शुल्क लगाने के देश के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के फैसले को गैरकानूनी बताते हुए मुकदमा दायर किया है। राज्यों ने चेतावनी दी है कि इस कदम से स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और प्रौद्योगिकी जैसे प्रमुख क्षेत्रों में श्रमिकों की कमी और बढ़ जाएगी। न्यूयॉर्क की अटॉर्नी जनरल लेटिशिया जेम्स ने 18 अन्य अटॉर्नी जनरल के साथ मिलकर शुक्रवार को मैसाचुसेट्स जिले के अमेरिकी जिला न्यायालय में यह मुकदमा दायर किया। उन्होंने कानूनी अधिकार या उचित प्रक्रिया के बिना एच-1बी शुल्क में भारी बढ़ोतरी किए जाने को चुनौती दी है। एच-1बी वीजा कार्यक्रम के तहत उच्च कौशल वाले विदेशी पेशेवरों को अमेरिका में काम करने की अस्थायी रूप से अनुमति मिलती है और भारतीय नागरिक इसका व्यापक रूप से उपयोग करते हैं। मुकदमे में दलील दी गई है कि नए शुल्क से उन सरकारी और गैर-लाभकारी नियोक्ताओं के लिए व्यावहारिक रूप से मुश्किलें खड़ी हो जाएंगी जो स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, प्रौद्योगिकी और अन्य क्षेत्रों में आवश्यक सेवाएं प्रदान करने के लिए एच-1बी वीजा धारकों पर निर्भर हैं। मुकदमे में कहा गया है एच-1बी वीजा से प्रतिभाशाली चिकित्सकों, नर्स, शिक्षकों और अन्य कामगारों को हमारे देश के जरूरतमंद समुदायों की सेवा करने का अवसर मिलता है।



हैदराबाद के पास दुंडीगल स्थित वायु सेना अकादमी में 216वें बैच की संयुक्त दीक्षांत परेड के बाद उत्साहित फ्लाइट कैडेट्स।

### जासूसी में वायुसेना का सेवानिवृत्त जवान गिरफ्तार

**तेजपुर।** असम के सोनितपुर जिले में पाकिस्तानी जासूसों से कथित संबंधों के आरोप में भारतीय वायु सेना के एक सेवानिवृत्त जवान को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरिचरण भूमिज ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आरोपी ने सोशल मीडिया के माध्यम से पाकिस्तानी जासूस के साथ संवेदनशील दस्तावेज और जानकारी साझा की थी। पुलिस ने उसका लैपटॉप और मोबाइल फोन जब्त कर लिया है। भूमिज ने बताया कि उपकरणों को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है, हालांकि कुछ डेटा को डिलीट किया जा चुका है।

# भारतीय रक्षा बल बदलते परिवेश के लिए प्रतिबद्ध

हैदराबाद, एजेंसी

- वायुसैनिकों के संयुक्त दीक्षांत परेड में बोले सीडीएस चौहान

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने युद्ध और संघर्ष में एक बड़ी क्रांति के प्रारंभ होने का उल्लेख करते हुए शनिवार को कहा कि भारतीय रक्षा बल बदलते परिवेश के अनुकूल बनने और सुधारों को आत्मसात करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, ताकि वे हमेशा तैयार और प्रासंगिक बने रहें।

सीडीएस ने यहां डुंडिगल के पास वायुसेना अकादमी में आयोजित 216 कोर्स के कंबाइंड ग्रेजुएशन परेड (सीजीपी) को संबोधित करते हुए यह बात कही। जनरल चौहान ने कहा कि भारत की ताकत मजबूत संस्थानों, लोकतांत्रिक स्थिरता और सशस्त्र सेनाओं की अडिग पेशेवर क्षमता पर आधारित है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भले ही धीमा हो गया हो, लेकिन यह जारी है।

उन्होंने कहा कि आप (नए अधिकारी) भी ऐसे समय में भारतीय वायु सेना में शामिल हो रहे हैं जब एक नई सामान्य स्थिति पूरी तरह से स्थापित हो चुकी है। यह एक ऐसा युग है जिसमें चौबीसों घंटे उच्च स्तर की अभियानगत तत्परता की आवश्यकता है। ऑपरेशन सिंदूर भले ही धीमा पड़ गया हो, लेकिन यह जारी है।

# ईयू ने रूस की अचल संपत्तियों के हस्तांतरण पर लगाई रोक

ब्रुसेल्स, एजेंसी

- संघ के आर्थिक नुकसान को रोकने के लिए लिया फैसला

यूरोपीय संघ (ईयू) परिषद ने शुक्रवार को यूक्रेन में चल रहे संघर्ष का हवाला देते हुए रूस के केंद्रीय बैंक से संबंधित अचल संपत्तियों के किसी भी हस्तांतरण को प्रतिबंधित करने का फैसला किया है। परिषद ने एक बयान में कहा, यह फैसला ईयू की अर्थव्यवस्था को होने वाले नुकसान को सीमित करने के लिए तत्काल आधार पर लिया गया।

बयान में कहा गया है कि यह उपाय रूस के केंद्रीय बैंक की परिसंपत्तियों या भंडार के किसी भी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष हस्तांतरण के साथ-साथ 'रूस के केंद्रीय बैंक की ओर से या उसके निर्देश पर कार्य करने वाले किसी भी कानूनी व्यक्ति, संस्था या निकाय' से जुड़े लेनदेन पर प्रतिबंध लगाता है। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि यूरोपीय संघ के नेता अक्टूबर की यूरोपीय परिषद की बैठक में रूसी परिसंपत्तियों को स्थिर रखने के लिए प्रतिबद्ध थे।

### ड्रोन हमले में रूस में दो लोगों की मौत

**मॉस्को।** रूस के दक्षिण-पश्चिमी सारातोव क्षेत्र में ड्रोन हमले में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि यूक्रेन में बिजली प्रतिष्ठानों को निशाना बनाए जाने से कई इलाके अंधेरे में डूब गए। अधिकारियों ने शनिवार को बतायाा कि ये हमले ऐसे समय में हुए, जब रूस और यूक्रेन युद्ध समाप्त कराने के लिए अमेरिका के नेतृत्व में शांति वार्ता जारी है। सारातोव क्षेत्र के गवर्नर रोमन बुसार्गिन ने बताया कि ड्रोन हमले में एक इमारत क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि एक किंडरगार्टन और क्लीनिक की कई खिड़कियां टूट गईं। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने यूक्रेन के 41 ड्रोन मार गिराए।

# युद्धविराम कराने का ट्रंप का दावा दरकिनार थाईलैंड-कंबोडिया सीमा पर लड़ाई जारी

सुरिन (थाईलैंड), एजेंसी

थाईलैंड और कंबोडिया की सीमा पर शनिवार सुबह भी लड़ाई जारी रही। हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मध्यस्थ की भूमिका निभाते हुए घोषणा की थी कि उन्होंने दोनों देशों से युद्धविराम के लिए सहमति प्राप्त कर ली है। थाईलैंड के अधिकारियों ने कहा है कि वे युद्धविराम के लिए सहमत नहीं हैं, और कंबोडिया ने ट्रंप के दावे पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

कंबोडिया के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि थाईलैंड के लड़ाकू विमानों ने शनिवार सुबह हवाई हमले किए।



- थाईलैंड के लड़ाकू विमानों ने कंबोडिया पर किए हमले

थाईलैंड के विदेश मंत्री सिहासक फुआंगकेटकेओ ने शनिवार को कहा कि ट्रंप की कुछ टिप्पणियां स्थिति की सही समझ को नहीं दर्शाती हैं। उन्होंने कहा कि थाई सैनिकों को घायल करने वाली बारूदी सुरंग विस्फोट को ट्रंप द्वारा सड़क दुर्घटना के रूप में वर्णित करना गलत था और यह थाईलैंड के इस रुख को प्रतिबिंबित नहीं करता कि यह जानबूझकर की गई आक्रामकता थी। सिहासक ने कहा कि थाईलैंड पर विश्वास करने के बजाय, ट्रंप की जानबूझकर तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश करने वाले स्रोतों से मिली जानकारी को स्वीकार करने की इच्छा ने थाई लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है, क्योंकि हम खुद को इस क्षेत्र में अमेरिका का सबसे पुराना संधि सहयोगी मानते हैं - वास्तव में, हमें इस पर गर्व है। सात दिसंबर को हुई एक झड़प के बाद से बड़े पैमाने पर लड़ाई शुरू हुई।

### पाकिस्तान के दो विवि में संस्कृत का पाठ्यक्रम

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के दो विश्वविद्यालयों ने विभाजन के बाद पहली बार साझा विरासत का हवाला देते हुए संस्कृत में लघु पाठ्यक्रम शुरू किए हैं और भविष्य में गीता व महाभारत पढ़ाने की योजना बना रहे हैं। पंजाब लाहौर विश्वविद्यालय और लाहौर प्रबंधन विज्ञान विश्वविद्यालय ने इस शास्त्रीय भाषा में तीन महीने का पाठ्यक्रम शुरू किया है। शिक्षक भविष्य में शोध के लिए पंजाब विश्वविद्यालय में मौजूद संस्कृत पांडुलिपियों के महत्वपूर्ण संग्रह पर निर्भर हैं।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 14 दिसंबर, रविवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- पौष, पक्ष-कृष्ण पक्ष, दशमी 18 .49 तक तत्पश्चात एकादशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- हेमंत।
**चन्द्रबल**- मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
**ताराबल**- अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**-हस्त 20 .18 तक तत्पश्चात चित्रा।

**मेष** — आज दिन की शुरुआत कुछ तनावपूर्ण हो सकती है। अधूरे पड़े कार्यों को निपटाने में अधिक समय व्यतीत होगा। आपको कुछ विश्वासपात्र लोग धोखा देने की कोशिश कर सकते हैं। ससुराल पक्ष से शुभ समाचार मिलेंगे।

**वृष** — आज का दिन कुछ तनावयुक्त हो सकता है। आपके चरित्र का नकारात्मक पहलू उभर के सामने आ सकता है। प्रेमी जन से बहस तो बिल्कुल भी न करें। समय शांतिपूर्वक बिताएं। प्रियजन मौके पर आपका साथ नहीं देंगे।

**मिथुन** — आज व्यर्थ के कार्यों में समय बर्बाद न करें। अहंकार और अड़ियल रवैये के कारण शुभचिंतक आपसे दूरी बना सकते हैं। आप अतिशीघ्रता में कोई बड़ा निर्णय न लें। कार्यक्षेत्र की परिस्थितियां अनुकूल हैं। दोस्तों के साथ मनोरंजन का आनंद लेंगे।

**कर्क** — आज का दिन अत्यंत सकारात्मक रहेगा। आयात-निर्यात से जुड़े व्यवसायियों को बड़ी डील मिल सकती है। अपनी क्षमताओं का बेहतरीन उपयोग कर पाएंगे। विद्यार्थियों को पढ़ाई में बड़ी सफलता मिल सकती है।

**सिंह** — आज जीवनसाथी आपकी भावनाओं को पर्याप्त महत्व नहीं दे पा रहे हैं। महिलाएं घरेलू सामान की खरीदारी में धन खर्च होगा। कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारियों से बहस हो सकती है। रियल एस्टेट से जुड़े कारोबार में संभलकर निवेश करें।

**कन्या** — आज अपनी जीवनशैली को व्यवस्थित रखें। गूढ़ अनुसंधान में आप रुचि ले सकते हैं। जीवनसाथी के साथ संबंध मधुर होंगे। व्यवसाय में लाभ की संभावनाएं बनेंगी। साझेदारी में नया काम शुरू कर सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**तुला** — आज छोटी सी बात विवाद का रूप ले सकती है। मन में अपनी उपलब्धियों को लेकर असंतोष रहेगा। शाम के समय आप किसी देवालय में जा सकते हैं। आपको अपने खर्चों पर नियंत्रण रखना पड़ेगा। विद्युतीय उपकरणों में कुछ खराबी आ सकती है।

**वृश्चिक** — आज अपने कार्यक्षेत्र में कुछ परिवर्तन लाने का प्रयास करेंगे। प्रेम संबंधों को लेकर थोड़ा तनाव हो सकता है। आप अत्यधिक व्यस्त रहने के बावजूद अपनों को समय देंगे। मित्रों के साथ आप अच्छा समय बिताएंगे। आंखों की सेहत का ध्यान रखें।

**धनु** — आज आपकी दिनचर्या व्यवस्थित रहने वाली है। दांपत्य संबंधों में मधुरता रहेगी। उच्च अकादमिक जगत से जुड़े लोगों को बड़ी उपलब्धि मिल सकती है। नकारात्मक प्रवृत्ति के लोगों पर अधिक निर्भर न रहें। बच्चों के व्यवहार पर नजर बनाए रखें।

**मकर** — आज राजनीति से जुड़े लोगों को अपने वर्चस्व की चिंता रहेगी। आपकी भावनाओं का लोग गलत लाभ उठाने का प्रयास करेंगे। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। अध्यात्मिक प्रवृत्ति के लोगों से संपर्क हो सकता है।

**कुंभ** — आज अनावश्यक कार्यों में समय बर्बाद न करें। युवाओं की संगत बिगड़ सकती है। कला और साहित्य से जुड़े लोगों को कुछ परेशानियां होंगी। त्वरित प्रतिक्रिया देने के कारण व्यापार में नुकसान हो सकता है। उधार धन के लेन-देन से बचें।

**मीन** — आज व्यवसाय में अपने सहयोगियों के साथ महत्वपूर्ण चर्चा कर सकते हैं। दैनिक कार्यों में कुछ रुकावटें आएंगी। धार्मिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। स्वास्थ्य कुछ नरम हो सकता है। करियर को लेकर अत्यंत सजग रहेंगे। वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा।

## सुडोकू -1

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | | | 2 | 3 | | |
| 9 | | 7 | | | 1 | | | 8 |
| | 8 | | | | | 9 | 4 | |
| 5 | | 1 | | 7 | | | 3 | |
| | 4 | | 3 | | 6 | | 8 | |
| | 2 | | | 4 | | 7 | | 6 |
| | 9 | 6 | | | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | | 2 | | 5 |
| | | 2 | 8 | | | | | 3 |

### सुडोकू - 189 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 7 | 1 | 5 | 2 | 4 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 2 | 4 | 8 | 3 | 9 | 5 | 7 | 1 |
| 5 | 3 | 8 | 6 | 1 | 7 | 2 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 7 | 9 | 6 | 3 | 2 | 4 |
| 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 2 | 1 | 5 | 7 |
| 2 | 4 | 7 | 1 | 5 | 3 | 8 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 3 | 2 | 4 | 8 | 7 | 6 | 5 |
| 4 | 8 | 6 | 3 | 7 | 5 | 9 | 1 | 2 |
| 7 | 5 | 2 | 9 | 6 | 1 | 4 | 8 | 3 |



जब मैंने यह सुना, मिश्रित मार्शल आर्टिस्ट को एशियन गेम्स 2026 में शामिल किया गया है इसे लेकर मैं बहुत खुश और उत्साहित थी क्योंकि मुझे पता है कि एमएम को अब भारत में पहचान मिलनी शुरू हो जाएगी।

-पूजा तोमर


# स्टेडियम

हल्द्वानी, रविवार, 14 दिसंबर 2025

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## हाईलाइट



थाईलैंड की एल तरारुडी ने बैंकॉक में साउथईस्ट एशियन गेम्स के महिला टेनिस टीम फाइनल में इंडोनेशिया की जेनिस त्जेन के खिलाफ जबर्दश्त खेल दिखाया। एजेंसी

### मार्शल आर्ट के एशियाड में शामिल होने पर खुशी जताई

**नई दिल्ली :** अल्टीमेट फाइटिंग चैंपियनशिप (यूएफसी) में एक मुकाबला जीतने वाली प्रथम भारतीय मिश्रित मार्शल आर्टिस्ट (एमएमए) पूजा तोमर ने 2026 के ऐची-नागोया एशियन गेम्स में इस खेल को शामिल किए जाने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि इससे इस खेल को सरकारी समर्थन और पहचान मिलेगी। पूजा तोमर ने कहा मैं गारंटी दे सकती हूं कि अगर हमें सही समर्थन मिलना शुरू हो गया तो एमएमए भारतीय स्पोर्ट्स सेक्टर का एक बड़ा हिस्सा होगा और हम अगले 10 सालों में दुनिया भर के शीर्ष पांच देशों में शामिल होंगे।" अगली यूएफसी फाइट और प्रतिद्वंद्वी की घोषणा को लेकर पूजा ने अपनी तैयारियों के बारे में बताया, "मेरी अगली फाइट और प्रतिद्वंद्वी की घोषणा जल्द ही होने की उम्मीद है। मेरा अगला प्रतिद्वंद्वी शायद किसी पूर्वी एशियाई देश से होगी।

### गिरोना ने सोसिएदाद को 2-1 से हराया

**मैड्रिड :** यूक्रेन के स्ट्राइकर विक्टर त्सिगानकोव के आखिरी 15 मिनट में दो गोल की मदद से गिरोना ने स्पेन की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग में रीयाल सोसिएदाद पर 2-1 से जीत हासिल की। यह 'ला लीगा' के मौजूदा सत्र में प्रतिद्वंद्वी टीम के मैदान पर गिरोना की पहली जीत है। गोंकालो गुएडेस ने हाफ टाइम से 10 मिनट पहले एक शानदार स्ट्राइक के साथ सोसिएदाद के लिए गोल किया, लेकिन त्सिगानकोव ने आठ मिनट के अंदर (76वें और 84वें मिनट) दो गोल के साथ गिरोना को रेलीगेशन जोन (20 टीमों की तालिका में आखिरी दो स्थान) से बाहर निकाल दिया। इस जीत से गिरोना की टीम तालिका में 17वें स्थान पर पहुंच गयी। सोसिएदाद 14वें पायदान पर है।

### मिडफील्डर ऑस्कर ने लिया संन्यास

**रियो डी जनेरियो :** साओ पाउलो के मिडफील्डर ऑस्कर ने हृदय संबंधी बीमारी का पता चलने के बाद पेशेवर फुटबॉल से संन्यास ले लिया है। ब्राजील के ग्लोबो एस्पोर्टे की रिपोर्ट के अनुसार, 34 वर्षीय ऑस्कर ने अपने करीबी लोगों को अपने फैसले के बारे में बताया और पिछले महीने हुई एक घटना के बाद आगे की जटिलताओं का जोखिम न उठाने का फैसला किया, जिसके कारण उन्हें गहन चिकित्सा इकाई में रहना पड़ा था। ऑस्कर पिछले दिसंबर में चेल्सी और शंघाई पोर्ट के साथ सफल कार्यकाल के बाद तीन साल के अनुबंध पर अपने बचपन के क्लब साओ पाउलो में लौटे थे। जुलाई में चोटों के कारण वह इस साल केवल 21 मैच खेल पाए, जिसमें उन्होंने दो गोल किए। पूर्व ब्राज़ील इंटरनेशनल खिलाड़ी आने वाले दिनों में साओ पाउलो के अधिकारियों से मिलने की उम्मीद है ताकि 2027 तक चलने वाले अनुबंध को खत्म किया जा सके।

### हुड्डा, ईशारानी और जॉर्ज फाइनल में

**कटक :** शीर्ष वरीयता प्राप्त उन्नति हुड्डा और हमवतन ईशारानी बरुआ शनिवार को यहां ओडिशा मास्टर्स सुपर 100 बैडमिंटन टूर्नामेंट में सेमीफाइनल जीतकर महिला एकल फाइनल में एक दूसरे से भिड़ेंगी जबकि दूसरे वरीय किरण जॉर्ज पुरुष एकल खिताब के लिए इंडोनेशिया के मोहम्मद यूसुफ के सामने होंगे। 18 वर्षीय हुड्डा टूर्नामेंट के 2022 चरण और 2023 अबुधाबी मास्टर्स की विजेता रह चुकी हैं। उन्हें पूर्व जूनियर नंबर एक खिलाड़ी तसनीम मीर ने कड़ी चुनौती दी। लेकिन हुड्डा एक घंटे तक चले मुकाबले में 18-21, 21-16, 21-16 से जीत दर्ज करने में कामयाब रहीं। दूसरे सेमीफाइनल में असम की ईशारानी ने शानदार वापसी करते हुए तन्वी हेमंत को 18-21, 21-7, 21-7 से हराया। जॉर्ज ने सेमीफाइनल में रौनक चौहान को 21-19, 8-21, 21-18 से हराकर पुरुष एकल वर्ग के फाइनल में जगह बनाई।

# शुभमन की बल्लेबाजी पर रहेंगी नजरें

## दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरा टी-20 आजः सीरीज में बढ़त लेने के इरादे से उतरेगा भारत

**धर्मशाला, एजेंसी**

भारतीय टीम पांच मैचों की सीरीज के तीसरे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो सब की निगाहें शुभमन गिल की बल्लेबाजी पर होगी जो इस प्रारूप में खुद को साबित कर चुके संजू सैमसन की जगह लेने के बाद अपने प्रदर्शन से प्रभावित करने में नाकाम रहे है। गिल को सीरीज के बाकी बचे तीनों मैचों में एकादश में जगह मिलना लगभग तय है लेकिन उनके लिए चीजें आसान नहीं है। टी20 विश्व कप अब सिर्फ छह सप्ताह दूर है और यह सलामी बल्लेबाज इन मैचों में अगर लय हासिल करने में विफल रहा तो टीम दूसरी योजना पर काम करने का मन बना सकती है।

धर्मशाला में तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहने का पूर्वानुमान है और बर्फ से ढकी धौलाधार पर्वतमाला की पृष्ठभूमि में खेले जाने वाले मुकाबले से पहले भारतीय ड्रेसिंग रूम के भीतर माहौल गर्म होगा। कप्तान सूर्यकुमार यादव की लंबे समय से चली आ रही खराब लय पर सवाल उठ रहे हैं, जबकि उपकप्तान गिल अब तक भरोसा जगाने में नाकाम रहे हैं। संजू सैमसन जैसे स्थापित सलामी बल्लेबाज की कीमत पर टीम में शामिल किए गए गिल प्रभाव छोड़ने में संघर्ष करते नजर आए हैं। एनरिच नॉर्किया, मार्को यानसन, लुंगी एनगिडी, ओटनील बार्टमैन और लुथो सिपामला जैसे गेंदबाजों से सजी दक्षिण अफ्रीकी टीम की तेज गेंदबाजी आक्रमण पहले ही दिखा चुकी है कि भारतीय परिस्थितियों का कैसे फायदा उठाया जाए। धर्मशाला में परिस्थितियां तेज गेंदबाजों के अनुकूल होगी।

**समय**
**शाम 7: 00 बजे से**

दुनिया भर की मौजूदा टी20 टीमों को देखे तो दक्षिण अफ्रीका इस बार उपमहाद्वीप में खिताब जीतने के लिए काफी मजबूत और संतुलित नजर आ रहा है। क्विंटन डिकॉक की वापसी और उनके साथ कप्तान एडन मारक्रम, डेवाल्ड ब्रेविस, डोनोवन फरेरा, डेविड मिलर और हरफनमौला यानसन की मौजूदगी ने उनकी बल्लेबाजी को बेहद खतरनाक बना दिया है।

विश्व कप से पहले अब भारत के पास सिर्फ आठ मैच बचे हैं। ऐसे में मुख्य कोच गौतम गंभीर के सामने कठिन चुनौतियां हैं। खराब फॉर्म से जूझ रहे शीर्ष क्रम के दो बल्लेबाजों को एक साथ खिलाना शायद टीम के लिए जोखिम भरा साबित हो सकता है। कप्तान होने के नाते सूर्यकुमार यादव को एक साल से खराब फॉर्म के बावजूद विश्व कप तक कुछ हद तक सुरक्षा मिलने की संभावना है। लेकिन यह छूट गिल को मिलना मुश्किल है क्योंकि वह एशिया कप से पहले तक पारी का आगाज करने के लिए मूल विकल्प नहीं थे। छोटे प्रारूप की टीम में उनकी वापसी अब ऐसे फैसले की तरह दिख रही है, जिसमें बिना जरूरत एक संतुलित संयोजन से छेड़छाड़ की गई।



### ज्यादातर खिलाड़ी किसी भी क्रम पर बल्लेबाजी को तैयार : तिलक वर्मा

**धर्मशाला :** भारतीय बल्लेबाज तिलक वर्मा ने बल्लेबाजी क्रम में लचीलेपन पर जोर देने वाले टीम प्रबंधन से सहमति जताते हुए शनिवार को कहा कि अधिकांश खिलाड़ी मैच हालात को देखते हुए किसी भी क्रम पर बल्लेबाजी के लिये तैयार हैं। अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप के मद्देनजर भारत मध्यक्रम में प्रयोग कर रहा है। तिलक ने कहा कि इस प्रारूप में हालात के अनुकूल ढलना सबसे अहम है। उन्होंने मैच की पूर्व संध्या पर प्रेस कांफ्रेंस में कहा सलामी बल्लेबाजों को छोड़कर सभी किसी भी क्रम पर खेल सकते हैं। मैं तीसरे से छठे नंबर तक कहीं भी खेल सकता हूं, जहां टीम को मेरी जरूरत हो। उन्होंने कहा हर टीम को लगता है कि कोई फैसला रणनीति की दृष्टि से जरूरी है तो सभी उसके साथ होते हैं। तिलक ने कहा कि ऐसे फैसले हालात को देखकर लिये जाते हैं। उन्होंने कहा एक मैच खराब हो सकता है। अक्षर पटेल ने यहां अच्छा प्रदर्शन किया। यह हालात पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि ठंडे मौसम के बावजूद धर्मशाला की पिच बल्लेबाजों की मददगार हो सकती है। उन्होंने कहा मैं यहां पहले भारत के लिये अंडर 19 श्रृंखला खेल चुका हूं। हम विकेट को देख रहे हैं और लगता है कि काफी रन बनेंगे। शाम सात बजे शुरू होने वाले मैच में ओस की भूमिका के लिये टीम मानसिक तौर पर तैयार है। तिलक ने कहा टॉस हमारे हाथ में नहीं है। हम ओस की चुनौती का सामना करने के लिये तैयार हैं और हल्की गीली गेंद से अभ्यास किया है। यहां मौसम काफी ठंडा है लेकिन हम शारीरिक और मानसिक तौर पर तैयार हैं। मानसिक रूप से मजबूत लोग हर जगह जीतते हैं।



### टीम

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, जितेश शर्मा, अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, कुलदीप यादव, वाशिंगटन सुंदर, हर्षित राणा, संजू सैमसन।

**दक्षिण अफ्रीका :** एडेन मारक्रम (कप्तान), क्विंटन डिकॉक (विकेटकीपर), ट्रिस्टन स्टब्स, डेवाल्ड ब्रेविस, डेविड मिलर, डोनोवन फरेरा, मार्को यानसन, केशव महाराज, लूथो सिपामला, एनरिक नोर्किया, लुंगी एनगिडी, जॉर्ज लिंडे, क्वेना मफाका, रीजा हेंड्रिक्स, कॉर्बिन बॉश, ओटनील बार्टमैन।



अभ्यास सत्र के दौरान कप्तान सूर्यकुमार यादव। एजेंसी

## बल्लेबाजों की रणनीति कमजोर दिखी: उथप्पा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- बोले-बड़े लक्ष्य का पीछा करते समय मजबूत बल्लेबाजी क्रम का सही से इस्तेमाल नहीं हो रहा

पूर्व भारतीय बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा ने बड़े लक्ष्य का पीछा करते समय भारत की बल्लेबाजी रणनीति में भूमिका को लेकर स्पष्टता की कमी की ओर इशारा करते हुए कहा कि पारी की शुरुआत में अत्यधिक लचीलेपन के कारण रन बनाना मुश्किल हो जाता है। भारतीय टीम बृहस्पतिवार को मुल्लनपुर में खेले गए दूसरे टी20 मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 214 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 19.1 ओवर में 162 रन पर आउट हो गयी। इस 51 रन की हार के साथ पांच मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर हो गई।

उथप्पा ने कहा कि समस्या शुरुआती विकेट गिरने की नहीं थी, बल्कि शुभमन गिल के आउट होने के बाद अपनाई गई रणनीति की थी। भारत के पास मजबूत बल्लेबाजी क्रम है लेकिन टीम ने उसका इस्तेमाल अच्छे से नहीं किया। उन्हों 'जियो हॉटस्टार' पर



कहा शुभमन गिल आउट हुए तो अक्षर पटेल बल्लेबाजी करने आए। उस समय उन्हें एक ऐसे बल्लेबाज की भूमिका निभानी थी जो जोखिम उठाकर बल्लेबाजी करें और तेजी से रन बनाकर अभिषेक शर्मा पर से दबाव कम कर सके। उथप्पा का मानना था कि अक्षर की धीमी गति से खेली गई 21 रनों की पारी दबाव कम करने में विफल रही, जिससे उनके आसपास विकेट गिरने लगे और रणनीति में बदलाव करना पड़ा। इससे लक्ष्य का पीछा करना और धीमा हो गया।

## पेस और भूपति कोर्ट पर एक साथ दिखे

**अहमदाबाद, एजेंसी**

क्लियर प्रीमियम वॉटर द्वारा प्रायोजित टेनिस प्रीमियर लीग के चौथे दिन भारतीय टेनिस दिग्गज लिएंडर पेस जीएस दिल्ली एसेस के ब्रांड एंबेसडर के रूप में और एसजी पाइपर्स बेंगलुरु के मुख्य कार्यकारी महेश भूपति अपनी टीम के समर्थन में लीग के चारकोल ग्रे कोर्ट पर एक साथ दिखे।

इस जोड़ी ने एक साथ तीन ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं और एक जोड़ी के तौर पर वर्ल्ड नंबर 1 बने हैं और वे लंबे समय से लीग को सपोर्ट कर रहे हैं। इस दौरान अपनी खुशी इजहार करते हुए पेस ने कहा अहमदाबाद में होना बहुत अच्छा लग रहा है। सबसे पहले तो मौसम शानदार है और यहां टेनिस प्रीमियर लीग की भव्यता देखना पूरे देश में टेनिस का विस्तार करने और उसे लोकप्रिय बनाने के सपने का हिस्सा है। उन्होंने कहा मैं सानिया, रोहन, महेश और उन



सभी सितारों का बहुत आभारी हूं जो लीग को सपोर्ट करते हैं। जब आप खिलाड़ियों को देखते हैं, तो हमने जूनियर्स, प्रोफेशनल्स, लड़के और लड़कियों को एक साथ लाने में कामयाबी हासिल की है और इसमें एक अंतरराष्ट्रीय फ्लेवर भी जोड़ा है। टेनिस जगत के पूरे समुदाय का यहा एक साथ आना खास है। दिन के तीसरे मैच में एसजी पाइपर्स बेंगलुरु ने जीएस दिल्ली एसेस को 49-51 से हराया। जीएस दिल्ली एसेस 211 अंकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर है। सीजन और अपनी टीम के प्रदर्शन के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा सीजन बहुत अच्छा चल रहा है। मैं अपनी टीम के प्रति थोड़ा पक्षपाती हूं। दिल्ली एसेस अभी शीर्ष पर है लेकिन अभी बहुत सारा टेनिस बाकी है।

## भारत ने एशियाई युवा पैरा गेम्स में जीते 18 पदक

**दुबई :** भारतीय पैरा एथलीटक दल ने एशियाई युवा पैरा गेम्स दुबई 2025 अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में 18 पदक जीतकर शनिवार को अपने अभियान का समापन किया। दुबई में 10 से 13 दिसंबर तक चले इस टूर्नामेंट के पांचवें संस्करण में भारत ने आठ स्वर्ण, चार रजत और छह कांस्य पदक जीते।

2025 एशियाई युवा पैरा गेम्स में तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, तैराकी, ताइक्वांडो, बोकिया, गोलबॉल, टेबल टेनिस, पावरलिफ्टिंग, व्हीलचेयर बास्केटबॉल और आर्मरेसलिंग सहित 11 खेल शामिल थे। इनमें से आठ खेलों में भारतीय एथलीटों ने भाग लिया। जतिन आजाद और शिवम यादव एमडी- एसयू 5, जतिन आजाद एमएस एसयू- 5, शिवम यादव और तुलिका जाधव एक्सडी - एसयू5 और एसएल 3, हर्षित चौधरी और कार्तिक सुहाग एमस - एसएल 4 - एसएल 3, शांतिया विश्वनाथन डब्लयूएस -एसयू-5 में स्वर्ण पदक जीते।

### खुशी का इजहार




वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर के रेनोवेशन की चौथी सालगिरह के मौके पर एक जुलूस में आईसीसी महिला वनडे विश्व कप जीतने वाली टीम की तरह पोशाक पहने युवतियों ने हिस्सा लिया। • एजेंसी

## बांग्लादेश ने अफगानिस्तान को तीन विकेट से हराया

**दुबई :** सलामी बल्लेबाज जवाद अबरार (96) और रिफत बेग (62) की शतकीय साझेदारी की बदौलत बांग्लादेश ने शनिवार को अंडर-19 एशिया कप ग्रुप बी मुकाबले में अफगानिस्तान को तीन विकेट से हरा दिया।

284 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश के लिए सलामी बल्लेबाज जवाद अबरार और रिफत बेग ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए पहले विकेट के लिए 151 रन जोड़े। पहले विकेट के रूप में रिफत बेग 68 गेंदों में 62 रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद शतक की ओर बढ़ रहे जवाद अबरार को 112 गेंदों में नौ चौके और छह छक्के उड़ाते हुए 96 रन बनाकर पवेलियन लौट गए।

दोनों सलामी बल्लेबाजों को रूहल्लाह अरब ने आउट किया। कप्तान अजीजुल हकीम (44) रन बनाकर आउट हुए। 49वें ओवर की पांचवीं गेंद पर शहरयार अहमद ने विजयी रन बनाया।

**यादगार पल** — कोलकाता के प्रवेश द्वार पर स्थापित प्रतिमा में वे पकड़े हुए हैं 2022 फीफा विश्व कप

# मेसी ने अपनी 70 फीट ऊंची प्रतिमा का किया अनावरण

**कोलकाता, एजेंसी**

2022 फीफा विश्व कप विजेता अर्जेंटीना की टीम का हिस्सा रहे लियोनेल मेसी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के प्रवेश द्वार पर दुनिया की सबसे ऊंची 70 फीट की लोहे की अपनी फुटबॉलर प्रतिमा का अनावरण किया। अर्जेंटीना के महान खिलाड़ी के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक निजी जेट से सुबह-सुबह पहुंचने के कुछ घंटों बाद उन्होंने हयात होटल से रिमोट कंट्रोल के जरिए वीआईपी रोड पर स्थित अपनी प्रतिमा का वर्चुअली अनावरण किया।

इस दौरान कई इंटर मियामी खिलाड़ी और हिंदी फिल्म सुपरस्टार शाहरुख खान मौजूद थे। यह प्रतिमा, 2022 फीफा विश्व कप पकड़े हुए मेसी की एक तस्वीर की प्रतिकृति है, जिसे कारीगर मिंटू पाल ने 40 दिनों में पूरा किया था और इसे लेक टाउन के चौराहे पर बिग बेन क्लॉक टॉवर के पास स्थापित किया गया था। पश्चिम बंगाल के अग्निशमन विभाग के मंत्री सुजीत बोस ने दावा किया कि यह खड़ी प्रतिमा दुनिया में किसी भी फुटबॉलर की सबसे ऊंची प्रतिमा है।





कोलकाता में कार्यक्रम के दौरान लियोन मेसी। प्रतिमा के पास फोटो खिंचवाते प्रशंसक। एजेंसी

### दूसरे चरण के लिए हैदराबाद पहुंचे

**हैदराबाद :** अर्जेंटीना के महान फुटबॉलर लियोनेल मेसी 'जीओएटी भारत दौरा 2025' की कोलकाता में खराब शुरुआत के बाद दूसरे चरण के लिए शनिवार की शाम को यहां पहुंच गए। निजामों के शहर में उनके कार्यक्रम की शुरुआत शाम सात बजकर 50 मिनट पर हुई। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मुलाकात की।

### लियोनेल ने रेवंत रेड्डी की टीम के साथ खेला प्रदर्शनी मैच

**हैदराबाद :** भारत दौरे पर आए दिग्गज फुटबाल खिलाड़ी लियोनेल मेसी ने शनिवार को तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की टीम के साथ प्रदर्शनी मैच खेला1 आज यहां राजीव गांधी स्टेडियम में रेवंत रेड्डी-9 और मेसी ऑलस्टार्स के बीच प्रदर्शनी मैच खेला गया। इस दौरान वह करीब एक घंटे तक वहां रहे। लियोनेल मेसी ने शो के आखिरी में हैदराबाद के वहां मौजूद दर्शकों का धन्यवाद भी दिया। उन्होंने ने स्टेडियम में मौजूद दर्शको की ओर कुछ बॉल भी किक मारी और मैदान में काफी देर तक खिलाड़ियों के साथ फुटबॉल भी खेला। उन्होंने प्रदर्शनी मैच में हिस्सा लिए खिलाड़ियों को ट्रॉफी भी दी और उनके साथ फोटो भी खिचवाई। इससे पहले म्यूजिकल नाइट के बाद लेजर शो हुआ।

## फीफा विश्व कप टिकट के लिए 50 लाख आवेदन

**ज्यूरिख, एजेंसी**

अगले साल होने वाले फीफा वर्ल्ड कप 2026 के लिए टिकट बिक्री के तीसरे चरण शुरू होने के 24 घंटे अंदर दुनिया भर से 50 लाख टिकटों के लिए आवेदन प्राप्त हुए है। फीफा ने शनिवार को बताया कि 200 से अधिक देशों और क्षेत्रों के फुटबॉल प्रशंसकों ने फीफाडॉटकॉम/टिकटस के माध्यम से 50 लाख टिकटों की मांग के आवेदन प्राप्त हुए है।



कनाडा, अमेरिका और मैक्सिको में 11 जून से 19 जुलाई तक होने वाले इस 48-टीमों के इस टूर्नामेंट को देखने के प्रति प्रशंसकों के उत्साह को दिखाता है। शुरुआती आंकड़े ग्रुप-स्टेज के शानदार मुकाबलों के लिए जबरदस्त दिलचस्पी दिखाते हैं, जिसमें कोलंबिया बनाम पुर्तगाल (मियामी, 27 जून) अब तक रैंडम सिलेक्शन ड्रॉ अवधि के दौरान सबसे अधिक डिमांड वाला मैच बनकर उभरा है।

ब्राजील बनाम मोरक्को (न्यूयॉर्क न्यू जर्सी, 13 जून), मैक्सिको बनाम कोरिया गणराज्य (ग्वाडलजारा, 18 जून), इक्वाडोर बनाम जर्मनी (न्यूयॉर्क न्यू जर्सी, 25 जून), और स्कॉटलैंड बनाम ब्राजील (मियामी, 24 जून) टॉप पांच मैचों में शामिल हैं। टिकट आवेदन के लिए 24 घंटे बाद तीनों मेजबान देश सबसे आगे रहे। इसके आलवा अगले शीर्ष दस देशों में कोलंबिया, इंग्लैंड, इक्वाडोर, ब्राजील, अर्जेंटीना, स्कॉटलैंड, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस और पनामा हैं।